| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | ~81,765.86 |
| निफ्टी | ~24,708.40 |
| सोना | ~77,890 |
| चांदी | ~92,000 |
| डॉलर | ~84.68 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
PMG
हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024
मार्गशीर्ष शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 74
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

# फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री...

## शिंदे और अजित पवार को उपमुख्यमंत्री का जिम्मा...शपथ समारोह में पीएम मोदी समेत राजनीति, कार्पोरेट, फिल्म और खेल क्षेत्र के 200 वीआईपी भी कार्यक्रम पहुंचे

### थपथ ग्रहण में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

मुंबई। विधानसभा चुनाव परिणाम के 13 दिन बाद महाराष्ट्र में नई सरकार बन गई है। इस शपथ ग्रहण समारोह को एनडीए का शक्ति प्रदर्शन माना गया। दरअसल, चुनाव जीतने के बाद ...
जिस तरह खींचतान मची हुई थी, उसव
हमलावर रहा। लेकिन विपक्ष के तमाम द
दरकिनार कर तय समय और तय स्थान
समारोह हुआ। देवेंद्र फडणवीस ने 10
बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा
भाजपा के पहले नेता हैं। शपथ के बाद
नरेंद्र मोदी के पास गए और अभिनंदन कि
के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डि
की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बा
और आनंद दिघे का नाम लिया। प्रधान
अमित शाह को धन्यवाद दिया। वे राज्य
सीएम के बाद डिप्टी सीएम बने। शिंदे
अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली
सीएम बने हैं। वह महायुति और महाविक
सरकार में डिप्टी सीएम रहने वाले महाराष्ट्र

शपथ समारोह मुंबई के आजाद मैदान
जो करीब 30 मिनट तक चला। राज्यपाल
तीनों नेताओं ने मराठी में शपथ ली। श
अपनी एकजुटता का प्रदर्शन भी किया। क्य
पीएम मोदी, अमित शाह, नितिन गडकरी
कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत एनडीए शा
और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और
शामिल हुए। शपथ समारोह में सचिन
शाहरूख खान, सलमान खान, संजय दत्त,
कपूर, रणवीर सिंह समेत 200 वी
कार्यक्रम भी पहुंचे।



#### इस बार टेस्ट मैच जैसी पारी- फडणवीस

महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद महायुति सरकार की पहली कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। वहीं इस बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, इस बार टेस्ट मैच जैसी पारी होगी। हम महाराष्ट्र को हर क्षेत्र में आगे ले जाएंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने लाडली बहन योजना की धनराशि में बढोत्तरी की है।

#### कैबिनेट में ज्यादा बदलाव नहीं होगा

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ कहा, राज्य के कैबिनेट में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। जबकि 9 दिसंबर को राज्य के नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

#### महायुति ने 230, एमवीए ने 46 सीटें जीतीं

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को रिजल्ट आया। महायुति को 230 सीटें मिलीं। इसमें भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और एनसीपी को 41 विधायक जीते। वहीं महाविकास अघाड़ी को 46 और अन्य को 12 सीटें मिलीं। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) 20, कांग्रेस 16 और शरद पवार की एनसीपी को 10 सीटों पर जीत मिली। बहुमत का आंकड़ा 145 है।

#### आजाद मैदान में सजे तीन मंच

मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन मंच सजाए गए थे। इनमें से पहला मंच मुख्य शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनाया गया था जबकि दूसरा मंच धार्मिक गुरुओं के लिए था और तीसरा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था।

#### बोन मैरो ट्रांसप्लांट के मरीज की अर्थिक मदद

वहीं अपने पहले फैसले में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे मरीज के लिए सहायता को मंजूरी दी है। बता दें कि, पदभार संभालने के बाद अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे एक मरीज के लिए पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जानकारी के मुताबिक, पुणे में रहने वाले चंद्रकांत कुर्हाड़े की पत्नी ने अपने पति के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री ने पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने से पहले फाइल पर अपने हस्ताक्षर किए।

#### उद्योगपति और सेलेब्रिटी भी पहुंचे

महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के साथ ही फिल्मी दुनियां की हस्तियां भी शामिल हुईं। इनमें बॉलिबुड के किंग खान शाहरुख खान, दबंग हीरो सलमान खान और संजय दत्त के साथ ही दुनियां के मशहूर क्रिकेटर रहे सचिन तेंदुलकर जैसी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं हैं।

## खास खबर

### पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी आप में शामिल

नई दिल्ली। पद्म श्री जितेन्द्र सिंह शंटी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जितेंद्र सिंह शंटी साल 2013 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं। राम निवास गोयल के इस्तीफे के बाद उन्हें शाहदरा से टिकट मिलना तय माना जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व भाजपा विधायक जितेन्द्र सिंह शंटी का आम आदमी पार्टी में शामिल होने का एलान किया। केजरीवाल ने कहा कि जितेंद्र को एम्बुलेंस मैन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 70,000 से अधिक शवों का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार कराया है। कोविड काल के दौरान जब लोग अपने परिवार के सदस्यों के शव लेने में हिचकिचा रहे थे, तब उन्होंने शव स्वीकार किए और अंतिम संस्कार किया। वह भी कोविड का शिकार हो गए, यहां तक कि जब उनका परिवार भी कोरोना से संक्रमित हुआ, तब भी उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। इसके लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं। उनके शामिल होने से आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### जिसकी एक महीने बाद होनी है शादी उसकी बताए बगैर कर दी नसबंदी

मेहसाणा । उत्तर गुजरात के मेहसाणा से एक चौंका देनेवाला मामला सामने आया है। मेहसाणा जिले में रहनेवाले एक युवक की एक महीने बाद शादी होनी तय है, लेकिन उससे पहले उसकी नसबंदी कर दी गई। पीड़ित युवक का आरोप है कि उसे बगैर कुछ बताए उसकी नसबंदी की गई। मेहसाणा जिले के नवी सेढावी गांव के निकट रहनेवाले युवक का आरोप है कि 29 नवंबर को उसे बहला-फुसलाकर गांधीनगर के अडालज सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। जहां उसे कुछ भी बताए बगैर उसकी नसबंदी का ऑपरेशन कर दिया गया। पीड़ित युवक के मुताबिक वह मजदूरी काम कर जीवनयापन करता है। एक महीने बात युवक की शादी होना तय है उससे पहले उसकी नसबंदी होने से उसका वैवाहिक जीवन दांव पर लग गया है। घटना को लेकर अडालज सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी का बयान सामने आया है। जिसमें कहा गया है कि वह केवल ऑपरेशन थियेटर की सुविधा मुहैया कराते हैं।

### थाना मजीठा में फेंका गया ग्रेनेड

अमृतसर। अमृतसर में बुधवार देर रात करीब 11 बजे जिला देहाती में आने वाले थाना मजीठा के अंदर एक अज्ञात शख्स ने हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। ग्रेनेड थाने के बिल्कुल अंदर खुली जगह पर फेंका गया, जिसके बाद जबरदस्त धमाका हुआ। हरकत में आई पुलिस ने तुरंत थाने के गेट बंद कर लिए। हैंड ग्रेनेड से हुए हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी हैप्पी पसिया ने ली है। हैप्पी पस्सियां ने ही कुछ दिन पहले अजनाला थाने के बाहर आईडी रखवा कर थाने को उड़ाने की योजना बनाई थी

### नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है। दरअसल, बुधवार शाम को सीएम योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा।

#### केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ठेकेदारों को चेतावनी

## ठीक से काम नहीं किया तो बुलडोजर के नीचे डाल देंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में अपने मंत्रालय से जुड़े कार्यों और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान गडकरी ने सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सडक़ परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर भी जवाब दिया।

दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाई थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ठेकेदारों और अफसरों पर कार्रवाई और जांच रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री से जानकारी मांगी थी। इस पर गडकरी ने कहा, यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे है और वैश्विक स्तर पर सबसे कम समय में बनाया गया है। इसकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि लेयर में फर्क आया है, लेकिन मैटेरियल में बदमाशी नहीं हुई है। कुछ जगह पर लेयर जरूर दब गई है, जिसका पता



चला। हमने इसको सुधारने के लिए कहा था, जिसे सुधारा गया है। जहां लेयर में फर्क आया है, उसके लिए 4 ठेकेदारों को हमने जिम्मेदार ठहराया और उनको नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। जो अधिकारी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

#### छह महीने तक कोई टेंडर नहीं भर सकेगा

गडकरी ने कहा कि अगर ऐसे क्वालिटी से जुड़ा खराब काम कॉन्ट्रैक्टर करता है तो वो छह महीने तक कोई टेंडर नहीं भर सकेगा। ऐसी नीति हमने बनाई है और अधिकारी जो हैं, उनको भी विशेष रूप से इसमें कार्रवाई कर के नौकरी से सस्पेंड करेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेरे विभाग ने 50 लाख करोड़ के कार्य किए हैं। किसी भी कॉन्ट्रैक्टर को अपने कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंत्रालय नहीं आना पड़ा। हम पारदर्शी हैं, समय सीमा को लेकर प्रतिबद्ध हैं और नतीजे चाहते हैं। मैं सार्वजनिक सभा में कह चुका हूं कि अगर कॉन्ट्रैक्टर काम नहीं करेगा तो बुलडोजर के नीचे उसको डलवा देंगे, याद रखना। इस साल देखो कॉन्ट्रैक्टर को कैसे ब्लैक लिस्ट करवाते हैं। इनको बिल्कुल ठोक पीट कर सीधा कर देंगे। हम किसी के साथ कॉम्प्रोमाइज नहीं करते हैं।

#### सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर जताई चिंता

गडकरी ने लोकसभा में सडक़ दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि तमाम कोशिशों के बावजूद देश में सडक़ हादसों की वजह से एक साल के अंदर 1.68 लाख लोगों की मौत हुई है। इन दुर्घटनाओं में मरने वालों में 60 फीसदी युवा थे। उन्होंने सदन में कहा कि यह स्थिति दुखद है और इसे रोकने के लिए समाज को सहयोग करना होगा। गडकरी ने कहा, "दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कोशिश करने के बावजूद एक साल में 1.68 लाख मौत हुई हैं। ये लोग दंगों में नहीं, सडक़ हादसों में मारे गए।" उन्होंने कहा कि मरने वालों में 60 फीसदी लडक़े-लड़कियां थे।

## हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार, 11 मंत्रियों ने शपथ ली

रांची। हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के 6 दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। नई सरकार में 5 मंत्रियों को रिपीट किया गया है। जबकि, जेएमएम और कांग्रेस ने अपने 50 प्रतिशत मंत्रियों को बदला है। खास बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार फारवर्ड कोटे से मंत्री नहीं बनाया गया है। इससे पहले एक या दो मंत्री हमेशा फारवर्ड कोटे से बनते रहे हैं। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथिलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गए हैं। इसके बाद इंडिया ब्लॉक ने फारवर्ड कोटे को खत्म कर दिया है। जानकार मानते हैं कि फारवर्ड भाजपा के परंपरागत वोटर हैं। इस वजह से भी हेमंत सोरेन सरकार ने महत्व नहीं दिया। हालांकि, इस कोटे से मंत्री पद की रेस में चुन्ना सिंह और अनंत देव प्रताप का नाम



चर्चा में था। मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक विधायक मंत्री बने हैं। जेएमएम के हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली। बाकी 10 मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को अकेले ही मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

#### जेएमएम ने 3 मंत्रियों को किया रिपीट, 3 नए चेहरे

जेएमएम ने नई कैबिनेट में तीन मंत्रियों को रिपीट किया है। चाईबासा से विधायक दीपक बिरुवा, घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन और मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन अंसारी इस बार भी मंत्री बने हैं। तीनों हेमंत सोरेन की पिछली सरकार में मंत्री थे।

## भारत और पाकिस्तान ने मिलकर बचाई 12 की जान

मुंबई। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और पाकिस्तानी मरीन सिक्योरिटी एजेंसी (एमएसए) ने मिलकर एक अभूतपूर्व बचाव मिशन को अंजाम दिया है। इस मिशन के तहत 04 दिसंबर को भारतीय नाव एमएसवी एआई पिरानपीर के 12 नाविकों को बचाया गया है।

यह नाव पोरबंदर, भारत से ईरान के बंदरगाह अब्बास जा रही थी, जब खराब समुद्री मौसम के कारण नाव की स्थिति बिगड़ने लगी। नाव पर सवार क्रू मेंबर्स ने डूबने की सूचना देते हुए एक आपातकालीन कॉल किया, जिसे भारतीय तटरक्षक बल के मुंबई स्थित एमआरसी सेंटर ने रिसीव किया। इसके बाद भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और पाकिस्तानी एमएसए ने मिलकर डूब रहे भारतीय नाव एमएसवी एआई पिरानपीर से 12 लोगों को बचा लिया। खास बात यह है कि पाकिस्तानी कोस्ट गार्ड ने भी अपने शिप और एयरक्राफ्ट को मदद के लिए भेजा। उस समुद्री इलाके में मौजूद अन्य जहाजों और नावों को भी इसकी सूचना दी गई और इसी के साथ डूब रही नाव के लोगों को बचाने का प्रयास किया गया।

#### हेमा मालिनी ने संसद में उठाया मुद्दा बोलीं-

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। उनके घरों और प्रतिष्ठानों को जलाए जाने की खबरें भी आ रहीं है। अब यह मुद्दा भारतीय संसद में भी उठाया जा रहा है। भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू संत चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी की बुधवार को संसद में निंदा की। लोकसभा में शून्य काल के दौरान हेमा मालिनी ने कहा, कि मैं स्वयं कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं। मैं कृष्ण की पावन नगरी मथुरा की प्रतिनिधि हूं। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह विदेश नीति का विषय नहीं है, बल्कि हमारी भावना



का विषय है। बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। बाद में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने सरकार से अनुरोध किया है कि वह कार्रवाई करे और हमारे इस्कॉन भक्तों, हिंदू भाइयों को सुरक्षा दे। हम चुप नहीं रह सकते। यह कूटनीति का मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारी भावनाओं और श्री कृष्ण के प्रति भक्ति से जुड़ा है। असम के दारांग-उदलगुड़ी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा सदस्य दिलीप सैकिया ने कहा, कि हम चाहते है कि संसद एक प्रस्ताव पारित करे, जिससे बांग्लादेश सरकार को संदेश दिया जा सके कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार पूरी तरह से बंद हो।

#### प्रदूषण पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली सरकार को फटकार

## आप चाहते हैं कि मजदूर भूखे मरें

नई दिल्ली। दिल्ली के वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरूवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकर को फटकार लगाई। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव से पूछा- क्या आपने हमारे आदेश के बाद निर्माण श्रमिकों को खुद को रजिस्टर्ड कराने के लिए एक भी नोटिस जारी किया? इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि वह संबंधित विभाग के सचिव से इस बारे में पूछेंगे। हालांकि आदेश के बाद कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि पोर्टल पर रजिस्टर्ड 90693 श्रमिकों को 2 हजार रुपए के हिसाब से प्रत्येक मजदूर को भुगतान किया गया है, शेष 6 हजार राशि का भुगतान भी जल्द किया जाएगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि सिर्फ 2000 रुपये दिए गए? बाकी पैसे मजदूरों को क्यों नहीं दिए गए,



आप चाहते हैं कि मजदूर भूखे मरें? ये अदालत की अवमानना है, हम अवमानना नोटिस जारी करेंगे। अगर आपके बयान झूठे साबित हुए तो आप जान लीजिए कि नतीजे क्या होंगे?

कोर्ट ने पूछा कि तो फिर क्या रास्ता है? इस पर चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे। हमने निर्माण श्रमिकों को रोजगार देने वाली एजेंसियों को सूचित किया है। यूनियनों को सूचित किया गया है। कोर्ट ने पूछा कि कितनी यूनियनों को सूचित किया गया और कब? इसके जवाब में मुख्य सचिव ने कोर्ट से कहा कि 35 यूनियनों को सूचित किया गया।

#### सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली सरकार को चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि क्या हमें आपके बयान को रिकॉर्ड पर लेना चाहिए कि दिल्ली में केवल 90 हजार कंस्ट्रक्शन वर्कर्स हैं? अगर यह झूठा पाया जाता है तो इसका परिणाम आप जानिए। दिल्ली चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि हम इसे फिर से वेरिफाई करेंगे। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आपको पता ही नहीं है कि 90 हजार के अलावा और भी कई कर्मचारी हैं, दिल्ली सरकार ने पता लगाने की कोई कोशिश भी नहीं की।

## इसरो ने फिर रचा इतिहास : प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अपनी तकनीकी क्षमता और वैश्विक साझेदारी की मिसाल पेश करते हुए इतिहास रचने जैसा काम कर दिया है। गुरुवार शाम 4ः04 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग की गई। यह मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के सहयोग से सूर्य के कोरोना के बीच के रहस्यमयी हिस्से की गहन अध्ययन करेगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 5 दिसंबर गुरुवार शाम 4ः04 बजे प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग कर एक और बड़ी उपलब्धि




हासिल कर ली है। यह लॉन्चिंग पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड-1 से की गई। यह मिशन इसरो और यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) का साझा प्रयास है, जिसमें सौर अध्ययन के लिए विशेष तकनीक से लैस दो सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया है।

प्रोबा-3 मिशन में दो सैटेलाइट्स—कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट और ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट—को अंतरिक्ष में 600 बाई 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया। ये दोनों सैटेलाइट्स 150 मीटर की सटीक दूरी पर एक लाइन में सूर्य के कोरोना (सूरज के बाहरी परत) का अध्ययन करेंगे।

कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट (310 किलोग्राम)ः यह सैटेलाइट सूर्य की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सौर कोरोना की संरचना व उसकी गहराई का अध्ययन करेगा। इसमें एसोसिएशन ऑफ स्पेसक्राफ्ट फॉर पोलैरीमेट्रिक एंड इमेंजिंग इन्वेस्टिगेशन ऑफ कोरोना ऑफ द सन उपकरण लगा है।

# धान का समर्थन मूल्य और जिले के कुछ विषय को लेकर बालाघाट विधायक ने ली प्रेस वार्ता

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष की 20 दिसंबर तक नहीं हुई गिरफ्तारी तो करेंगी आमरण अनशन



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे और कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में धान के समर्थन मूल्य और भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे की गिरफ्तारी सहित कुछ विषयों को लेकर प्रेस वार्ता ली, जहां बालाघाट विधायक द्वारा किसानों को धान का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा नहीं दिए जाने को लेकर चर्चा की गई, तो वहीं उन्होंने हाल ही में आए मुख्यमंत्री मोहन यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि आज भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया जा रहा है एवं बीते दिनों सरदार पटेल कॉलेज के कैंपस में हुए घटनाक्रम पर भी मृत व्यक्ति को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई ,जो घटना गायत्री यज्ञ कर्यक्रम के दौरान व्यक्ति के गिरने की वजह से हुई थी, जिसे प्रशासन द्वारा राजनीतिक दबाव के चलते दबा दिया गया था, आपको बता दे कि 5 दिसंबर को कांग्रेस के पदाधिकारी और बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जहां उन्होंने सबसे पहले बीते दिनों गर्रा की माध्यमिक शिक्षिका द्वारा भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने के विषय पर मीडिया के सामने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाए कि आज पुलिस प्रशासन द्वारा राजनीतिक दबाव में आकर आम जन के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है एवं पक्षपात पूर्वक व्यवहार किया जा रहा है इसलिए वह 20 दिसंबर के बाद विधानसभा सत्र खत्म होने पर बालाघाट में अनशन पर बैठेंगी और इस मुद्दे को वह विधानसभा सत्र में भी उठाएंगी, क्योंकि जिस प्रकार से आज जिला प्रशासन सत्ता पक्ष के इशारों पर काम कर रहा है, वह सही नहीं है क्योंकि आज जिला प्रशासन को न्याय उचित कार्रवाई करनी चाहिए पर वह महज सत्ताधारी पार्टी के इशारों पर काम करके आम जन के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है उन्होंने यह भी बताया कि जो बीते दिनों सरदार पटेल कालेज में मजदूर की गिरने से मौत हुई थी, उस पर भी पुलिस विभाग द्वारा न्याय उचित कार्रवाई नहीं की गई है और मामले को दबा दिया गया था, उस मामले को भी वह उठाएंगी और जल्द ही उनके परिजनों से मिलकर उचित मुआवजा दिलवाने की मांग उनके द्वारा की जाएगी।

### भूपेंद्र की गिरफ्तारी नहीं हुई तो मैं बैठूंगी आमरण अनशन पर

प्रेस वार्ता में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे के विषय को उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से एक महिला शिक्षिका द्वारा शिकायत की गई थी और उस पर पुलिस द्वारा आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, यह बहुत गलत है जबकि पुलिस द्वारा एक गरीब आदमी को छोटी घटना करने पर आरोपी के नहीं मिलने पर पुलिस पूरे परिवार को उठा लाती है और कभी-कभी तो बुलडोजर भी पुलिस द्वारा चला दिया जाता है, तो आज जब भूपेंद्र गिरफ्तार नहीं हुआ है तो उनके घर पर क्यों पुलिस बुलडोजर नहीं चला रही है, क्यों पुलिस उनके माता-पिता को पुलिस उठाकर नहीं ला रही है क्यों पुलिस के द्वारा इस प्रकार से दोहरी नीति अपनाई जाती है, जबकि इस पूरे मामले में राजनीतिक प्रेशर होने के कारण पुलिस प्रेशर में आ गई है और स्वयं सांसद भी एक महिला है उसके बाद भी सांसद द्वारा एक महिला का दु:ख ,दर्द नहीं समझा गया और ना ही उनके द्वारा अभी तक कोई बयान जारी किया गया है, जो कि गलत है और वह जल्द ही इस पूरे मामले को विधानसभा में उठाएंगी और विधानसभा के बाद वह स्वयं आमरण अनशन पर बैठेंगी और जब तक आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वह आमरण अनशन करते रहेंगी।

### मुख्यमंत्री जनता और किसानों से कब मिलने आएंगे

अनुभा मुंजारे द्वारा मुख्यमंत्री को भी आडे हाथों लेते हुए कहा गया कि आज पूरे जिले में किसान समर्थन मूल्य की मांग को लेकर धरना दे रहा है और धरने पर बैठा हुआ है, किंतु ना ही इसकी चिंता सरकार को है और ना ही भाजपा इस विषय को उठा रही है, जबकि अभी जिले में दो बड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए ,जबकि उन्हें इन हाई प्रोफाइल कार्यक्रम में शामिल होने के साथ-साथ जिले की जनता और किसानों से भी मिलना था और उनके दुख और दर्द को समझना था, किंतु मुख्यमंत्री मेले और यज्ञ के कार्यक्रम में आकर चले गए पर किसान से नहीं मिले, इसलिए उन्होंने भी उन दोनों कार्यक्रम में जाना उचित नहीं समझा और मुख्यमंत्री के जाने के बाद सिर्फ वह यज्ञशाला में संतों का आशीर्वाद ले कर वापस आ गयी।

### लालबर्रा में हुई दो घटनाओं पर ले रही हूँ संज्ञान

वही उन्होंने यह भी बताया कि लालबर्रा क्षेत्र में हाल ही में अभी दो घटना घटी है, जिसमें एक लालबर्रा के तहसील कार्यालय में मारपीट का मामला सामने आया है तो वही रेत घाट में काम करने वाले लोगों के द्वारा आम जनता के साथ मारपीट करने की घटना भी प्रकाश में आई है जिस पर वह जल्द ही संज्ञान लेगी और लालबर्रा में घटी घटना पर भी उन्होंने संज्ञान लिया है और उस कर्मचारिय को वहां से हटाने के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए हैं, किंतु आज नौकरशाही बहुत अधिक हावी हो गई है इसलिए आज उनके निर्देशों पर भी उतना अमल नहीं होता है और उनकी उतनी सुनवाई नहीं होती है पर वह आज लड़ाई कर-कर के अपनी बात को मानवाती हैं।

### बैहर का घटनाक्रम दु:खद है

बीते दिनों बैहर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष और युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव रंजीत बैंस द्वारा स्कूलीय छात्र को मारे जाने का एक मामला सामने आया था जिसमें पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए मामला तो कायम कर लिया गया था, किंतु उस मामले में भी कांग्रेस के पदाधिकारी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है ,उस विषय पर अनुभा मुंजारे द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार से वह भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग करती हैं, उसी प्रकार वह घटना भी उनके लिए दु:खद है और जनप्रतिनिधियों को पूरे संयम और नम्रता के साथ जनता से मिलना चाहिए और वह जो घटना हुई है वह दु:खद है वह उस घटना की निंदा करती हैं और कानून को अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करना चाहिए।

### कॉलेज मामले में ऊपर से संरक्षण मिला है इसलिए मामला दब गया

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा सरदार पटेल कॉलेज में हुई यज्ञ के दौरान मजदूर की मौत के विषय पर उन्होंने कहा कि आज कहीं ना कहीं सरदार पटेल कॉलेज के ऊपर सत्ताधारी पार्टी के आला कमान का हाथ है और वहां राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है इस कारण से आज वह घटना को दबा दिया गया और आज उसी कॉलेज में क्यों बड़े-बड़े नेता आ रहे हैं क्यों बड़े नेता आज जनता और किसानों से मिलने नहीं आ रहे हैं , इन सब को देखते हुए या स्पष्ट हो जाता है कि कहीं ना कहीं कॉलेज को संरक्षण होने के कारण आज मामले को दबा दिया गया और कार्रवाई भी नहीं हो रही है लेकिन वह मजदूर के मौत के मामले में पीछे नहीं रहेगी और वह सबसे पहले जल्द ही मृतक के परिवार के सदस्यों से मिलेंगी और जितना हो सकेगा उन्हें मुआवजा दिलवाएंगी और न्याय उचित कार्रवाई की मांग करेंगी वह इस प्रकार से मामले को दबने नहीं देगी।

# आज मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झंडा दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले में आज मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झंडा दिवस। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष समस्त भारत में 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष 07 दिसम्बर शनिवार को शासकीय अवकाश होने के कारण सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन 6 दिसम्बर शुक्रवार किया जाना तय किया गया है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाये जाने का उदेश्य हमारे देश में एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण रखने के लिये भारतीय सेनाओं द्वारा दिये गये सर्वोपरी योगदान के लिये सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सम्मानित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। प्रतिवर्ष बालाघाट जिले का सशस्त्र सेना झंडा दिवस में सराहनीय योगदान रहता है। चूँकि इस दिन शासन से जो लक्ष्य प्राप्त होता है, उस लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाये जाने के अवसर पर बड-चढ़कर हिस्सा लेकर अधिक से अधिक राशि दान देकर राष्ट्र के प्रति अपने सर्मपण का प्रदर्शन करें तथा अपने जिले को गौरवान्वित करें। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में दान की गई राशि पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 297 (2) (के) अंतर्गत आयकर से 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान है।


**आवश्यकता है**

कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है

योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मेन रोड, बालाघाट (मप्र)

मो. 9201340520, 9244872544

मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 6.00 से 8.30 बजे तक

**REQUIREMENT**

Teachers required for reputed English medium school for kirnapur for Primary grade.

* Candidate should be good in communication
* Local candidates will get prefference.
* Friendly with English.
* graduate/PG +D.Ed./B.Ed.

- Contact -

KIDZ VALLEY ENGLISH SCHOOL, KIRNAPUR

7987431437


### न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.

रा0प्र0के0/0039/ड-154/वर्ष 2024-25 साकिन- पल्हेरा प0ह0नं0.77 रा0नि0म0 सेवती तहसील किरनापुर

**// समाचार पत्र प्रकाशन //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक पिता सुरेन्द्र जाति मरार निवासी ग्राम पल्हेरा तहसील किरनापुर जिला बालाघाट, म.प्र. द्वारा अपने पिताजी सुरेन्द्र पिता राखडु की मृत्यु दिनांक 12/06/2001 को मृत्यु के वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 12/12/2024 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

जारी दिनांक-29/11/2024

मुद्रा **नायब तहसीलदार किरनापुर**

### नाम - सुधार

मै विमल लक्ष्मण मात्रे वार्ड नं. 13 शिवमंदिर के पास वारासिवनी निवासी हूँ। मेरी पुत्री आहना मात्रे का पासपोर्ट में नाम आहना विमल मात्रे है जिसका जन्म प्रमाण पत्र में आहना मात्रे नाम का उल्लेख है। आहना मात्रे एवं आहना विमल मात्रे नाम एक ही है पासपोर्ट मे नाम आहना मात्रे लिखा जाना है। इस हेतु यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। मेरी पुत्री आहना मात्रे को आहना मात्रे के नाम से जाना जाए।

निवेदक
**विमल लक्ष्मण मात्रे**
**वार्ड नं. 13 वारासिवनी**

# ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि से, पूर्व सरपंच और ग्रामीणों ने की तहसीलदार से अतिक्रमण हटाने की मांग



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत धापेवाड़ा के पूर्व सरपंच और कुछ ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत और तहसील ऑफिस में तहसीलदार को एक ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने बताया कि गांव में कुछ लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में ग्राम में यदि कोई कार्यक्रम आयोजन करने के लिए शासकीय भूमि नहीं रहेगी, इसलिए वह चाहते हैं कि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। आपको बता दे कि 05 दिसंबर को दोपहर 03 बजे ग्राम पंचायत धापेवाड़ा के कुछ ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व सरपंच शांतिलाल नगपुरे सहित अन्य ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय में तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। शिकायकतकर्ता पूर्व सरपंच शांतिलाल नगपुरे ने कहा कि कुछ लोग, शासकीय आबादी मद की भूमि खसरा नंबर 218 रकबा 0.291 हेक्टेयर पर अनाधिकृत रूप से बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य कर रहे है, जिसे रोका जाए और पंचायत के समीप बने व्यायाम पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। पूर्व सरपंच नगपुरे ने बताया कि पूर्व सरपंच मंगरीबाई एवं उपसरपंच रूपचंद माहुले ने उक्त जगह पर बने, व्यायाम शाला पर कब्जा किया था। जिसकी शिकायत पर तहसील न्यायालय से राजस्व प्रकरण में 9 जनवरी 2019 को तत्कालीन उपसरपंच रूपचंद माहुले को अतिक्रमण का दोषी पाते हुए 5 सौ रूपए जुर्माना अधिरोपित कर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे। बावजूद, व्यायाम शाला पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उपसरपंच की मौत के बाद फिर कुछ ग्रामीण द्वारा अब अवैधानिक रूप से, व्यायाम शाला के आसपास बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणो में रोष है। चूंकि बाउंड्रीवाल का निर्माण किए जाने से गांव में होने वाले अन्य कार्यक्रमों के लिए जगह कम होगी और अवरोध उत्पन्न होगा। हमारी मांग है कि व्यायाम शाला के अतिक्रमण को हटाने के साथ ही व्यायाम शाला को बाउंड्रीवाल से अलग किया जाए, ताकि ग्राम के युवाओं को इसका फायदा मिल सके।

# खारा सोसाइटी में 41किलो 177 ग्राम तौली जा रही किसानों की धान?

## कट्टी अल्टी पलटी के नाम पर 8 रु प्रति कट्टी लिया जा रहा दाम, किसान गर्जना ने जताई आपत्ति



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने और उन्हें बिचौलियों से बचने के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 2 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू किया गया है। लेकिन शुरू किए गए इस धान खरीदी कार्य में किसानों से अधिक धान लेकर भारी धांधली की जा रही है। ऐसा आरोप किसान गर्जना संगठन ने लगाया है। जहां उन्होंने सेवा सहकारी समिति खारा में किसानों से 40 किलो 700 ग्राम धान की जगह प्रतिबोरी 41 किलो 177 ग्राम धान लेने और कट्टी अलटी पलटी के नाम पर प्रति कट्टी 8 रु किसानों से लिए जाने का आरोप लगाते हुए खारा समिति का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी कर स्थानिय किसानों के साथ धरना प्रदर्शन किया है। बताया गया कि खारा सोसाइटी में प्रत्येक किसान से प्रतिबोरी 1 किलो से अधिक धान ली जा रही है वहीं बारदाने को अलटी पलटी के नाम पर प्रतिबोरी 08 रूपए का चार्ज किसानों से वसूला जा रहा है। जबकि शासन द्वारा यह चार्ज धान खरीदी केंद्रों को दिया जाता है। उन्होंने इस पूरे मामले में आपत्ति जताते हुए प्रतिबोरी 1 किलो से अधिक की धान खरीदने वाले समिति प्रबंधक पर वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें निलंबित किए जाने की मांग की है।जिसको लेकर उन्होंने गुरुवार शाम नगर के सर्किट हाउस में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर संबंधित धान खरीदी केंद्र प्रभारी पर वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें निलंबित करने की मांग करते हुए मांग पूरी न होने पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। तो वहीं उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए अपनी उपज को 10 दिसंबर तक सोसाइटी में न बेचने की बात भी कही है।आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किसान गर्जना प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कविंद्र चौहान ,ब्लाक कोषाध्यक्ष ओमेंद्र कटरे, रामचरण शिवहरे और सलाहकार समिति प्रभारी अनिल बोपचे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### धान खरीदी केंद्र प्रभारी को किया जाए निलंबित

किसान गर्जना प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि खारा सोसाइटी में धान खरीदी प्रभारी द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा था। किसानों से अलटी पलटी के नाम से 8 रु कट्टी लिया जा रहा था वही नियम के मुताबिक किसान से प्रतिबोरी 40 किलो 700 या 800 ग्राम धान लेना था लेकिन !उससे ज्यादा 41 किलो 170 ग्राम लिया जा रहा था। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने खरीदी केंद्र खारा का निरीक्षण किया।वहां पाया गया कि खरीदी प्रभारी द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा था। जिसका वीडियो भी हमने बनाया है। वहा धान बेचने आए बटरमारा के किसान डुलेन्द्र कटरे से अधिक धान ली गई है । वही बोरी अलटी पलटी के नाम पर 7 से 8 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से पैसा लिया गया है। हमने कलेक्टर बालाघाट ,एसडीएम और सहकारिता समिति के एमडी श्री पटले से शिकायत की है। हमारी मांग है कि वहां के प्रभारी को तत्काल सस्पेंड कर उसपर वैधानिक कार्यवाही की जाए। यदि हमारी मांग पर शासन ध्यान नहीं देता तो फिर इसके खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा।

### शासन सभी खरीदी केंद्रों में जारी करें पत्र

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए किसान गर्जना प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि किसान गर्जना संगठन हमेशा किसानों की लड़ाई को लेकर गली से लेकर दिल्ली तक और समिति के भ्रष्टाचार को लेकर 2011 से लगातार लड़ाई लड़ रहा है किसान गर्जना संगठन इसी को संज्ञान में लेकर कलेक्टर महोदय ,एसडीएम महोदय और सहकारिता समिति के एमडी पटले से यह शिकायत पहले ही कर दी गई थी कि समिति में इस प्रकार का भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में इसी प्रकार से सभी सोसाइटियों में भ्रष्टाचार कई सालों से चल रहा है उसको संज्ञान में लेकर एक आदेश पारित करें कि कहीं भी अगर ऐसा पाया जाता है तो किसानों के द्वारा इसका विरोध किया जाएगा। शासन खरीदी प्रभारी पर तत्काल कार्यवाही करने का काम करें किसान गर्जना संगठन पूरे जिले के किसानों से आग्रह करता है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान गर्जना संगठन का साथ दे और इस लड़ाई में भरपूर सहयोग प्रदान करें यह लड़ाई आपकी है आपका एक-एक रुपया गाढ़ी कमाई का बचाने का काम किसान गर्जना संगठन कर रहा है और यह संगठन आपकी लड़ाई लड़ रहा है।

### 10 दिसंबर तक किसान ना बेचे धान

आगे उन्होंने किसानों से निवेदन किया कि जिले का किसान इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर के हिस्सा ले और नहीं बेचेंगे कचरे की कीमत में धान, सुनसान रहेगी सरकारी समिति और मंडी मैदान। इसमें सहयोग प्रदान करें। यह लड़ाई आप लोगों की है और आपकी लड़ाई किसान गर्जना संगठन दिन-रात करके लड़ रहा है जिले के किसानों से उनका अनुरोध है जिले के किसान 10 दिसंबर तक अपना उपार्जन किसी भी सोसाइटी में ना बेचे और अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखें।


**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)

मो. 09201340520/09244872544

बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**आवश्यकता है**

चपरासी की आवश्यकता है

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें

अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए

वेतनमान- 10000+

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)

244944 मो. 9201340520,9244872544

मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# वार्ड क्रमांक 4, 5, 30 और 31 में बीते 10 दिनों से पानी की सप्लाई हुई बंद

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे वार्डवासी, वार्ड वासियों ने कहा नगरपालिका को वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर ही करना चाहिए शिफ्टिंग का कार्य

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शहर के वार्ड क्रमांक 4, 5, 30 और 31 सहित सरेखा पानी टंकी से पानी सप्लाई होने वाले वार्डों में बीते 10 दिनों से पानी सप्लाई बंद हो गई थी, जिसके बाद वार्ड में पानी को लेकर हॉहॉकार मचा हुआ था और वार्डवासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे थे, कुछ लोग पीएचई विभाग के नलों से पानी ले रहे हैं, तो कुछ लोग जिन लोगों के घरों में बोरिंग मशीन लगी है उनसे पानी लेकर अपना काम चला रहे है, जिसके बाद शहर के वार्डवासियों का कहना था कि नगर पालिका को पहले पाइपलाइन शिफ्टिंग करने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर ही पाइपलाइन शिफ्टिंग करना चाहिए, किंतु नगर पालिका द्वारा बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये ही इस प्रकार से पानी की सप्लाई बंद कर दी जाती है, जो कि गलत है इससे वार्ड वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपको बता दे कि बीते 10 दिनों से शहर के वार्ड क्रमांक 4, 5, 31 और 31 में पानी की सप्लाई बंद हो गई थी, जिसे वार्डवासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, कुछ वार्डवासी तो बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे थे, क्योंकि अधिकतर निचले क्षेत्रों में लोगों के घरों में बोरिंग मशीन नहीं लगी है, जिस कारण वह नगर पालिका द्वारा सप्लाई होने वाले पानी पर ही निर्भर रहते हैं, किंतु इस प्रकार से नगर पालिका द्वारा अचानक पानी सप्लाई बंद करने से वार्डवासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, एवं कुछ वार्डवासियों का तो यह भी कहना है कि नगर पालिका को सबसे पहले वैकल्पिक व्यवस्था कर ही पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य करना चाहिए था, कुछ लोगों ने तो यह भी बताया कि शुरू के दिनों में तो जब पानी सप्लाई बंद हुई तो नगर पालिका द्वारा पानी के टैंकर भी नहीं प्रदान किए गए, जबकि जब पाइपलाइन का कार्य चल रहा था और पानी की सप्लाई बंद थी तो नगर पालिका को विधिवत पानी के टैंकर उपलब्ध कराना था, किंतु नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया और कुछ वार्ड में पानी टैंकर तो आए लेकिन उससे कुछ ही घरों में पानी दिया गया, इससे बीते 10 दिनों से इन चार से पांच वार्डो में लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं अब नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि पानी की सप्लाई अब विधिवत वार्ड में प्रदान की जाएगी और इसकी टेस्टिंग भी की जा चुकी है।





### कुछ दिनों से वार्ड में पानी नहीं आ रहा है - राहुल

वार्डवासी राहुल बताते हैं कि कुछ दिनों से वार्ड में पानी नहीं आ रहा है जिस कारण से वार्ड वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि अभी कुछ दिन से एक टैंकर पानी का आ रहा था, किंतु उस टैंकर से भी वार्डवासियों का काम नहीं हो रहा था, वह भी चाहते हैं कि वैकल्पिक व्यवस्था नगर पालिका को पहले कर देनी चाहिए, उसके बाद ही पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य करना चाहिए।

### इधर-उधर से पानी मांग कर अपना काम चला रहे हैं - आशु लिल्हारे

वार्ड क्रमांक 31 के आशु लिल्हारे बताते हैं कि बीते दिनों से नगर पालिका की पानी सप्लाई वार्ड में बंद है और वह इधर-उधर से पानी मांग कर अपना काम चला रहे हैं, कुछ लोग एक-दो दिन तक तो पानी दे देते हैं उसके बाद अधिक बिजली जलेगी, इसलिए पानी नहीं देते हैं लिए वह अपने दैनिक दिनचर्या के काम भी पूरे नहीं कर पा रहे हैं और टैंकर नगर पालिका द्वारा जो भेजा जा रहा है, उसे पूरे वार्ड में पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

### वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए - मेहतरीन बाई

मेहतरीन बाई बताती हैं कि उनके घर में बोरिंग मशीन लगी है और वह कुछ दिनों से अपने पड़ोसियों को पानी दे रहे हैं, लेकिन एक से दो दिन तक तो वह दे सकते हैं, लेकिन प्रतिदिन सभी को पानी देना उनके लिए भी मुमकिन नहीं है, इसलिए नगर पालिका को वार्ड वासियों का ध्यान रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए क्योंकि इस प्रकार वार्डवासी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

### पानी की सप्लाई पहले जैसे शुरू हो जाएगी - ज्योति मेश्राम

नगर पालिका की उपयंत्री ज्योति मेश्राम द्वारा बताया गया कि बीते दिनों से पाइपलाइन को लेकर कार्य चल रहा था और वह कार्य पूरा हो चुका है जिसकी टेस्टिंग भी उनके द्वारा आज की गई है, एवं कल से सभी वार्ड में पानी की सप्लाई पहले जैसे शुरू हो जाएगी एवं सरेखा पानी टंकी से जितने भी वार्डों में पानी जा रहा था, उन्हें अब पानी मिलना चालू हो जाएगा।

# नेशनल ग्रीन हाइवे में काम करने के दौरान मजदूर युवक गम्भीर रूप से घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रेंगाटोला ब्रिज के समीप चल रहे नेशनल ग्रीन हाईवे काम के दौरान ,जेसीबी समीप काम कर रहा एक मजदूर, जेसीबी का पंजा लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां जेसीबी का पंजा उसकी जांघ के पास लगने से उसके पैर की हड्डी टूट गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक का नाम राजस्थान जिला धौलपुर, थाना मनिया निवासी 20 वर्षीय अर्जुनसिंह पिता हरभजनसिंह राजपूत बताया गया है। उधर घटना के तुरंत बाद ठेकेदार कंपनी के वाहन से आनन फानन में घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए रिफर दिया।जहां घायल मजदूर के साथियों ने उसे नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है



### निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सिवनी से रजेगांव तक ग्रीन हाईवे का काम चल रहा है, जहां धौलपुर जिले के थाना मनिया निवासी मजदूर अर्जुन सिंह राजपूत, अन्य 6-7 साथियों के साथ मजदूरी कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह लगभग 09 बजे, रेंगाटोला समीप पुल के पास काम के दौरान जेसीबी के सामने का पंजा, धोखे से उसके दाहिने पैर की जांघ में लग गया। जिससे उसके दाहिने पैर के जांघ की पास की हड्डी टूट गई। जहां मामले की जानकारी लगते ही संबंधित ठेकेदार द्वारा वाहन क्रमांक एचआर 46 एफ-1057 से अन्य मजदूरों के साथ घायल युवक को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।जहा उसका प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सक ने उसे बेहतर उपचार के लिए रिफर कर दिया। जहां घायल युवक के साथियों द्वारा उसे नगर के एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

# बालाघाट खेल उत्सव और कुम्हारी प्रीमियर लीग का हुआ शुभारम्भ

## ग्राम पंचायत कुम्हारी मैदान मे खेल प्रतियोगिता शुरू, पहले दिन हुए दौड़, लम्बी कूद, गोला फेक, सहित अन्य खेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट खेल उत्सव और क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन पांच का 4 दिसंबर को और कुम्हारी क्रिकेट प्रीमियर लीग का 5 दिसंबर को ग्राम पंचायत कुम्हारी मे शुभारम्भ किया गया। शिक्षा संत शिरोमणि स्वामी ब्रम्हानन्द जी की जयंती के अवसर पर छू लो आसमान किसने रोका हैं संस्था, आज़ाद हिन्द डिफेन्स एकेडमी और ग्राम कुम्हारी के द्वारा आयोजित खेल उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य रूप से जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, एडिशनल कमिश्नर भोपाल प्रणेश गुप्ता,खेल अधिकारी श्री चौरसिया, टीआई जीएसटी योगेंद्र सिंह, पूर्व आलोक अध्यक्ष दुर्गा सौलखे, सरपंच सावन पिछोड़े, हेमंत नागपुरे, पूर्व सरपंच पीतम लिल्हारे मौजूद रहे ।खेल उत्सव के पहले दिन एक दिवसीय स्पोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमे 100, 1600,मीटर युवक और युवती दौड़, लंबी कूद ,गोला फेक, सहित अन्य खेल प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे 100 मीटर युवक दौड़ मे प्रथम रविन्द्र बिरनवार, द्वितीय महेन्द्र धुर्वे, तृतीय डेविड रहे। वही युवती वर्ग में 100 मीटर पहला स्थान कुमारी रक्षा राणा, दूसरे स्थान पर सोनाली भगत और तीसरे स्थान पर पायल लिल्हारे रही, जिन्हे नगद इनाम प्रमाण पत्र और मैडल से अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।वही गोला फेक, लंबी कूद बालक और बालिका वर्ग के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को खेल उत्सव समिति मे मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद भुवन लिल्हारे सीएमओ लाँजी, सोहन उरोड़े वरिष्ठ शिक्षक, सुभाष नागपुरे, संतोष बघेल भरवेली कलार समाज अध्यक्ष, सहित अन्य लोगो ने मैडल प्रमाण पत्र, और नगद इनाम देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।यहा उपस्थित हुए अतिथियों का भी मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही एक दिवसीय खेल उत्सव का समापन किया गया।




### कुम्हारी प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

इसके आलावा 5 दिसंबर को कुम्हारी प्रीमियर लीग मैच का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जीएसटी कमिश्नर जबलपुर लोकेश लिल्हारे ने कहा की साल दर साल जिला स्तरीय खेल उत्सव और कुम्हारी प्रीमियर लीग मैच का स्तर बढ़ते जा रहा हैं। जिससे आयोजको का भी मनोबल बढ़ रहा हैं जिसमे हम सब की कोशिश हैं की खेल का स्तर बेहतर हो और नशा या मोबइल की गिरफ्त मे हो रही भावी पीढ़ी को मैदानी खेलो से जोड़ना हैं। ताकि शरीर से युवा पीढ़ी तंदरुस्त हो सके। साथ ही पुलिस, वन रक्षक, आर्मी जैसी अन्य भर्ती के लिहाज से यह आयोजन उपयोगी साबित हो सके।वही श्री लिल्हारे ने कहा की खेल को बढ़ावा देने मे वे आगे भी हर तरह से योगदान देने को तैयार हैं युवाओ को चाहिए की खेल और शिक्षा के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी बनकर अपना और देश का गौरव बढ़ाये। हम सब आपके बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रहे हैं.इस अवसर पर आयोजको के साथ बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# बीडी कतरोलिया ने ग्रहण किया बालाघाट सीएमओ का पद्भार

## बालाघाट में राजस्व निरीक्षक रह चुके हैं कतरोलिया, राजस्व की वसूली बढ़ाने को देंगे प्रमुख प्राथमिकता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। गुरुवार को बीडी कतरोलिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट का पदभार ग्रहण कर लिया है, बीते दिनों ही श्री कतरोलिया का विदिशा से स्थानांतरण बालाघाट नगर पालिका में हुआ था, जिसके बाद अब कतरोलिया द्वारा पदभार ग्रहण कर लिया गया है एवं श्री कतरोलिया इसके पहले बालाघाट नगर पालिका में राजस्व निरीक्षक रह चुके हैं एवं उनकी प्रमुख प्राथमिकता राजस्व वसूली को बढ़ाने की रहेगी।



आपको बता दे कि नगर पालिका परिषद बालाघाट में एक सीएमओ अधिक दिनों तक कुर्सी पर टिकता नहीं है यही वजह है कि सवा दो वर्ष का कार्यकाल वर्तमान परिषद का बीता है और 11 सीएमओ हो चुके है, जिसमें अब नये सीएमओ के तौर पर विदिशा से स्थानांतरित होकर आये बीडी कतरोलिया ने 5 दिसंबर को पद्भार संभाल लिया। जहां वे प्रशासनिक बैठक में शामिल हुये और नपा के विभागों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिये। जिन्होंने चर्चा में बताया कि राजस्व वसूली को बढ़ाया जाना आवश्यक है जिसके लिये वे प्रयास करेंगे। विदिशा में इसी तरह के प्रयास में उनका स्थानांतरण हुआ है लेकिन उन्हें बेहतर कार्य करने की आदत है। सीएमओ बीडी कतरोलिया को कार्य का लम्बा अनुभव है आधा दर्जन जिलों में वे सेवाएं दे चुके है। जिसमें गुना, राजगढ़, दमोह, भिंड, मुरैना और विदिशा में उन्होंने कार्य किया है।वे बताते है कि बालाघाट में राजस्व निरीक्षक के पद पर वर्ष 1997 से 98 लगभग एक वर्ष का कार्यकाल उन्होंने बालाघाट नगर पालिका परिषद में बिताया है जिसे लगभग 26 वर्ष हो चुके है और उस दौरान की कार्य का अनुभव बताकर उन्होंने उस समय का किस्सा भी बताया जिसमें राजस्व करों के भुगतान के लिये उस समय बालाघाट में गजब की जागरूकता होने की बात कही। उन्होंने बताया कि निकाय ऐसी संस्था है जहां पर राजस्व करों का समय पर निर्धारण और भुगतान होना जरूरी है यहां पर कार्य योजना बनाकर राजस्व करों में वृद्धि के प्रयास सख्ती के साथ किये जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि शहर का भ्रमण किया जायेगा जिसमें अतिक्रमण की कार्यवाही, नल-जल योजना का क्रियान्वयन, निर्माण कार्य का गुणवत्तापूर्ण होना इसके अलावा विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे जाएंगे,जिसकी निगरानी भी होगी।

### कतरोलिया का विवादों से भी रहा है नाता

बता दे कि विदिशा से स्थानांतरित होकर बालाघाट पहुंचे सीएमओ बीडी कतरोलिया का विवादों से भी नाता रहा है सूत्र बताते है कि हालही में उन्होंने विदिशा में राजस्व वसूली के लिये कड़े कदम उठाये जिसपर उनका ट्रांसफर हो गया जबकि चर्चा में उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यह सब होता रहता है। बालाघाट में लगातार सीएमओ बदले जाने पर उन्होंने कहा कि यह व्यवस्थाएं है और शासन जिसे जब चाहता है स्थानांतरित कर देता है इसमें कुछ अचरज नहीं होना चाहिये। बालाघाट शहर को संभावनाओं वाला शहर बताते हुए वे कहते है कि यहां काफी कुछ अच्छा करने के लिये है जिस हेतु मेरी तत्परता बनी रहेगी और आगामी समय में इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलेगा।

# उकवा में झारखंड निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले के रुपझर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम उकवा स्थित एक मकान में झारखंड राज्य के एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई । इस व्यक्ति के सिर में चोट लगने से उसकी हत्या किये जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है ।यह व्यक्ति शाहजान्हा साईं पिता लिहाज साईं 30 वर्ष बलाईडी पोस्ट महेश मुंडा निवासी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजाहां साईं करीब 8 साल से उकवा के वार्ड नंबर 6 में विधवा महिला पुष्पा कावरे के घर में रहता था और वह उकवा में ही दुर्गा राइस मिल का ट्रक चलता था। बताया गया है कि 3 दिसंबर को शाहजांहा साईं अपने परिचितों के साथ कहीं पिकनिक मनाने के लिए गया था। 4 नवंबर को सुबह 6 बजे उकवा वार्ड नंबर 6 में ही बाबूलाल म ?ावी के घर में शाहजान्हा साईं सोया हुआ दिखा ।जिसे बाबूलाल की लड़की ने उठाई किंतु नहीं उठा,इस व्यक्ति के सिर में चोट के निशान दिखाई दियेऔर उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी रिपोर्ट पुष्पा पति स्व.सुरेश कावरे 40 वर्ष वार्ड नंबर 6 उकवा के द्वारा पुलिस चौकी उकवा में की गई। उकवा पुलिस ने इस व्यक्ति के संबंध में पूछताछ की गई। तब पता चला कि यह व्यक्ति झारखंड निवासी है और इसके पहले वह मलाजखंड के किसी फिरोज खान नामक व्यक्ति के यहा भी काम कर चुका था। उकवा पुलिस ने शाहजान्हा साईं का शव फ्रीजर में सुरक्षित रखवाकर उसके परिजनों को सूचित किये ।5 दिसंबर को इस व्यक्ति का शव परसवाड़ा के शासकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया है। जिसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। संभवत 3 दिसंबर की रात्रि में ही इस व्यक्ति के साथ वारदात हुई है और सिर में किसी धारदार वस्तु से वार किया गया है। सिर में चोट लगने के बाद यह व्यक्ति मोहल्ले के ही बाबूलाल मड़ावी के घर में सो गया और अधिक रक्त स्राव होने और इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गई ।इस मामले की आगे जांच उकवा पुलिस द्वारा की जा रही है।

### मोबाइल दुकान में युवक को सांप ने काटा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के एक मोबाइल दुकान में काम कर रहे एक युवक को मोबाइल दुकान में ही सांप ने काट दिया । यह युवक अंकित पिता अघन लाल नगपुरे 22 वर्ष ग्राम गुडरु थाना चांगोटोला निवासी है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित नगपुरे नगर के वार्ड नंबर 1 भटेरा चौकी में किराए से रहकर बालाघाट नगर के अविनाश मोबाइल दुकान में काम करता है ।4 दिसंबर की रात 8.30 बजे अविनाश दुकान के काउंटर में मोबाइल का कवर निकालने हाथ डाला तभी उसके दाहिने हाथ के अंगुली में किसी सांप ने काट दिया। इस संबंध में अविनाश ने दुकान में उपस्थित डुलेन्द्र मेहरबान को बताया। जिसने अंकित नगपुरे को मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान - हम होंगे कामयाब

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हम होंगें कामयाब पखवाडा अंतर्गत 5 दिसम्बर को महिला सुरक्षा शाखा बालाघाट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इस अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं की विशाल रैली निकाली गई। बालाघाट पुलिस के मुताबिक मध्यप्रदेश पुलिस के द्वारा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा को रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नई मुहिम हम होंगे कामयाब की शुरुआत की है । इसी जागरूकता कार्यक्रम के तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेंद्र सिंह के नेत्रत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट के एल बंजारे के मार्गदर्शन मे 5 दिसम्बर को महिला सुरक्षा शाखा उप पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनम झरबडें एवं आवाज संस्था द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय एवं सीएम राइज स्कूल मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमे 600 की संख्या मे छात्र छात्राओं के साथ नगर में जागरूकता रैली निकाली गई रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा, भ्रूण हत्या ,जेंडर समानता ,महिला सुरक्षा संबंधी प्रावधानों , पाक्सो अधिनियम , साइबर क्राइम से बचाव की जानकारियों के साथ साथ कानूनी सहयोग के माध्यमों से अवगत कराया गया ।




# 12 घंटे से लापता एक व्यक्ति की लाश उसी के खेत में फांसी पर लटकी हुई बरामद की गई

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले के बहेला थानाक्षेत्र मैं आने वाले ग्राम मिरिया से 12 घंटे से लापता एक व्यक्ति की लाश उसी के खेत में फांसी पर लटकी हुई पाई गई। सूचना मिलते ही बहेला पुलिस ने ग्राम मिरिया पहुंचकर मौके से राजकुमार पिता स्वर्गीय आत्माराम बड़गे 58 वर्ष की पेड़ में फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद की। इस व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्ति जा रही है। बहेला पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार बड़गे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसका एक बेटा आकाश बड़गे चेन्नई में प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। 24 नवंबर को आकाश बड़गे अपने घर मिरिया आया हुआ था और उस दिन से वह घर में ही रह रहा था। 4 दिसंबर को सुबह 9 बजे राजकुमार बड़गे अपने घर से नाश्ता करके गांव तरफ निकला था। खाना खाने के समय जब राजकुमार बड़गे घर नहीं आया तब परिवार वालों ने राजकुमार बड़गे की गांव में ही खोजबीन किये। किंतु वह नहीं मिला।



शाम तक राजकुमार बड़गे घर नहीं पहुंचा ।तब बेटे आकाश बड़गे ने अपने पिता राजकुमार बड़गे के घर नहीं आने के संबंध में गांव के सरपंच सचिव एवं अन्य लोगों को बताया और उनके साथ गांव की नदी नाला और आसपास जाकर खोजबीन किये। किंतु राजकुमार बड़गे का कहीं पता नहीं चला। वही आकाश बड़गे अपने पिता राजकुमार बड़गे के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल कर रहा था किंतु राजकुमार बड़गे फोन रिसीव नहीं कर रहा था। देर रात तक तलाश करने के बावजूद भी राजकुमार बड़गे नहीं मिला ।5 दिसंबर को सुबह से आकाश बड़गे गांव के सरपंच एवं अन्य लोगों के साथ अलग-अलग दिशा में राजकुमार बड़गे की तलाश करने निकले थे। तभी गांव के सरपंच धनराज बोमरडे को राजकुमार बड़गे को उसी के खेत में महुआ के पेड़ से फांसी पर लटके हुए दिखा। राजकुमार बड़गे ने महुआ के पेड़ में फांसी लगा ली थी । और उसकी मौत हो चुकी थी जिसकी रिपोर्ट आकाश बड़गे ने बहेला पुलिस थाना में की थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक बिजू माम्मन ने ग्राम मिरिया पहुंचकर राजकुमार बड़गे की उसी की खेत में महुये के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात राजकुमार बड़गे की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए ।बताया गया है कि राजकुमार बड़गे शराब पीने का आदी थे और आए दिन शराब पीते रहते थे। सम्भावना है कि राजकुमार बड़गे ने शराब के नशे में फांसी लगा ली । सहायक उपरीनिक्षक श्री माम्मन के द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जाँच की जा रही है।

# धरपीवाड़ा से बल्हारपुर पहुंच मार्ग में अनियमितता बरतने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

## गुणवत्ताहीन सड़क का किया गया निर्माण, जल्द हो जायेगी खराब, ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर लालबर्रा से वारासिवनी हाईवे मार्ग स्थित ग्राम धरपीवाड़ा से बल्हारपुर पहुंच मार्ग खराब होने के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से डामरीकरण एवं सीमेन्टीकरण सड़क का निर्माण किया गया है। जिसमें पूर्व में निर्माण कंपनी के द्वारा डामरीकरण सड़क का निर्माण कर सीमेन्टीकरण निर्माण कार्य को अधुरा छोड़ दिया गया था। जिसके कारण आने-जाने वाले ग्रामीणजनों, राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी। इस तरह से प्रशासन के द्वारा अधुरा निर्माण किया गया था जिससे ग्रामीणजनों व राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। उक्त समस्या को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में विगत दिवस समाचार प्रकाशित किया गया था और ग्रामीणजनों ने भी प्रशासन को चेतावनी दिये थे कि अधुरी सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा नही किया गया तो विरोध प्रदर्शन किया गया।**





जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और स्थल का निरीक्षण कर अधुरी सड़क का निर्माण कार्य करवाया है परन्तु इस अधुरे सीसी सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणजनों ने सड़क विभाग एवं निर्माण कंपनी के ठेकेदार पर लगाया है और प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कर अनियमितता बरतने वाले ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणजनों का कहना है कि धरपीवाड़ा से बल्हारपुर पहुंच मार्ग के सीसी सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग किया गया है एवं तराई भी नही गई है जिससे जल्द सड़क खराब हो जायेगी और डामरीकरण सड़क में भी अनियमितता बरती गई है। जबकि इस मार्ग पर स्थित मोक्षधाम के समीप बने केंट में गत २ दिसंबर से बल्हारपुर सोसायटी के द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है और इस दौरान ओवर ट्रक के साथ ही अन्य वाहनों का आवागमन होगा जिससे सड़क जल्द खराब हो सकती है। जबकि लंबे समय बाद सड़क का निर्माण किया गया है और निर्माण के समय जिम्मेदार अधिकारी एवं सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारियों से कहा गया था कि जिस स्थान से सीमेन्टीकरण एवं डामरीकरण सड़क का निर्माण कर रहे है उसे गुणवत्ता पूर्ण करे। साथ ही सीसी सड़क निर्माण में अज्छी क्वालिटी का मटेरियल उपयोग कर तराई करें परन्तु उन्होने इस ओर ध्यान नही दिये है जिसके कारण जल्द सड़क खराब हो जायेगी। साथ ही पटरी भराई भी नही की गई है जिससे आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जबकि यह मार्ग दो हाईवे मार्ग को जोड़ता है जिसमें लालबर्रा से वारासिवनी, लालबर्रा से कटंगी हाईवे मार्ग शामिल है और ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूल के बज्चें भी इसी मार्ग से आवागमन करते है इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करें।

### सड़क निर्माण में बरती गई है अनियमितता - कृष्णकुमार

कृष्णकुमार टेंभरे ने बताया कि धरपीवाड़ा से बल्हारपुर पहुंच मार्ग का निर्माण किया गया है परन्तु निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है। साथ ही जिस स्थान से सीसी सड़क का निर्माण किया गया है उसकी तराई भी सही तरीके से नही की गई है जिसके कारण सड़क जल्द खराब हो जायेगी।



जबकि बल्हारपुर में सोसायटी होने के कारण किसान खाद खरीदी करने एवं अपनी धान का उपज विक्रय करने जाते है और ग्रामीणजन भी आवागमन करते है। श्री टेंभरे ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान सरपंच महोदय के द्वारा निर्माण कंपनी के ठेकेदार से गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की बात कही थी परन्तु वे मनमानी करते हुए गुणवत्ताहीन निर्माण किया है।

### सड़क निर्माण की जांच कर दोषियों पर की जाये कार्यवाही - संजय

धरपीवाड़ा सरपंच संजय कटरे ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा धरपीवाड़ा से बल्हारपुर सड़क का निर्माण जो अधुरा किया गया था उसे कार्य पूर्णत: तिथि के बाद पूरा कर दिया गया है परन्तु सीसी सड़क निर्माण कार्य अनियमितता बरती गई है और सड़क निर्माण के दौरान मेरे द्वारा ठेकेदार से कहा गया था कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे परन्तु उन्होने उस ओर ध्यान न देते हुए गुणवत्ताहीन कार्य किया है जिसका खामियाजा ग्रामीणजन एवं राहगीरों को भुगतना पड़ेगा। श्री कटरे ने बताया कि रोड़ किनारे बल्हारपुर सोसायटी के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जायेगी, इस दौरान ओवरलोड ट्रक जायें जिससे सड़क जल्द खराब हो सकती है और पटरी भराई भी नही की गई है इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करें।



---

## आज मनाया जायेगा बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हृदयस्थल बस स्टैंड में स्थित भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर के प्रतिमा स्थल में जिला बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा के तत्वाधान में ६ दिसंबर को प्रात: ८.३० बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए जिला बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा महासचिव ताराचंद कावड़े ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लालबर्रा बस स्टैण्ड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल में ६ दिसंबर को प्रात: ८.३० बजे महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा, साथ ही अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गये है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील जिला बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा महासचिव ताराचंद कावड़े ने की है।

---

# पुलिस प्रशासन करें रेत ठेकेदार के कर्मचारियों का वेरिफिकेशन - अनुभा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली स्थित बजरंग मंदिर चौक में बुधवार को प्रात: १०.३० बजे रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा ट्रैक्टर चालक एवं ग्रामीणजनों पर जानलेवा हमला कर मारपीट की गई थी। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा थाने पहुंचकर रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के विरूध्द एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसके बाद रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा थाना पहुंचकर अमोली के ग्रामीण पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। जिस पर लालबर्रा पुलिस ने काउण्टर मामला दर्ज की है। वहीं इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी लगने के बाद बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ५ दिसंबर की शाम ६ बजे ग्राम पंचायत अमोली ग्रामीणों से मुलाकात करने पहुंची थी। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा विधायक श्रीमती मुंजारे को ४ दिसंबर को घटित हुए घटना की जानकारी दी जिसमें उन्होने बताया कि पुलिस प्रशासन के द्वारा हमारी शिकायत के बाद रेत ठेकेदार के कर्मचारियों की शिकायत पर कुछ ग्रामीणों के नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। जबकि रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा गांव में घुसकर दिनदहाड़े गुंडागर्दी एवं जानलेवा हमला किया गया था उसके बावजूद पुलिस प्रशासन के द्वारा रेत ठेकेदार के कर्मचारियों का साथ देकर हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। जिसके बाद विधायक श्रीमती मुंजारे के द्वारा ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक बालाघाट से दूरभाष पर चर्चा कर ४ दिसंबर को अमोली में घटित घटना पर लालबर्रा पुलिस के द्वारा ग्रामीणों पर की गई कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रेत ठेकेदार के कर्मचारी दिनदहाड़े गुंडागर्दी कर ग्रामीणों पर धारदार हथियार से हमला कर रहे है और आपका पुलिस प्रशासन ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज कर रहे है यह अनुचित हैं। आप इस तरह की घटना क्रम पर लगाम लगाये एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करें कि उन्होने जो ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज की है उसे खारिज करें। साथ ही रेत के ठेकेदार के जिन कर्मचारियों के द्वारा दिनदहाड़े जानलेवा हमला एवं मारपीट की गई उन पर कार्यवाही की जाये और रेत ठेकेदार के जो कर्मचारी जिले में काम कर रहे है उनका पहले पुलिस वेरिफिकेशन करें, उनकी मुसाफिरी दर्ज की जाये। अगर ऐसा नही करते है तो वे लोग बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने विधायक को घटना की जांच कर कार्यवाही करने आश्वास्त किया है।

### पुलिस ने किया काउण्टर मामला दर्ज

बुधवार को अमोली के बजरंग मंदिर चौक में बिना रायल्टी की रेत ले जाने की बात को लेकर रेत ठेकेदार के कर्मचारियों ने सर्राटी नदी से भसवा बारिक मिट्टी पंचायत के निर्माण कार्य में ट्रैक्टर में लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक विकास पडवार को रोककर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर मारपीट की थी एवं ग्रामीणजनों पर भी जानलेवा हमला किया था। वहीं समय रहते ग्रामीणजन चालक का बीच-बचाव नही करते तो रेत ठेकेदार के कर्मचारी ट्रैक्टर चालक की हत्या भी कर सकते थे एवं ग्रामीणजनों के आक्रोश को देखते हुए रेत ठेकेदार के कर्मचारी भाग गये। जिसके बाद ग्रामीणजन थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर जानलेवा हमला करने वाले रेत ठेकेदार के कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की थी और पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की रिपोर्ट पर रेत ठेकेदार के कर्मचारी तुलसी शिवहरे, देवा धुर्वे, मोहित रावते सहित अन्य लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द किया गया। वहीं बुधवार की रात में रेत ठेकेदार के कर्मचारी भी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है कि ४ दिसंबर को संजय कोकोटे, देवा धुर्वे, मोहित रावते, मोनू तांडे एवं अन्य लोगों के साथ देवरी रेत घाट से लालबर्रा की ओर चैक करते हुए जा रहे थे। तभी अमोली पंचायत के पास पहुंचे थे कि एक ट्रैक्टर देवरी की तरफ से आते मिला। जिसमें रेत भरी हुई थी जिसे रोककर रायल्टी टोकन मांगे तो ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को बोलेरा गाड़ी से टकराने लगा जिसके बाद ग्रामीणजन आ गये और बोलेरा वाहन पर तोड़फोड़ कर मारने का प्रयास करने लगें जिसके बाद हम लोग भाग गये। इस तोड़फोड़ की घटना में ६० हजार रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने रेत ठेकेदार के कर्मचारी संजय कोकोट की रिपोर्ट पर राजा सोनी, आशित, अरमान खान एवं ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर लिया है। इस तरह से पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउण्टर मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला करने वालों पर कार्यवाही न करते हुए अमोली के ग्रामीणजन पर मामला दर्ज करने का आरोप लगाया है और विधायक महोदय एवं पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी देने के बाद मामला खारिज नही होने पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही है। वहीं ग्रामीणजनों ने बताया कि रेत ठेकेदार के कर्मचारी क्षेत्र में घुमकर गुंडागर्दी करते है और बुधवार को सर्राटी नदी अमोली से पंचायत में जारी निर्माण कार्य में भसवा मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक व ग्रामीणजन पर जानलेवा हमला किया गया है जो गलत है। जबकि सर्राटी नदी रेत घाट नही है और ग्रामीण एवं पंचायत के द्वारा निर्माण कार्य के लिए मिट्टी व रेत लाई जाती है परन्तु रेत ठेकेदार के कर्मचारी उन्हे परेशान करते है ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।



### दिनदहाड़े हथियारों के साथ लोगों को डरा धमका रहे रेत ठेकेदार के कर्मचारी - मुंजारे

बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि अमोली पंचायत में कुछ निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसमें सर्राटी नदी से ट्रैक्टर के माध्यम से भसवा मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक के साथ रेत ठेकेदार राजेश पाठक के कर्मचारी जो दो चौपहिया वाहन से १० से १२ लोग आये थे जिन्होने बिना अनुमति अवैध उत्खनन करने, बिना टोकन काटे परिवहन करने की बात को लेकर ट्रैक्टर चालक से विवाद करने लगे और उसके साथ मारपीट कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया तो ग्रामीणजनों ने बीच-बचाव किये नही तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। जिसकी जानकारी लगने पर गुरूवार को ग्रामीणजनों से मुलाकात करने आई थी, जिन्होने मुझे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी है और पुलिस विभाग के द्वारा ग्रामीणजनों पर मामला दर्ज कर दिया गया है जो गलत है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि जिस तरह से अमोली में दिनदहाड़े जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया है जिससे ऐसा लग रहा है कि रेत ठेकेदार के कर्मचारी दिनदहाड़े हथियारों के साथ लोगों को डरा धमका रहे हैं और उन्हे कोई डर नहीं है। पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर ग्रामीणों पर जो मामला दर्ज किया गया है वह अनुचित है उसकी जांच करने और जिन लोगों ने गुंडागर्दी कर जानलेवा हमला किया है उन पर कार्यवाही करने एवं रेत ठेकेदार के कर्मचारियों की वेरिफिकेशन करवाने की मांग की है।

### इनका कहना है

अमोली के बजरंग मंदिर चौक में बुधवार को रायल्टी एवं रेत ले जाने की बात को लेकर ट्रैक्टर चालक, ग्रामीण एवं रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद रेत ट्रैक्टर एवं रेत ठेकेदार के कर्मचारी की रिपोर्ट पर दो पक्ष के ३-४ लोगों के नामजद एवं अन्य अज्ञात ८ से १० लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत काउण्टर मामला दर्ज किया गया है एवं घटना स्थल पर बने विडियों फुटेज के आधार पर इस घटना क्रम में जो संलिप्त है उनकी पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी।

**हेमंत नायक**
**थाना प्रभारी**
**लालबर्रा**

---

# श्री सत्य सांई बाबा के सांई रथ का जगह-जगह किया गया स्वागत, भजन का हुआ आयोजन






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। श्री सत्य सांई बाबा का वर्ष २०२५ में जन्म शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। इसी कड़ी में म.प्र. में जागरूकता अभियान चलाकर बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्री सत्य सांई रथ यात्रा निकाली गई है और यह सांई रथ यात्रा लालबर्रा विकासखण्ड में गत दिवस प्रवेश की है। जिसके बाद यह सांई रथ यात्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए गुरूवार को सांई रथ का लालबर्रा नगर मुख्यालय में आगमन हुआ। जिसका जगह-जगह श्री सत्य सांई सेवा समिति एवं श्रध्दालुओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। यह सांई रथ एवं कलश यात्रा सिवनी मार्ग स्थित माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर मुख्यालय का भ्रमण करते हुए अस्पताल कालोनी स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर पहुंची। इस दौरान सांई रथ का नगरवासियों ने स्वागत किया एवं रथ में रखे श्री सत्य सांई बाबा के चरण पादुका एवं छायाचित्र की पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित किये एवं भजन का भी गायन किया। साथ ही श्री मनकामेश्वर मंदिर में मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें उपस्थितजनों को श्री सत्य सांई बाबा की सांई रथ यात्रा निकालने के उद्देश्य के बारे में बताया गया और बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई। जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। वहीं इस श्री सत्य सांई बाबा के रथ यात्रा में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे भी उपस्थित होकर बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त की। साथ ही विगत दिवस से लालबर्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सांई रथ यात्रा पहुंच रही है। इस दौरान ग्रामीणजन अपने-अपने आंगन में रंगोली, माला एवं श्री सत्य सांई बाबा की फोटो एवं आरती की थाल सजाकर रखते है और जब सांई रथ ग्रामीणजनों के मकानों के सामने से गुजरती है तो ग्रामीणजन दीप जलाकर रथ का स्वागत करते है और रथ में विराजमान श्री सत्य सांई बाबा की चरण पादुका एवं उनकी प्रतिमा की पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित करते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मुंजारे ने कहा कि श्री सत्य सांई बाबा की सांई रथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर रही है जिसका सभी लाभ ले और बाबा के संदेश मानव सेवा ही माधव सेवा के विचारों के साथ हमें आगे बढ़ना है, सत्य, प्रेम, निष्ठा, अहिंसा, दया, करूणा के भावनों के साथ काम करना है और मेरा सौभाग्य है कि बाबा श्री साईं के चरणों में नमन करने एवं भव्य रैली में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही यह भी कहा कि हम सब एक मानव के रूप में धरती में आये हैं, हमने मानव का जन्म लिया है तो उसका सही उपयोग करें और सत्य के मार्ग पर चलकर पीड़ित मानवता की सेवा करें। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि म.प्र. में गत ७ जुलाई से श्री सत्य सांई रथ यात्रा निकाली गई है। जो म.प्र. के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर बालाघाट जिले के लालबर्रा विकासखण्ड में गत दिवस प्रवेश की है और गुरूवार को घोटी ग्राम का भ्रमण कर सांई रथ लालबर्रा मुख्यालय पहुंची थी। जिसका श्री सत्य सांई सेवा संगठन समिति एवं श्रध्दालुओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया और यह सांई रथ यात्रा नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए श्री मनकामेश्वर मंदिर पहुंची। इस दौरान श्री सत्य सांई बाबा के रथ में विराजमान बाबा के चरण पादुका की पूजा अर्चना कर क्षेत्रीयजन धर्मलाभ अर्जित किये है एवं यह यात्रा एक महीने तक लालबर्रा विकासखण्ड के सभी ग्रामों में पहुंचेगी और बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, श्री सत्य सांई सेवा संगठन लालबर्रा के पदाधिकारी एवं श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

---

# महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में गत दिवस एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सुमन बरवा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आयोजित कार्यशाला में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आशा परिहार एवं उज्ला राहंगडाले ने सहभागिता दर्ज की और इस पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूक किया। आयोजित कार्यशाला में लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य वक्ता डॉ. सीमा बोपचे एवं अनुराग चित्रिव के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित कर एड्स से संबंधित जानकारी एवं उपचार की क्रमबध्द रूप से जानकारी दी। साथ ही यह यह भी कहा कि सही जानकारी एवं दवाओं का प्रयोग कर एड्स से प्रभावित व्यक्ति भी सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी नरेश सौलखे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. निर्मल कीर्ति गेड़ाम, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. पल्लवी जाटव, डॉ. देवराज चौरे, श्रीमती संध्या परते, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. क्रांति जैन, श्रीमती अनिभा शरणागत, श्रीमती आशा कारे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, लकेश गेड़ाम, रामदयाल मथारे, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्रीमती सरिता ऐड़े, मिनेश पंचेश्वर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 25 दिसम्बर को मैं करूंगा आत्मदाह-ज्ञानप्रकाश पटेल

## किसानों के समर्थन मूल्य की लड़ाई में धरना प्रदर्शन का क्रम जारी







वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में लगातार खरीदी केंद्रो के सामने किसानों का धरना प्रदर्शन का क्रम जारी है। जिसमें ५ दिसंबर को सेवा सहकारी समिति बुदबुदा के खरीदी केंद्र में किसान गर्जना के तत्वावधान में किसानों के द्वारा टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया है। इस दौरान किसानों के द्वारा खरीदी केंद्रो में धान लेकर आने की जगह केंद्र के सामने धरने पर बैठकर शासन की वादा खिलाफी के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है। इस कड़ी में देखने में आ रहा है कि किसान जागरूक होकर स्वयं धरना आंदोलन में शामिल हो रहे है। हालांकि किसान गर्जना ने १ दिसंबर से प्रारंभ किया गया था परंतु ५ दिसंबर तक लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ करने का दौर चालू है। इस दौरान सेवा सहकारी समिति के खरीदी केंद्रो में किसानों के द्वारा अपनी धान भी लाई गई है परंतु उसे ढक कर रख दिया गया है। जो शासन को नहीं दे रहे हैं वहीं किसान सोसायटी में धान लेकर भी नहीं आ रहे हैं, जिनके द्वारा चुनाव में मंचों से की गई घोषणा और संकल्प पत्र में दर्शाये गये धान के ३१०० रुपये समर्थन मूल्य की मांग की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, किसान गर्जना जिला महामंत्री ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पु पटेल ने सरकार की वादा खिलाफी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए २५ दिसंबर तक समर्थन मूल्य ३१०० रूपये नहीं होने पर २५ दिसंबर को नगर के जय स्तंभ चौक पर आत्मदाह करने की चेतावनी भी देते हुए इस कदम के लिए शासन प्रशासन और प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया है।

### धीरे धीरे आंदोलन ले रहा वृहद रूप

किसान गर्जना संगठन के द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर शासन से २८ नवंबर तक धान का समर्थन मूल्य ३१००रूपये करने की मांग की गई थी अन्यथा धरना आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी। परंतु मांग पूरी ना होने पर किसान गर्जना संगठन ने १ दिसंबर से समस्त खरीदी केंद्रो पर धरना प्रदर्शन का आव्हान किसानों से किया गया था। हालांकि १ दिसंबर को वारासिवनी क्षेत्र की सोसायटीयों में यह विरोध सुनाई नहीं दिया परंतु धीरे धीरे यह धरना प्रदर्शन वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के समस्त खरीदी केंद्रो में देखने में आ रहा है। जहां पर किसान स्वंय ही जागरूक होकर टेंट लगाकर धान को समिति में लाने से किसानों को रोक रहे हैं। शासन से किए गए वादे के अनुसार ३१०० रुपये समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं ,जिसके कारण समस्त समिति के खरीदी केंद्र खाली पड़े हुए हैं। जिसमें कुछ स्थानों पर किसानों के द्वारा धान लायी गई थी परंतु उनके द्वारा उसे समिति परिसर में ढाक कर रख दिया गया है परंतु समिति को नहीं दिया गया है।

### सरकार ने संकल्प पत्र में जो घोषणा किये थे उसे पुरा करें-पीतांबर नागेश्वर

किसान पीतांबर नागेश्वर ने बताया कि हम किसान धरना प्रदर्शन में सुबह से डटे हुए हैं हम चाह रहे हैं कि धान समिति में ना आयें। मुख्यमंत्री मोहन यादव के संकल्प पत्र में और उनके द्वारा मंचों से घोषणा कर ३१०० रूपये देना का वादा किया गया था। किसानों के द्वारा अपनी उपज के सही दाम की मांग कर रहे हैं और हमने भी फैसला लिया है कि ३१०० समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा तो धान नहीं बचेंगे। अभी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बालाघाट आए थे उनके भाषण के पहले ही जानता वहां से चली गई। क्योंकि उन्होंने किसानो के बारे में कुछ नहीं कहा जबकि किसान नेता बनाता है उन्होंने यहां पर लच्छेदार भाषण देकर चले गए।



### मुख्यमंत्री ने ३१०० रूपये देने का किया था वादा-लोमहर्ष बिसेन

जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने बताया कि सरकार ने वादा किया था कि ३१०० रूपये किसानों को धान का मूल्य २०२३ के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के साथ देने कहा गया था। उसके बाद चुनाव खत्म हुए खरीदी चालू हुई तब भी नहीं दिया गया। फि र अभी लोकसभा के समय मुख्यमंत्री रामपायली आए उन्होंने सभा में कहा बजट आवंटित करेंगे। अभी आचार संहिता है तो इसे हम आगे देंगे परंतु यह दूसरी खरीदी प्रारंभ हो गई है ३१०० का कोई पता नहीं है। अभी किसान उपज ला नहीं रहे हैं हम ३१०० रूपये की मांग कर रहे हैं यह जो सरकार को करना होगा अन्यथा हम धान नहीं देंगे यह हमारी अनिश्चितकालीन हड़ताल है जो चलती रहेगी।



### विधायक को रोड़ पर लड़ने कहा किंतु रुझान ही नहीं दिखा रहा-ज्ञानप्रकाश पटेल

किसान गर्जना जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश उर्फ पप्पु पटेल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने रामपायली में आकर अपना भाषण दिया था कि किसानों को ३१०० रूपये धान का समर्थन मूल्य दिया जायेगा। लेकिन अब वह अपने विचारों से मुकर रहे हैं इससे किसानों की भावना भी आहत हुई है। विषय रुपयों का नहीं है किसानों को २३०० में पड़ता ही नहीं सोडा खाद दवा सब महंगे हो गये है। जिले में लाड़ली बहना योजना मिलने से महिलाएं काम करने आती ही नहीं है और आती है तो ३०० रूपये मजदूरी मांगती है। श्री पटेल ने बताया कि सरकार अगर २५ दिसंबर तक धान को ३१०० रूपये में नहीं खरीदेगी तो मैं २५ दिसंबर को नगर के जय स्तंभ चौक पर अपने उपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करूंगा। इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन ,मुख्यमंत्री और बीजेपी के बड़े बड़े नेता होंगे। अगर किसानों की मांग पुरी नही हुई तो मेरे जैसे कई किसान आत्मदाह करेंगें। मैदान में कोई नेता नहीं उतरता है कांग्रेस के जो विधायक जीते हैं वह भी नहीं आ रहे हैं। वारासिवनी खैरलांजी के विधायक तो जनता के लिये मुख्यमंत्री के सामने खड़ा भी नहीं हुआ। विधायक को कहा था काले झंडे दिखाओ कुछ नहीं किया जबकि उन्हें जनता ने लड़ाई लड़ने के लिए विधायक बनाया है। अगर विधायक किसानों को सभी दाम नहीं दिलाएंगे तो जनता जरूर विरोध करेगी भाजपा का हमें पता नहीं पर विधायक को अपना फर्ज निभाना चाहियें और किसानों को ३१०० रूपये दिलाना चाहियें। आज सुबह विधायक को खबर भेजा था की रोड़ पर लड़ने चलो किंतु उनका रुझान नहीं दिख रहा है।



### जब तक किसानों की मांग पुरी नही होती आंदोलन चालू रहेगा-रामकुमार नगपुरे

किसान गर्जना जिलाध्यक्ष रामकुमार नगपुरे ने बताया कि सरकार के द्वारा लगातार वादा खिलाफी की जा रही है जिसको लेकर किसानों में काफी आक्रोश है और वह इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से देखने को मिल रहा है। जिले के समस्त खरीदी केंद्रो में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें हमारे द्वारा क्षेत्र के ग्राम सवारी और मोहाड़ी के धरना प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया। जहां पर किसानों से चर्चा भी की गई जिसमें सामने आया कि किसान बहुत परेशान है आज के समय में हर चीज महंगी हो गई है। खेती की लागत बढ़ गई है मुनाफा नहीं हो पा रहा है,सरकार को ३१०० रुपए प्रति क्विंटल जो उनके द्वारा चुनाव में घूम घूम कर वादा किया गया है। उसे पूरा करना चाहिए और यह धरना प्रदर्शन तब तक चलेगा जब तक सरकार किसानों को किए गये वादे को पूरा नहीं कर देती है।



# बुदबुदा के ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## ग्राम में की गई मीनिंग स्वीकृति को निरस्त करने की गई मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा के ग्रामीणों के द्वारा ५ दिसंबर को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम का ज्ञापन तहसीलदार इमरान मंसूरी को सौंप कर ग्राम में खसरा नंबर ७७४ एवं ७७५ कुल रकबा २४.६१४ पर की गई माईनिंग स्वीकृति को निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित है कि हम सभी ग्रामवासी ग्राम पंचायत बुदबुदा के स्थाई निवासी है हमारे ग्राम बुदबुदा के खसरा नंबर ७७४ एवं ७७५ में मैंगनीज खदान की नीलामी की स्वीकृति प्रदान की गई है जो अनुचित है। इस रकबा में स्कूल तथा मैदान सुरक्षित है मैंगनीज खदान का कार्य एजेंसी के द्वारा प्रारंभ हो चुका है। मैंगनीज खदान की स्वीकृति से जान माल की हानि सुनिश्चित है। हम चाहते हैं कि उक्त खसरा नंबर पर स्वीकृत मैंगनीज खदान को शीघ्र निरस्त करें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ग्रामीण सूरज कडूकार ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि हमारे ग्राम में माईनिंग टेस्टिंग का कार्य चालू हो गया है जिसके लिए कंपनी के द्वारा मशीन भी लाई गई है। जिसको लेकर हमारे द्वारा आपत्ति लगाई जा रही है क्योंकि यह जो स्थान है वह वर्तमान में स्कूल के पास में है। वहीं उक्त भूमि हमारे स्कूल और चारागाह के लिए उपयोग होती है। पास में नदी भी है एनजीटी के नियम का उल्लंघन भी किया जा रहा है। भविष्य में हमारे यहां सीएम राइज स्कूल भी खुलने वाला है ऐसे में समस्या होगी। इसके लिए हम ज्ञापन देने के लिए आए हैं और हम चाहते हैं कि यह जो स्वीकृत माईनिंग है उसे निरस्त किया जाए।



# सड़क किनारे अतिक्रमण पर नगर पालिका ने की कार्यवाही





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के द्वारा ५ दिसंबर की दोपहर में आंबेडकर चौक से नेहरू चौक तक दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया एवं नगर पालिका अमले की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें सेंट्रल बैंक के सामने रोड़ किनारे पक्का टेंट लगाकर दुकान संचालित कर रहे लोगों को उनकी दुकान खोलने और अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके बाद कुछ लोगों के द्वारा स्वयं का अतिक्रमण हटा लिया गया बाकी लोगों का अतिक्रमण नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा हटाया गया। जहां पर बांस बल्ली व विभिन्न सामग्री नगर पालिका के द्वारा जप्त की गई। विदित हो की उक्त स्थान पर लोगों के द्वारा मनमर्जी रूप से पक्का टेंट लगाकर दुकान संचालित की जा रही थी जहां पर रोड़ के किनारे तक दुकान लगाई गई थी। जिसके कारण यातायात सहित अन्य प्रकार की बांधा उत्पन्न हो रही थी जिस पर नगर पालिका के द्वारा कार्यवाही की गई है। पद्मेश से चर्चा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया ने बताया कि नेहरू चौक तक छोटे व्यापारी के द्वारा स्थाई रूप से दुकान लगाई गई थी जिन्हें हटाया गया है। इस संबंध में पार्षद के द्वारा बार बार शिकायत की जा रही थी जिस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही की गई है और इसके कारण यातायात भी बाधित हो रहा था। उन सभी को वहां से हटा दिया गया है और निर्देशित किया जा रहा है की दुकान लगाना है तो चलित ठेले में दुकान लाकर लगाये और फिर अपने घर ले जा ले। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कासपुर में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कासपुर के माताटोला में बीते १ दिसंबर से प्रारंभ टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच नयाटोला एवँ माताटोला के बीच खेला गया। जिसमें एक तरफा मैच में माताटोला ने १० विकेट से जीत दर्ज कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। १ दिसंबर से आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले भर की १४ टीमें शामिल हुई थी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेजबान माताटोला और नयाटोला के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर माताटोला ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। जिसके बाद बैटिंग करने उतरी नयाटोला की टीम ने ८ ओवर में ५ विकेट खोकर ९१ रन बनाई। रनों का पीछा करने उतरी माताटोला की टीम के बल्लेबाजो ने धमाकेदार शुरुआत की और ४ ओवर में ९२ रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। माताटोला की ओर से सौरभ गांधी ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच जीता दिया। जिन्हें मेन ऑफद मैच चुना गया वहीं विजेता माताटोला की टीम को ट्राफी और १५ हजार रूपये ,वहीं उपविजेता नयाटोला की टीम को ७५०० रूपये व ट्राफी से सम्मानित किया गया। विधायक पटेल ने कहा की मैच वही जीतता हैँ जो आखरी बॉल तक मैदान पर डटे रहता हैँ जब तक आखरी बॉल नहीं फेंकी जाती हार जीत नही होती। क्रिकेट मैच खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है नयाटोला की टीम ने बहुत अच्छा क्रिकेट खेली। एक समय ऐसा लग रहा था की बहुत बड़ा स्कोर बनाएगी मगर एक के बाद एक विकेट नयाटोला की टीम के गिरते रहें फिर भी अच्छा खेली। ग्राउंड की पहचान अच्छे खिलाड़ी से होती है जो पिच पर डटा रहेगा वहीं मैच जीतेगा। बॉलर एक ना एक बॉल खराब फेंकता ही है और बेस्टमैंन उस बॉल पर चौका छक्का मारता ही है क्रिकेट खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान पर जीतू राजपूत,अनिल पिपरेवर, राजकुमार चौधरी, महात्मा हनवत, मदन मंडलवार, लक्ष्मण चौधरी, योगेन्द्र उइके,जगदीश उइके,संजू उईके,मनीष बिसेन,अंकित ठाकरे,देवचन्द मंडलवार, सुरेश मंडलवार, लवलेश हनवत,महेन्द्र शरणागत सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या

एक हफ्ते तक चले तर्क-वितर्क के बावजूद, प्लास्टिक को चरणबद्ध ढंग से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा शुरू किया गया महत्वाकांक्षी प्रयास नाकाम साबित हुआ। वैश्विक प्लास्टिक संधि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य-देशों द्वारा 'समुद्र सहित पूरे पर्यावरण से प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने' के लिए 2022 में पारित एक प्रस्ताव का नतीजा है। इसके बाद के दो वर्षों में, ये देश एक विस्तृत रूपरेखा समझौते के लिए पांच बार मिले, जिसमें ताजा मुलाकात (जिसे बतौर आखिरी प्रचारित किया गया था) भी शामिल है। वर्ष 2022 का संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव ऐतिहासिक माना गया, क्योंकि इसने यह भान कराया कि दुनिया इस बात पर एकमत है कि प्लास्टिक प्रदूषण से वैश्विक समन्वित कार्रवाई के जरिए ही निपटा जा सकता है। हालांकि, इस समस्या का समाधान विभाजनकारी साबित हुआ है। बुसान में पांचवें दौर की बैठक में लगभग 170 देश एकत्र हुए। इनमें से लगभग आधे देशों (जिनकी अगुवाई यूरोपीय संघ ने की और समर्थन प्रशांत महासागर के द्वीप-राष्ट्रों ने किया) का नजरिया था कि प्लास्टिक के उपयोगी होने और आधुनिक युग में बड़े पैमाने पर उपभोग को सक्षम बनाने बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होने के बावजूद, इसका नष्ट न होने का गुण एक पर्यावरणीय खतरा है। यह जमीन और समुद्र, दोनों के प्राणियों के शरीर में प्रविष्ट होना शुरू हो गया है, और बेबस नगरीय पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) प्रणालियों से बाहर निकल रहे कूड़े के रूप में आंख की किरकिरी से कहीं बढ़कर हो चुका है।

बेहतर रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग से इस स्थिति से छुटकारा मिल जाने के दावे को ये राष्ट्र दिवा-स्वप्न मानते हैं, और इसलिए प्लास्टिक, वर्जिन पॉलीमर के स्रोत पर धीरे-धीरे कटौती लागू करना ही प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने का इकलौता प्रभावी रास्ता था। हालांकि, कई बड़े विकसित देश, और तेल निकासी व पेट्रोकेमिकल रिफाइनिंग पर आधारित अर्थव्यवस्था वाले देश ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करना चाहते। वे प्लास्टिक उत्पादन में कटौती के आह्वानों को पर्यावरणवाद के भेष में छिपे व्यापार अवरोधों के रूप में देखते हैं। वे प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या के सूत्रीकरण को इस रूप में देखते हैं जिसके तहत 2022 के प्रस्ताव के लक्ष्य से परे जाकर उत्पादन के विनियमन की जरूरत है। भले ही बातचीत रुक गयी है, लेकिन संभावना है कि ये देश अगले साल फिर मिलेंगे (संभवतः एक नये दृष्टिकोण के साथ) और ज्यादा सृजनात्मकता के साथ गतिरोध से बाहर निकलेंगे। भारत ने उन देशों के साथ खड़ा होना चुना है जो उत्पादन कटौतियों के खिलाफ हैं; पर, उसे यह स्वीकार करना ही होगा कि प्लास्टिक को पुनर्चक्रित (रीसाइकिल) करने की उसकी क्षमता हर साल नये आने वाले प्लास्टिक की महज लगभग एक-तिहाई ही है। अर्थव्यवस्था के लिए प्लास्टिक की अपरिहार्यता भारत के लोगों, इसकी इकोलॉजी और समुद्री पर्यावरण पर स्वास्थ्य संबंधी असर के मूल्यांकन को लेकर कार्रवाई में देरी का स्थायी बहाना नहीं हो सकती। खुद को इतिहास की गलत तरफ पाने के मुकाबले योजनाबद्ध ढंग से बाहर निकलना हमेशा बेहतर होता है।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र



उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।

2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

**- ललित गर्ग**

# आओ एक और एक ग्यारह बनें-बटेंगे तो कटेंगे एक हैं तो सेफ़ हैं,पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें

वैश्विक स्तरपर भारत में गूंज रहे नारों बाटेंगे तो काटेंगे, एक हैँ तो सेफ़ हैं का आगाज़ पूरी दुनियाँ के हर देश में हो रहा है, लोग अपने-अपनी सोच से इसका अर्थ निकाल रहे हैं। मैंने 3 दिसंबर 2024 को सुबह सोशल मीडिया में एक हमारे मुस्लिम भाई के विचार सुने तो उनकी बुद्धि का लोहा माना,उन्होंने कहा यह दोनों नारे हमारे पूरे भारत की जाति धर्म मतभेद दंगे फसाद भुलाकर एक होने के लिए है, ताकि हम भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विकसित देश व वैश्विक गुरु बना सके अगर हम आपस में ही जाति धर्म में उलझे रहे तो विज़न 2047 कभी पूरा नहीं होगा, इसलिए यह दोनों नारे सटीक बैठ रहे हैं इसका अर्थ एक और एक ग्यारह से लगाएं,जाती धर्म समुदाय से जोड़कर ना देखे!! बस, मैं उनका अर्थ पारदर्शिता से समझ गया व इसपर आर्टिकल बनाने की तैयारी कर रिसर्च किया, विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या भारत की है (1) भारत-142.86 करोड़ (2) चीन-142.57 करोड़ (3) अमेरिका -34.43 करोड़ (4) इंडोनेशिया- 27.38 करोड़ (5) पाकिस्तान-23.14 करोड़ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,142.8 करोड़ जनसंख्या एक-एक कदम चलते हैं तो 142.8 करोड़ कदम आगे बढ़ते हैं तभी विश्व को जीत सकेंगे आओ एक और एक ग्यारह बने-बटेंगे तो कटेंगेएक है तो सेफ़ हैं,पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें भारत के बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों, कौशलता निपुण विद्वानों कुछ्छल नेतृत्व धारक मनीषियों के विचारों का हमारे देश में अण्खुट खज़ाना है,हालांकि इनकी वैचारिक शक्ति का प्रयोग और क्रियान्वयन भी संस्कारों की जननी भारत माता के गोद में किया जाता है।परंतु वर्तमान समय में हमारे भारतवर्ष में जो एक विषय जोरों से चर्चा में है, उस पर बहुत गंभीरता से हर देशवासी को सकारात्मक सोचना होगा यह विषय है!142 करोड़ जनसंख्या के कार्यबल, बुद्धि कौशल और शुभ संकल्प का संपूर्ण क्षमता के साथ दोहन करना।

साथियों यह विषय अगर हर भारतीय नागरिक जिसमें राजनैतिक शासन-प्रशासन, पक्ष विपक्ष, सभके समझ में आ गया, व उसका क्रियान्वयन पूर्ण स्केल के साथ करना शुरू हुआ तो दुनियाँ की कोई ताकत भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ विकसित देश बनाने में नहीं रोक सकती साथियों बात अगर हम माननीय पीएम जापान के टोक्यो में क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 में भाग लेने के दौरान भारतीय समुदाय से बातचीत की करें तो उन्होंने कहा था आज हिन्दुस्तान से 130 करोड़ लोग और मैं जापान में बैठे हुए लोगों की भी आंखों में वही देख रहा हूं 130 करोड़ देश्वासियों का आत्मविश्वास संकल्प, सपने और इस 130 करोड़ सपनों को पूर्ण करने का ये विराटसामर्थ्य परिणाम निश्चित लेके रहेगा दोस्तों। हमारे सपनों काभारत हम देखके रहेंगे।आज भारत अपनी सभ्यता,अपनी संस्कृति अपनी संस्थाओं के, अपने खोये हुए विश्वास को फिर से हासिल कर रहा है।

साथियों बात अगर हम कुछ अवधि से चर्चाओं में चल रहे विषय जाति आधारित जनगणना और जनसंख्या नियंत्रण कानून की करें तो हालांकि नीतिगत फैसला अभी नहीं हुआ है। परंतु अभी ज़रूरत है वर्तमान ज़नसंख्या स्थिति को संज्ञान में लेकर उसके कार्यबल, बौद्धिक कौशलता का उपयोग करने के रणनीतिक रोडमैप बनाने की, क्योंकि भारत माता की मिट्टी के गुण इतने प्रभावी हैं कि यहां हर नागरिक में किसी न किसी कौशलता बुद्धिमता का गुण समाया हुआ है! बस! ज़रूरत है उसे तराशने की, उचित ट्रेनिंग देने की, जिसमें अगर हम सफ़ल हो जाते हैं तो रोज़गार मांगने वाला रोज़गार सृजनकर्ता बन जाएगा।142.8 करोड़ लोगों के हाथों में काम होगा तो हम भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच क्या? 25 ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था भी ले जाने की क्षमता रखते हैं!

साथियों अगर हम वैश्विक रचना पर नजर घूमांए तो हमारा एक राज्य यूपी,दुनियाँ के सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देशों के पांचवे देश के नम्बर में है,तो हम विचार करें कि, हमारे एक संयुक्त भारत में आज राज्य 35 हैं तो हमसे बहुत छोटी जनसंख्या वाले देशों के नागरिकों के हाथ में काम है, और कौछलता है तथा उनका जीवन स्तर उच्चतर है, तो फिर भारत में तो अपेक्षाकृत अधिक बुद्धि कौशलता और कार्य करने की क्षमता और काबिलियत है! हम तो उनसे कई गुना आगे बढ़ सकते हैं,बस जरूरत है उसे तराशने की जो काम राजनीतिक कौशलबुद्धि और वैचारिक एकता के मंत्र को अपनाने पर क्रियान्वयन होगा, यांने वैश्विक स्तरपर एक है तो सेफ है, बाटेंगे तो काटेंगे।

साथियों बात अगर हम 135 करोड़ साथियों के कार्यबल बुद्धि कौशलता के निखार की करें तो हालांकि अलग अलग मंत्रालयों के तहत कार्य योजनाएं चलाई जा रही है। व कौशलता विकास मंत्रालय भी बना हुआ है परंतु मेरा एक सुझाव है जिस तरह से सेनाओं के तीनों अंगों के लिए एक पीडीएफ पद का सृजन कर नियुक्ति की गई है ठीक उसी प्रकार 142.8 करोड़ जनसंख्या के लिए अलग-अलग मंत्रालयों के तहत कार्यबल बुद्धि कौशलता क्षमता का उपयोग करने बनाए गए अपने-अपने विभाग के रणनीतिक रोडमैप को एक सूत्रीय पद याने एक विशेष मंत्रालय बनाकर यानें तालमेल के लिए उस मंत्रालय का सृजन कर माननीय पीएम के अंतर्गत दिया जाए तो इस कार्य में तीव्रता से वृद्धि होगी और हमारी 142.8 करोड़ जनसंख्या की कार्यक्षमता और उनकी कौछल क्षमता के दोहन का अभूतपूर्व विकास होगा और हम शीघ्र ही लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और आत्मनिर्भर बहुत तेज़ी से बनेंगे।

साथियों बात अगर हम जातिगत, राजनीतिक स्थिति आंदोलनों, आरक्षण की लड़ाई की करें तो मेरा मानना है कि अगर 142.8 करोड़ पूरी जनसंख्या को उनके कार्यबल और कौछलता का आभास करा कर उनको निख़ारा जाएगा तो उनको यह एहसास कराकर सफ़लता की चाबी उनको दी गई, तो उपरोक्त सभी मामलों का अंत होने की भी संभावना है, क्योंकि हर हाथ में रोज़गार होगा तो जातीयता, आरक्षण,राजनीति,नकारात्मकता की ओर किसी का ध्यान नहीं जाएगा, हालांकि अगर हम इस मुद्दे को नकारात्मकता से संज्ञान में लेकर विश्लेषण करें तो नकारात्मक रिजल्ट ही निकलेगा इसीलिए हमें इस विषय को सकारात्मकता से संज्ञान में लेने की ज़रूरत है।

साथियों बात अगर हम कुछ कुछ समय पहले केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम के संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी 135 करोड़जनसंख्या के बारे में कहा था कि आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत के उज्ज्वल भविष्य और विश्व में भारत को उन्नत स्थान दिलाने के लिए मन में आशा जगाने,संकल्प लेने और अपने कार्यों से इन आशाओं को पूरा करने का है। उन्होंने कहा कि भारत 135 करोड़ की आबादी वाला देश है और अगर सभी 135 करोड़ भारतीय आज़ादी के अमृत महोत्सव में एक-एक संकल्प लें तो एक बहुत बड़ी शक्ति बन जाएगी।अगर हम सब भारतीय एक ही दिशा में एक एक कदम चलते हैं, तो हम सब एक साथ 135 करोड़ कदम आगे बढ़ते हैं। ये हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि हम आज़ादी के अमृत महोत्सव को प्रेरणा का एक स्रोत व चेतना जागृत करने का माध्यम बनाकर भारत के विकास का राजमार्ग बनाएं।

अत: अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ एक और एक ग्यारह बने,बटेंगे तो कटेंगे,एक हैँ तो सेफ़ हैं, पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें।हम सब भारतीय एक ही दिशा में एक एक कदम चलते हैं तो हम सब एक साथ 142.8 करोड़ कदम आगे बढ़ते हैं,विश्व को भारत की 142.8करोड़ जनसंख्या का बुद्धि कौशलता,कार्यबल शुभ संकल्प दिखाने का समय आ गया है।

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

# झारखण्ड में क्यों धराशाई हो गए नफ़रत फैलाने के विशेषज्ञ ?

गत दिनों महाराष्ट्र व झारखण्ड के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हुये। दोनों ही राज्यों ने सत्तारूढ़ दलों को ही पुनः सत्ता सौंपने का जनादेश दिया। परन्तु भोंपू मीडिया ने महाराष्ट्र में भाजपा व शिवसेना (शिंदे ) की जीत को कुछ इस तरह पेश किया गोया उसने आगामी 2029 के लोकसभा चुनावों का सेमीफ़ाइनल जीत लिया हो। महाराष्ट्र की जीत को हिंदुत्व की जीत प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ़ हैं जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे। उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा। और अब ताज़ा तरीन चुनावों में शिव सेना शिंदे गुट को भी पीछे छोड़ भाजपा ने अपने दम पर सबसे अधिक सीटें जीत कर महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर हुये चुनाव में बीजेपी ने 125 सीटें, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 57 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसतरह महायुति गठबंधन ने 234 सीटें हासिल कर राज्य में ज़ोरदार जीत हासिल की।

भाजपा द्वारा तोड़ फोड़, वैमनस्य और सत्ता बल के दुरूपयोग के अलावा नफ़रत फैलाने साम्प्रदायिकता भड़काने का खेल झारखण्ड में भी खेला गया। वहां भी इन्हीं बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ़ हैं जैसे नारों का सहारा तो लिया ही गया साथ ही जानबूझकर बंग्लादेशी घुसपैठिये के नाम पर अल्पसंख्यक विरोध की जमकर राजनीति भी की गयी। निर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सत्ता का दुरूपयोग कर जेल भेजा गया। चंपई सोरेन जिन्हें हेमंत सोरेन ने जेल जाते समय अपना उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री बनाया था उस चंपई को भी भाजपा ने एकनाथ शिंदे की ही तर्ज़ पर अपने साथ मिला लिया और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को कमज़ोर करने की कोशिश की गयी। भाजपा ने राज्य के चुनावों में नफ़रती ज़हर घोलने के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा जैसे दो नेताओं को स्थाई रूप से झारखण्ड चुनावों में तैनात किया। इन नेताओं ने ही यहाँ बड़ी ही प्रमुखता से बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा का नाम इसलिये भी उल्लेखनीय है क्योंकि इनके कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हीं को कांग्रेस पार्टी का सबसे भ्रष्ट नेता बताती थी। और इन्हीं को बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाने के लिये झारखण्ड भेजा गया ? इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा की पूरी सेना राज्य में मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास में लगी रही परन्तु इन सबके बावजूद चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं आ सके और झामुमो गठबंधन पुनः अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बना पाने में सफल रहा।

ग़ौरतलब है कि भाजपा अपने मिशन के अनुसार लंबे समय से इस शांतप्रिय आदिवासी बाहुल्य राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का असफल प्रयास करती रही है। याद कीजिये जब जुलाई 2018 में केंद्र सरकार में तत्कालीन मंत्री और झारखंड के हज़ारीबाग से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा मॉब-लिंचिंग के आरोपियों को ज़मानत मिलने पर फूल-माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते व उन हत्यारों को मिठाई खिलाते नज़र आये थे। 2017 में इन आठ साम्प्रदायिक हत्यारों ने एक मुस्लिम मांस व्यापारी की रामगढ़ में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। ज़मानत मिलने के बाद यह हत्यारे केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के हज़ारीबाग़ स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे जहाँ मंत्री जयंत सिन्हा ने इन सभी का सम्मान किया। उसके बाद भी इस राज्य में मॉब लॉन्चिंग व साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने की अनेक घटनायें हुईं। परन्तु इन सब के बावजूद झारखण्ड के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बचा पाने में झामुमो कांग्रेस व राजद जैसे सहयोगियों का गठबंधन पूरी तरय सफल रहा। हाँ इस चुनाव में राज्य को झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के रूप में एक नई युवा महिला नेता ज़रूर मिल गयी। साथ ही चंपई सोरेन को भी राज्य के मतदाताओं ने पटखनी देकर यह बता दिया कि राज्य की जनता विभीषणों के साथ हरगिज़ नहीं है। न ही राज्य के लोगों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर मुस्लिम विरोध की भाजपाई साज़िश को स्वीकार किया।

ठीक इसके विपरीत राज्य के बहुसंख्य आदिवासियों ने पूरी एकता के साथ व आदिवासी अस्मिता की रक्षा की ख़ातिर झारखण्ड के स्थाई निवासियों को घुसपैठिया बताने वालों को ही घुसपैठिया चुनाव प्रचारक बताकर 5 वर्षों के लिये चुनावी परिदृश्य से बाहर धकेल दिया। निश्चित रूप से राज्य के मतदाताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को भी आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर देखा। अन्यथा केंद्रीय सत्ता,भारी धनशक्ति,मीडिया,शासन तंत्र,लालच,भय,झूठ व अफ़वाह का आडम्बर,नफ़रती विष बेल क्या नहीं था भाजपा के पास, परन्तु कुछ भी झारखण्ड में काम न आया ? निश्चित रूप से राज्य के लोगों ने एक हैं तो सेफ़ हैं जैसे भाजपाई नारों का अनुसरण करते हुए पूरी एकता का प्रदर्शन करते हुये उन बाहरी लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया जो अन्य प्रदेशों से आकर राज्य के संयुक्त समाज व सभ्यता यहाँ की सांझी तहज़ीब आदि को समाप्त करना चाह रहे थे। सही मायने में झारखण्ड के लोगों ने पूरे देश के मतदाताओं को यही सन्देश दिया है कि केंद्रीय सत्ता,धनशक्ति,मीडिया,भय,झूठ व अफ़वाह तथा नफ़रती भाषणों के बावजूद ऐसी शक्तियों को पराजित किया जा सकता है जोकि मात्र सत्ता हासिल करने की ग़रज़ से अन्य राज्यों से आकर स्थानीय लोगों के बीच फूट डलवाने व उन्हें आपस में लड़वाने का काम करती हैं। झारखण्डवासियों की इसी एकता के चलते नफ़रत फैलाने के विशेषज्ञ राज्य चुनावों में बुरी तरह धराशाई हो गए ?

**- निर्मल रानी**

## बिटकॉइन के भाव ने पार किया 100,000 डॉलर का स्तर

न्यूयॉर्क । दुनिया की सबसे प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, ने 100,000 अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर दिखाया है। इस भारी उछाल के पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नामितीकरण के संदेश हो सकते हैं। ट्रंप ने हाल ही में पॉल एटकिंस को प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के नए अध्यक्ष नामित किया था। इस चयन से क्रिप्टोकरेंसी के प्रति उनके सावधान रुख का संकेत मिला और बिटकॉइन के भाव में तेजी आई। ट्रंप ने अटकिंस को उनके एक पूर्वाधिकारी गेर्ज डब्ल्यू बुश के राष्ट्रपति काल के दौरान एसईसी के आयुक्त नामित किया था। पिछले महीने के चुनावों के बाद से बिटकॉइन की मांग और मूल्य दोनों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद बिटकॉइन ने नई मील स्तंभ का निशाना साबित किया है और सभी दिशाएं इसके अगले कदम की ओर इशारा कर रही हैं।

## देश के सबसे बड़े बैंक में निष्क्रिय खातों पर नजर

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि कई खाताधारक जिन्होंने सरकारी कार्यक्रमों के तहत वित्तीय मदद हासिल करने के लिए खाते खोले हैं, वे एक सीमित संख्या में लेनदेन ही करते हैं। इसके बाद उनके खाते निष्क्रिय हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे खातों के लिए बैंक नए नियमों के लागू होने की स्थिति में है। इसके अलावा एसबीआई ने सप्ताहांत में निष्क्रिय खातों के खिलाफ एक विशेष अभियान भी घोषित किया है। लेकिन निष्क्रिय खातों की सटीक संख्या के बारे में जानकारी नहीं है। चेयरमैन ने आरबीआई को इस मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रस्तावित किए गए नियमों पर सहमति जताई है। इससे पहले एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-वित्तीय लेनदेन को सक्रिय करने के लिए नियमों में बदलाव करने की मांग की थी। इसके अलावा खाते की चालू राशि की जांच जैसे गैर-वित्तीय लेनदेन पर भी ध्यान देने की मांग की गई थी।

## विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ 11 दिसंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। भारत के सुपरमार्केट सेगमेंट की अग्रणी कंपनी विशाल मेगा मार्ट ने घोषित किया है कि वह 8,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आयोजन 11 दिसंबर को करेगी। यह आईपीओ 13 दिसंबर तक खुला रहेगा और बड़े निवेशक 10 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। आईपीओ के दस्तावेजों के अनुसार इसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है और इसे पूरी तरह से प्रवर्तक समयत सर्विसेज एलएलपी के द्वारा शेयरों की बिक्री पेशकश की जा रही है। विशाल मेगा मार्ट की वर्तमान मालिकी में समयत सर्विसेज एलएलपी की 96.55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विशाल मेगा मार्ट के संयोजकों ने बताया कि साल 2024 तक उनके पास भारत में 626 सक्रिय स्टोर होंगे, जिनमें उनकी एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट भी शामिल होगी। विशाल मेगा मार्ट के इस आईपीओ का अवलोकन वित्तीय बाजार में बड़े ही उत्साह से किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह अच्छे सम्पत्ति चयन का माध्यम बन सकता है।

## प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने अंतरिक्ष समूह के साथ किया समझौता

मुंबई। लॉजिस्टिक्स कंपनी प्रिस्टीन वैल्यू लॉजिस्टिक्स ने भिवंडी में अपने सुविधाओं को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने 165,000 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र का अधिग्रहण किया है और दीर्घकालिक पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम से कंपनी अपनी गोदाम क्षमता को बढ़ाकर बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी। प्रिस्टीन लॉजिस्टिक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस संदर्भ में बताया कि यह विस्तार की रणनीति समूह के समग्र दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है। उन्होंने बताया कि ग्रहणन क्षेत्र का निर्माण ध्यान में रखकर किया गया है ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की सामर्थ्य मिल सके। वर्तमान में कंपनी के पास भिवंडी में 11,00,000 वर्ग फुट का भंडारण स्थान है, जिसमें प्रतिदिन 35,000 से अधिक डिब्बे संभाले जा सकते हैं। यह स्थान कंपनी को अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा और उन्हें अपनी व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवाएं और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करने का मौका देगा।

## वनप्लस अगले तीन साल में भारत में करेगी 6,000 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली । वनप्लस चीन की एक प्रमुख स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ने भारत में व्यापार में बड़ी निवेश योजना की घोषणा की है। कंपनी की इस योजना के अनुसार अगले तीन सालों में वनप्लस भारतीय बाजार में 6,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी। वनप्लस ने प्रोजेक्ट स्टारलाईट की शुरुआत करने का निर्णय लिया है, जिसमें कंपनी भारत में उत्पाद नवाचार को बढ़ावा देने और सेवाओं में सुधार करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रोजेक्ट स्टारलाईट निवेश की मुख्य धाराओं में अधिक टिकाऊ उपकरण बनाने, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता बढ़ाने और भारत-विशिष्ट विशेषताओं को विकसित करने का उद्देश्य है। वनप्लस के भारत में एक प्रमुख अधिकारी ने इस निवेश की उच्च प्राधान्यता को दर्शाते हुए कहा कि भारत उनके लिए प्रमुख बाजार है और वे भारतीय समुदाय का साथ और समर्थन प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह निवेश कंपनी के ब्रांड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और उत्पादों और सेवाओं में नवाचार लाने में मदद करेगा।

## हुंदै एक जनवरी से अपने वाहनों की कीमत 25,000 तक बढ़ाएगी

नई दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अपने विभिन्न मॉडल वाहनों की कीमतों में एक जनवरी 2025 से 25,000 रुपये तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बताया कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। इस निर्णय के साथ कंपनी ने यह सुनिश्चित किया कि मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी और इसकी सीमा 25000 रुपये तक होगी।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपने घर की सुख सुविधाओं की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपको कोई जिम्मेदारी मिल सकती है। बिजनेस में यदि आपने पार्टनरशिप कर रखी थी, तो आपको उस पार्टनरशिप से धोखा मिलने की संभावना है, इसलिए आप किसी दूसरे पर काम को लेकर ज्यादा डिपेंड ना रहें।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे और आपका वह काम पूरा भी आसानी से होगा। आपको अपनी गलतियों से सबक लेने की आवश्यकता है। आपकी सेहत कमजोर रहने से आप परेशान रहेंगे। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको अपने परिवार के सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिलेगी। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिल सकती है। आप किसी खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आपने किसी से कोई वादा किया है, तो आप उसे समय रहते पूरा करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। किसी धार्मिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आज आपकी मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे परेशान रहेंगे। माताजी आपको कोई काम सौंप सकती है, जिसे आप समय रहते पूरा करेंगे। आपको वरिष्ठ सदस्य कोई सलाह दे, तो आप उस पर पूरा ध्यान दें। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट आप सोच समझ कर करें। आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है। संतान आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है। किसी काम को लेकर आपको मेहनत अधिक करनी होगी, तभी वह पूरा होगा। आपके मन मुताबिक काम न मिलने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। यदि अपने पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत की थी, तो उसमें कोई लड़ाई-झगड़ा उत्पन्न हो सकता है।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। यदि आपको उसे पूरा करने की आवश्यकता है। आपका कोई मित्र आपके लिए धन संबंधी प्लान लेकर आ सकता है, जिस पर आप अमल बहुत ही सोच समझकर करें।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक रहेगी। किसी से कोई बात सोच समझ कर बोले। आपको किसी पारिवारिक मामले को लेकर टेंशन बनी रहेगी। किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती हैं और कोई बड़ी-बड़ी बीमारी बन सकती है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर कार्य क्षेत्र में दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं खड़ी हो सकते हैं। आपको अपने किसी काम को दूसरे के भरोसा नहीं छोड़ना है, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी। आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोग किसी बड़े नेता से मिल सकते हैं। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। यदि आपने किसी मकान, दुकान आदि को लेने का सोचा है, तो उसके लिए आपको लोन आदि लेना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष आपको धन का लाभ मिलेगा।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने के लिए रहेगा। आप कामों में व्यस्त रहने के कारण अपने शारीरिक समस्याओं का ध्यान कम देंगे, जो लोग रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को किसी दूसरे के सामने उजागर नहीं करना है, नहीं तो वह इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपका थोड़ी टेशन रहेगी। आपका कोई सहयोगी आपके कामों में भी विघ्न डालने की कोशिश करेगा। आपको अपनी कामों को लेकर योजना बनाकर चलने के आवश्यकता है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

## शब्दजाल - 7741

*शब्दजाल में 'अमिताभ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | ट |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | का | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

अजनबी,मेजर साब,मोहब्बतें,बागबां, आंखें,खुदा गवाह,शराबी,अंधा कानून, कालिया,सुहाग

### शब्दजाल - 7740 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | रं | गी | ला | न | ल | क |
| दि | म | ल | रु | व | ग | गी | र | इ | ट | ली |
| ल | स | म | ल | द्र | दे | पु | चं | पा | व | त |
| क | व | ग | य | पु | ब | न | प | न | ल | ज |
| क | क | ल | ग | श्री | सं | या | तू | ग | झ | वा |
| जी | क | पां | व | ह | ती | पू | ग | ण | घ | नी |
| उ | आ | डे | न | ल | ल | ल | श | र | ला | जिं |
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6685

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6684

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | ड | कै | त | | गा |
| क्ति | | दा | न | वी | र | | क्ष | त्रि | य |
| | री | | | र | | श्र | क | | ब |
| गु | ना | ह | | ता | ल | | | क | |
| म | | वा | दा | | ग | र्व | | सू | र्या |
| ना | ना | | मि | ल | न | | सु | र | |
| म | | सु | नी | ल | | रा | जा | | ए |
| | ने | हा | | का | श्र | | ता | क | त |
| क्रो | | ग | द | र | | दे | | | रा |
| ध | र्मा | | म | | रा | व | ण | रा | ज |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8209

**बाएँ से दाएँ**

1.तन,शरीर-3
3.चकोर,चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6.झगड़ा,द्वेष-3
7.मोटा आटा-2
8.खिंचाव,स्वर विस्तार-2
9.असली,शुद्ध-3
10.यंत्रशाला-4
12.कार्यविधि-3
14.चिंगारी-3
16.एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18.दूल्हे की पगड़ी-3
20.सम्मान-2
21.प्राण,जीवन तत्व-2
22.कुशल,होनहार-3
24.राशिचक्र की एक राशि-3
25.प्रेमी,साजन-3

**ऊपर से नीचे**

2.अवलोकन,दरस-3
3.चलने का ढंग-2
4.तलघर-4
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.जलजला-3
7.रसीला,रस से भरपूर-4
8.बल,जोर,दम-3
10.चाचा,अंकल-2
11.शौहर,पति-3
13.'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14.वहम,संदेह-3
15.राजा,सम्राट-3
16.उपद्रवी,आतंकी-4
17.गिरवी रखी वस्तु-3
20.बैठने की जगह-3
21.शराब का प्याला-2
23.रांझे की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -8208 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**6 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

१० शुक्र चंद्र, ९, बुध, सूर्य, ७, ६ केतु, शनि ११, ८, २, ५, राहु १२, गुरु, मंगल ४, १, ३

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.16 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मकर | 09.21 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.08 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.40 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.11 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.51 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.49 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.19 बजे से |
| | | कन्या | 00.31 बजे से |
| | | तुला | 02.41 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.56 ब.से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 341 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 12.08 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 17.19 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 10.43 बजे को समाप्त। **करण** बालव 12.08 बजे तदनन्तर कौलव 23.40 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 04.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 31' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872185 **जूलियन दिन** 2460650.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 03 **विशेष** विवाह पंचमी, नाग दिवाली, सुब्रह्मण्य षष्ठी, डॉ आंबेडकर जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः मंत्री की बुद्धिमानी

एक बार एक राजा ने सोचा कि उसके राज्य की सबसे बड़ी नदी पड़ोस के राज्य में चली जाती है , इसलिए क्यों न इसके पानी को रोककर उसका उपयोग अपनी प्रजा के हित में किया जाए। उसने अपने मंत्री के सामने यह विचार रखा तो मंत्री ने कहा, 'महाराज, न जाने कितनी सदियों से यह पानी बहकर उधर जाता है और लाखों लोग इसका उपयोग करते हैं। हम इस जल को रोककर बेवजह पड़ोस के राज्य से शत्रुता क्यों मोल लें। किंतु राजा ने मंत्री की एक न सुनी और बोला, 'हमारा आदेश है कि नदी को आगे से भर दिया जाए ताकि इसका जल उस ओर जा ही न सके। 'ऐसा ही किया गया। गर्मी के दिनों में जब नदी में जल बहुत कम रह गया तो उस जल का सभी ने प्रयोग किया, लेकिन जैसे ही वर्षा आरंभ हुई, नदी में जल चढ़ गया। जल के आगे जाने का मार्ग दीवार बनाकर रोक दिया गया था। लेकिन इससे नदी का पानी नगर में प्रवेश कर लोगों के घरों में घुस गया। अब तो समूची प्रजा इधर-उधर भागने लगी। धीरे-धीरे पानी राजमहल तक जा पहुंचा। राजा चिंतित हो उठा। यह देखकर मंत्री बोला, 'महाराज, मैंने तो आपसे पहले ही कहा था कि दूसरों का अहित करने से पहले मनुष्य अपना ही अहित करता है। 'इस पर भी राजा ने नदी की दीवार को तोड़ने के लिए नहीं कहा। मंत्री सोचने लगा कि आखिर राजा को कैसे समझाया जाए। अगले दिन राजा देर तक सोता रहा। बादल के कारण सूर्य नहीं निकला था। जब राजा ने अंधेरा होने का कारण जानना चाहा तो मंत्री बोला, 'महाराज, सूर्य की दिशा हमारे पड़ोसी राज्य में है। उन लोगों ने भी ठान लिया है कि सूर्य का केवल अपने लिए ही प्रयोग करेंगे। 'यह सुनकर राजा को अपनी भूल का अहसास हो गया। उसने उसी क्षण नदी की दीवार तुड़वाने का आदेश दिया।

## सूडोकु नवताल- 6994

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6993 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 809 अंक उछला




मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 फीसदी बढ़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 809.53 अंक या 1.00 फीसदी की शानदार बढ़त लेकर 81,765.86 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 240.95 अंक तकरीबन 0.98 फीसदी बढ़कर 24,708.40 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त पर बंद हुए। टीसीएस, इंफोसिस, टाइटन, भारती एयरटेल और बजाज फाइनैंस सेंसेक्स के टॉप-5 गेनर्स रहे। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड, एमएंडएम, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, टाटा स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एसबीआईद्ध, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी बैंक और आईटसी के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 3 शेयर ही गिरावट पर बंद हुए। एनटीपीसी में 0.98, एशियन पेंट्स में 0.30 और इंडसइंड बैंक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी।

आज निफ्टी के 41 शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। केवल 9 शेयरों में गिरावट आई। आईटी शेयरों ने बाजार में सबसे ज्यादा उछाल रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.95 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जिसमें टीसीएस, इंफोसिस और एलटीआईमाइंडट्री सबसे आगे रहे। ये इंडेक्स इंट्राडे ट्रेड के दौरान 45,027.95 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स को छोड़कर, अन्य सेक्टोरल इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए। व्यापक बाजारों की बात करें तो निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 0.57 फीसदी और 0.83 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार में हल्की बढ़त थी।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। यह बढ़त अमेरिकी बाजारों में मजबूती को देखते हुए आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 129.52 अंक बढ़कर 81,085.85 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 29.70 अंक ऊपर चढ़कर 24,497 पर पहुंच गया

## दूरसंचार विभाग की पीएलआई के विस्तार की योजना

नई दिल्ली । दूरसंचार विभाग ने कहा है कि वह उत्पादों से जुड़ी उत्पादन से प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के विस्तार को बढ़ावा देने पर विचार कर रहा है। पीएलआई के विस्तार का मकसद दूरसंचार उपकरणों व नेटवर्क उत्पादों का घरेलू स्तर पर अधिक उत्पादन और 4जी व 5जी के गीयर के निर्यात की मांग को तेजी से पूरा करना है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग की आगामी बजट के अंतर मंत्रालय परामर्श में पीएलआई का विस्तार प्रमुख मांग होगी। अधिकारियों ने कहा कि नए निवेश को आकर्षित करने के लिए इस योजना को बेहतर किया गया है। सिंतबर के अंत तक 42 पीएलआई लाभार्थी प्रतिबद्ध किए गए 4,115 करोड़ रुपये में से 3,925 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। इस निवेश से 44,000 लोगों को नौकरियां मिलने के का कहा गया था लेकिन 24,980 नौकरियों का ही सृजन हो सका है। अधिकारियों के अनुसार विभाग का लक्ष्य संशोधित योजना के बूते अधिक नौकरियों की संख्या को हासिल करना है। दूरसंचार विभाग के अनुसार भारत पीएलआई योजना के तहत 60 प्रतिशत आयात प्रतिस्थापना का लक्ष्य हासिल कर चुका है। इससे भारत सिंगल ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल कर पाइंट से मल्टीपाइंट नेटवर्क, ग्राहक परिसर उपकरण (सीपीई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) में इस्तेमाल होने वाले एंटीना, गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क गीयर में करीब-करीब आत्मनिर्भरता प्राप्त कर चुका है। हालांकि 2024 तक 4जी और 5जी के सभी उपकरणों का निर्यात के लक्ष्य को हासिल करना बाकी है। अधिकारी का कहना है कि ऑप्टिकल उपकरणों, स्विच और राउटर्स के निर्यात की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। लिहाजा 5जी तकनीक का उपयोग करने वाले प्रमुख देशों की मांग पूरा करने के लिए अधिक मदद की जरूरत है। भारत की नीति में निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## नए निर्यात अवसर- ट्रंप की निर्यात नीति और भारत

नई दिल्ली। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए उच्च सीमा शुल्क की घोषणा भारत के लिए नए निर्यात अवसरों को खोल सकती है। उनका मानना है कि ये कदम भारत के लिए सकारात्मक संकेत हो सकते हैं और भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और चीन से आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। सुब्रमण्यम के अनुसार ये कदम भारत के व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं और भारत के लिए बहुत बड़े अवसरों का द्वार खोल सकते हैं।

# ओबीसी एससी एसटी एकता मंच के तत्वावधान में हुई आमसभा

## जातिगत जनगणना सहित अन्य मुद्दों पर की आवाज बुलंद

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर के सुभाष चौक मे 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से ओबीसी एससी एसटी एकता मंच के तत्वावधान में संविधान की हिरक जयंती समारोह के अवसर पर एक दिवसीय ओबीसी सम्मेलन आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों कार्यक्रम के अध्यक्ष मानिक पांचे, उमेद लिल्हारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, महेश सहारे गोवारी समाज प्रदेश अध्यक्ष, राजेश मरार मुल निवासी संघ अध्यक्ष, ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य, धर्मेन्द्र कुटिल बौद्ध महासभा, विजय वारे, राजकुमार नागेश्वर, एम के मड़ामे, पीडी भालाधरे अरूण ताण्डेकर, खेमराज मच्छिरके, जावेद भाई, श्यामलाल बेदरे, ऋषिकेश घोरमारे अशोक मरठे, पंकज कावरे, धनीराम इनवाती सहित अनेको वक्ता गण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम महापुरूषो के छाया चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया जाकर पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात सभी उपस्थित जनों के द्वारा खड़े होकर संविधान की शपथ ली गई तथा कार्यक्रम को अग्रिम गति प्रदान की गई। बारी बारी से सभी आमंत्रित अतिथियों के द्वारा अपने अपने उद्बोधन में आरक्षण सहित अन्य मुद्दो पर सरकार को घेरा और किसानों के हित भी बात रखी गई। आज हम ओबीसी एससी एसटी आरक्षण की बात करते है।






यदि हम सभी जुडेंगे तो ही संगठन मजबूत होगा, शिक्षा को सरकार खत्म करना चाहती है। अपने वोट की अहमियत को आपको पहचानना है। ओबीसी की गणना क्यों नही हो रही है आज जातिगत गणना सरकार को करना चाहिये। सरकार पशु पक्षियों जानवरों की गणना कर रही तो जातिगत गणना क्यों नही होनी चाहिये। सरकार नही चाहती की हमारा विकास हो, हमे आंदोलन की राह अपनानी ही पड़ेगी। भारत में विधायक एवं सांसद में ओबीसी आरक्षण क्यों नही है। ओबीसी समाज के लोगो का सिर्फ उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने किसानों से धान का मूल्य 3100 रूपये करने को कहकर सरकार तो बना ली लेकिन आज तक किसानों के धान मूल्य 3100 रूपये क्यों नही किया गया सरकार अपना वादा क्यों नही निभा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष मानिक पांचे ने कहा कि ओबीसी एस सी एसटी एकता मच के माध्यम से यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ है। आज की हमारी सभा का मुख्य उद्देश्य यह था कि नये सीरे से जाति गत जन गणना हो और ओबीसी का जो 52 से 60 प्रतिशत आबादी बढती है उस आधार पर बजट तैयार किया जाये। ओबीसी की जातिगत जनगणना लगभग 95 वर्षो से नही की गई है। शीघ्र जातिगत जनगणना कराया जाये। ओबीसी में जो असवैंधानिक क्रिमीलियर लगाया गया उसे हटाया जाये। ओबीसी के अधिकारी कर्मचारी को पदौन्नति में आरक्षण दिया जाये। ओबीसी को व्यवस्थापिका, विधानसभा, लोक सभा जनप्रतिनिधियों की सीटों में कार्यपालिका, अधिकारी कर्मचारी, न्यायपालिका सुप्रीम कोर्ट, जिला कोर्ट, तहसील कोर्ट, निजी क्षेत्रो में ओबीसी का 52 प्रतिशत हिस्सेदारी आरक्षण दिया जाये। सरकार के प्रत्येक बजटों में 52 प्रतिशत हिस्सेदारी ओबीसी के लिये आरक्षित किया जाये। चयन एवं काऊंसलिंग में अनारक्षित सीटों की मैरीट सूची बने। तत्पश्चात ओबीसी एससी, एसटी की सूची बनाये जाये। ओबीसी के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिये आय सीमा 75 हजार से 5 लाख प्रतिवर्ष की जाये। महिला आरक्षण में ओबीसी की महिलाओ 52 प्रतिशत हिस्सेदारी आरक्षण सुनिश्चित किया जाये। देश के किसानों की दशा सुधारने हेतु पृथक कृषक मंत्रालय बनाया जाये। कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाये, कृषि फसलों का मूल्य वर्तमान मूल्य से 3 गुना किया जाये। शिक्षा एवं स्वास्थ्य का निजी करण समाप्त कर सभी नागरिकों के लिये एक समान व निःशुल्क किया जाये। इन सभी बातों को रख आम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त ग्राम पंचायत बिसोनी के पूर्व सरपंच विजय वारे के द्वारा तथा मंच संचालन राजकुमार नागेश्वर के द्वारा किया गया।

# सिंगोला में तेजराम लिल्हारे खेत व घर में दो दिन में 5 बार आगजनी की घटनाऐं हुई घटित

## विधायक राजकुमार कर्राहे पिड़ित से मिलकर दिया पूर्ण मुआवजा का आश्वासन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र के ग्राम सिंगोला निवासी तेजराम लिल्हारे एवं उसके भाई बेनीराम लिल्हारे के निवास एवं खेत में आगजनी की घटना थमने का नाम ही नही ले रही है। 4 एवं 5 दिसंबर को लगभग 5 बार आगजनी की घटनाऐं घटित हुई जिसमें इनका पैरा, धान का पूंजना जलकर राख हो गया तथा आग की लपटे घर तक जा पंहुची जिससे घर में भी आगजनी की घटनाऐं घटित हुई है। बतादे तेजराम लिल्हारे जिसके द्वारा 4 दिसंबर को पुलिस थाना लांजी पंहुचकर घर, कोठे एवं धान की खरी में आगजनी की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुये लगभग 1 लाख 70 हजार रूपये का नुकसान होने की जानकारी दी गई। वहीं 5 दिसंबर को दोबारा इनके निवास, मवेशी कोठा, पैरा एवं खरी में आग लग जिससें लगभग 7 से 8 एकड़ की फसल जल कर राख होना बताया जा रहा है। उक्त संबध में जब लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे को जानकारी लगी की सिंगोला निवासी तेजराम लिल्हारे एवं बेनीराम लिल्हारे के निवास में आगजनी की घटना घटित हुई है। लगभग 7 से 8 एकड़ फसल की कटाई कर घर



के पीछे खेत में रखी धान की खरी पूर्णत- जलकर राख हो गई है साथ ही पैरा भी जल गया है जिससे तेजराम लिल्हारे एवं उसके परिवार को लाखो रूपये की क्षति हुई है। जिस पर विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा एसडीएम लांजी से चर्चा कर पटवारी आदि को तत्काल मौका स्थल पर निरीक्षण करने की बात कही है। पटवारी को आदेशित किया गया है की पूर्ण क्षति की रिपोर्ट तैयार की जाये। क्योंकि तेजराम लिल्हारे, उनके भाई बेनीराम लिल्हारे के यहां आगजनी से सबकुछ नष्ट हो चुका है। सिंगोला निवासी तेजराम लिल्हारे, बेनीराम लिल्हारे के यहां आगजनी की घटनाऐं आखिर क्यों घटित हो रही है यह खासा चर्चा का विषय बना हुआ है क्योकि एक ही घर मे 2 दिन 5 बार से अधिक बार आगजनी की घटना घटित हो चकी है। किसी ने कहा कि कल जो आग लगी उसकी चिंगारी आज दोबारा उड ?र पैरे के ढग में जा गिरी और आग लग गई, तो किसी का कहना है कि यह चादू टोने का मामला है तो कोई और कुछ कह रहा है। अनेको लोग अनेको बातें लेकिन अब तक आगजनी का स्पष्ट कारण सामने नही आ पाया है लेकिन घटनाऐं घटित हुई और नुकसानी भी लाखो रूपये की हुई है। बड़ी मेहनत से किसान फसल लगाता है 1 साल तक उसका जपता है और फसल कटने के बाद यदि उस किसान की पूरी फसल जलकर राख हो जाये तो उस पर क्या बीती होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। आग चाहे किसी भी कारण से लगी हो लेकिन इसकी जांच होना चाहिये यदि किसी व्यक्ति विशेष ने कृत्य किया तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये तथा लिल्हारे परिवार को उसका पूर्ण मुआवजा भी मिलना चाहिये।

# स्कूटी की पीकअप मालवाहक वाहन से हुई भिड़ंत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्रान्तर्गत सिंगोला बहेला मार्ग पर 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे एक स्कूटी पीकअप मालवाहक वाहन से जा टकराई जिसके चलते स्कूटी पर सवार एक महिला एवं 2 व्यक्तियों को चोटे आई है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी क्रमांक एम एच 31 सी डबल्यू 7728 में सवार यशवंत पिता घुसरणदास गिरीया उम्र 45 वर्ष निवासी चिचोली, पुष्पकला पति यशवंत गिरीया उम्र 40 वर्ष निवासी चिचोली, प्रेम पिता कान्हूजी कामड़े उम्र 40 वर्ष निवासी चिचोली ये सभी उक्त स्कूटी में सवार होकर बापड़ी से चिचोली अपने घर जा रहे थे तभी सिंगोला बहेला मार्ग पर बहेला की ओर से आ रहा मालवाहक पीकअप वाहन एमएच 49 डी 6682 से उक्त स्कूटी जा टकराई। स्कूटी सहित उसमे सवार तीनों को गिर पड़े जिसमें 2 व्यक्तियों को चोटे आई है जिन्हे 108 एंबुलेसं की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां उपस्थित डॉक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा घायलों का उपचार किया गया।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# शासकीय माध्यमिक शाला बिसोनी में हम होंगे कामयाब के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई शपथ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और महिला आधारित




योजनाओं को जन - जन तक पहुंचने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशन में विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 5 दिसम्बर को शासकीय माध्यमिक शाला बिसोनी में विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खुशबू महिला मंडल की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इस दौरान श्रीमती गुणेश्वरी कटरे, जियालाल लिल्हारे, राजकुमार कुशले, धर्मेंद्र कुमार कारसर्पे, श्रीमती सीमा चौके, संतोष कुमार बोरकर, श्रीमती प्रियंका आसटकर, मुकेश कुमार सोनवाने, सोनेश्वरी लिल्हारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पॉली एकेड्मिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी लॉजी में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई शपथ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और महिला आधारित योजनाओं को जन-जन पहुँचाने के लिए महिला एवं बाल-विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशन में विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब



पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 5 दिसम्बर को नगर के पॉली एकेडमिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी में खुशबू महिला मंडल की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा सोनवाने, स्वास्थ्य विभाग की सोनेश्वरी लिल्हारे एवं पाली एकेडमिक इंस्टिट्यूशन की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की प्रमुख उपस्थिति में प्रो.सी.एस. मेश्राम ने विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। इस दौरान बाल विवाह रोकथाम, भिक्षा वृत्ति उन्मूलन, मिशन वात्सल्य योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं आदि अन्य विभागीय जानकारी दी गई। इस दौरान प्राचार्य टी.एस. बिहोने, संस्थापक श्रीमति वंदना वैद्य, खुशबू महिला मंडल की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा सोनवाने, स्वास्थ्य विभाग की सोनेश्वरी लिल्हारे ने भी इस विषय पर व्यक्तव्य दिये। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सी.एस. मेश्राम, रामस्वरूप नगपूरे, बी.सी.पटले, उमेन्द्र नागभिड़े, खेमेन्द्र उमरे, भोजराज लिल्हारे, अजित बोरकर, गौरव भंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, श्रीमति के. के. बड़गैया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कोटवार संघ के किरनापुर तहसील अध्यक्ष बने रघुनाथ गेडाम

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। तहसील मुख्यालय किरनापुर के तहसील कार्यालय मे कोटवार संघ तहसील अध्यक्ष का निर्वाचन संगठन के जिला अध्यक्ष सालिकराम मेश्राम की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। 4 दिसंबर 2024 की शाम तहसील कार्यालय किरनापुर के प्रांगण में ग्राम रक्षक, कोटवार संघ के अध्यक्ष पद हेतु रघुनाथ गेडाम सर्व सम्मति से निर्वाचित हुए। जिस पर कोटवार साथियों ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। वही बताया गया कि आगामी 1 जनवरी 2025 को तहसील किरनापुर संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार कर पूर्ण गठन करते हुए सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रतिभा मेश्राम ,सचिन ,अर्चित गेडाम, राधे लाल बोरकर ,प्रकाश रावते ,रंजीत खांडेकर, राजेश वासनिक ,पूर्जना देशभरतार, संतोष ,भाऊदास ,शशि कपूर कॉमडे, मोती लाल बांसोड़, कविता बोरकर, दीपेश वासनिक, दिशांतर मिश्रा निराबाई कॉमडे, देवेंद्र मेश्राम ,ललिता गजभिए, लता बोरकर सहित और भी अन्य कोटवार साथी उपस्थित रहे। इस दौरान तहसील के कोटवारों की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष रघुनाथ गेडाम ने सभी कोटवारों को एकजुट होकर अपनी समस्याओं की निराकरण के लिए संघर्ष करने की बात कही।



# पुलिस पटेल मधुसूदन टेंभरे का निधन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम लाड़सा निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पुलिस पटेल मधुसूदन विश्वेश्वर टेंभरे का 80 वर्ष की आयु में 5 दिसम्बर के रात्रि लगभग 8.15 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गए। जिनका अंतिम संस्कार आज 6 दिसम्बर को सुबह 11 बजे लाड़सा के स्थानीय मोक्षधाम में किया जाएगा। इनके निधन पर पार्टी पदाधिकारियों, इष्ट मित्रों, रिश्तेदारों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।



बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मोहन सरकार का 1 साल... प्रदेश में गरमाएगा सियासी बुखार

## भाजपा गिना रही उपलब्धि, कांग्रेस का सरकार को घेरने का प्लान

भोपाल। मप्र की मोहन सरकार 13 दिसंबर को 1 साल का कार्यकाल पूरा कर लेगी। इसे पहले प्रदेश का सियासी पारा हाई हो गया है। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। पिछले एक सप्ताह की बात करें तो जहां कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला है। वहीं भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास सारंग और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब दिया है। बीजेपी के 1 साल पूरे होने पर कांग्रेस जहां सरकार को घेरने का प्लान तैयार कर रही है, वहीं बीजेपी सरकार के 1 साल में किए गए कामों की उपलब्धि जन-जन तक पहुंचने में जुटी हुई है।

दो दिन पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेसवार्ता कर मोहन सरकार के एक सालों का हिसाब मांगा हैं।




और कहा है कि विपक्ष भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर 16 दिसम्बर को विधानसभा का घेराव कर हिसाब दो जवाब दो आंदोलन करेगा। इसके लिए कांग्रेस प्रदेश भर को लोगों को इक्कठा करने का प्लान बना रही है। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इधर प्रदेश में बढ़ते कर्ज को लेकर पीसीसी चीफ पटवारी ने आरोप लगाया है कि सीएम मोहन यादव कर्ज लेने में शिवराज सरकार से दो कदम आगे है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि, 13 दिसंबर को मोहन यादव को मुख्यमंत्री की शपथ लिए एक साल हो जाएगा। एक साल लंबा पीरियड होता है। इस एक साल में मप्र ने क्या-क्या देखा।

कांग्रेस आंकड़े भी सही नहीं बता पाए

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के आरोप को लेकर मोहन सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग में बीजेपी का पक्ष सामने रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पुरानी रणनीति की तरह काम कर रही है। कांग्रेस इतनी जल्दबाजी में है कि सही आंकड़े तक प्रस्तुत नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। जनता के कल्याण आर्थिक अनुशासन की बात करते हुए हर प्रकार से बजट की व्यवस्था कर रही है। पटवारी के आरोप सरासर गलत है।

### गांव-गांव तक चलाएंगे अभियान

इधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 16 दिसंबर को कांग्रेस विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा का घेराव किया जाएगा। गांव गांव तक इसको लेकर एक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गांव-गांव तक घर-घर तक बात पहुंचेंगे और जनता को उनके अधिकार दिलाने की कोशिश करेंगे। कुल मिलाकर सीएम मोहन एक साल पूरे होने प्रदेश सरकार को घेरने के लिए जीतू पटवारी और उमंग सिंघार की जोड़ी ने खास रणनीति बना ली है।

# नर्मदापुरम में औद्योगिक विकास का बनेगा रिकॉर्ड

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में संतुलित और सामान विकास के संकल्प को सकार करने के लिये पूरे प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में होगी, जिसकी तैयारी जोरों है। नर्मदापुम् राष्टीय अंतर्राष्टीय उद्योगपतियों के स्वागत के लिये तैयार है। इसके माध्यम से स्थानीय निवेशकों और उद्योगपतियों को भी प्रदेश की औद्योगिक रणनीतियों से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम में आयोजित होने वाले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में नर्मदापुरम और आस-पास के क्षेत्र के औद्योगिक विकास और निवेश संभावनाओं के लिहाज से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों, विकासात्मक योजनाओं और विभिन्न उद्योगों की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी होगा

क्षेत्रीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय उद्योगों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। व्यापार संवर्धन केंद्र भी खुले रहेंगे, जहां निवेशक मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को देख सकेंगे और संभावनाओं पर चर्चा कर सकेंगे। यह सम्मेलन न केवल राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा। कॉन्क्लेव में निवेश के अवसर विषय पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, आईटीईएस और ईएसडीएम, माइनिंग, पर्यटन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र शामिल हैं। इसके बाद दोहपर 12 बजे प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा राज्य के व्यवसायिक माहौल पर अपने विचार साझा किए जाएंगे।

# यूपीएससी-एमपीपीएससी की फ्री कोचिंग शुरू

भोपाल। भोपाल में यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) और एमपीपीएससी (मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग) की फ्री कोचिंग शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने कोचिंग का शुभारंभ किया। जिन डेढ़ सौ बच्चों को फ्री कोचिंग दी जाएगी, उनका सिलेक्शन मैरिट के जरिए हुआ था। शासकीय हमीदिया आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज गिन्नौरी में बच्चे कॉम्पिटेटिव एग्जाम की तैयारी करेंगे। बता दें कि फ्री कोचिंग की कुल 150 सीटों के लिए 900 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ये रजिस्ट्रेशन अक्टूबर में किए गए थे। 24 नवंबर को हुए टेस्ट में 628 स्टूडेंट्स बैठे थे। इस हिसाब से प्रत्येक 4 में से 1 स्टूडेंट का सिलेक्शन कोचिंग के लिए किया गया।

निशुल्क कोचिंग क्लॉसेस के शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव गुप्ता और विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड स्पेशल डीजी मुकेश जैन थे। यह कोचिंग एनजीओ आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के सहयोग से शुरू की गई है। एनजीओ से जुड़े राम लखन मीणा ने बताया, अभी डेढ़ सौ बच्चों को कोचिंग दे रहे हैं। आवश्यक होने पर जल्द ही दूसरी लिस्ट जारी की जाएगी।

### महंगी फीस नहीं भरने वालों को फायदा

दरअसल, कई युवा ऐसे हैं, जो कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी तो कर रहे हैं लेकिन महंगी फीस की वजह से कोचिंग नहीं कर पाते हैं। ऐसे युवाओं के लिए भोपाल जिला प्रशासन ने फ्री में कोचिंग शुरू की है। फ्री कोचिंग में स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों और कॉलेज के प्रोफेसर्स की भी मदद ली जाएगी। कोचिंग कॉलेज में होगी। ऐसे अफसर जो बच्चों को पढ़ाने में रुचि रखते हों, वे एक से दो घंटे की नियमित क्लास लेंगे। इसके अलावा ऐसे लोग जो विषय विशेषज्ञ हैं और पढ़ाना चाहते हैं, वे भी आएंगे।

# मंत्रियों की कमेटी तय करेगी नई आबकारी नीति

## -देवड़ा, मंत्री उदय प्रताप, निर्मला भूरिया, राजपूत समिति में शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसमें कैबिनेट ने वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण और आवश्यक नीतिगत निर्णयों के लिए एक मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया। इस समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री उदय प्रताप सिंह, निर्मला भूरिया के साथ ही इस बार मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भी शामिल किया गया। यह समिति आबकारी नीति को फाइनल करेगी

गौरतलब है कि मप्र में आबकारी विभाग के अधिकारी नहीं आबकारी नीति का खाका तैयार कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में एक बार फिर शराब दुकानों के बंद अहाते चालू करने की तैयारी की जा रही है। नई शराब नीति को लेकर जो प्रस्ताव तैयार किया है उसे कैबिनेट में रखने के बाद हरी झंडी मिली तो 2025-26 में शराब की दुकानें 10 फीसदी ज्यादा में नीलाम होंगी। प्रदेशभर में शराब दुकान के अहाते बंद होने से राजस्व का भारी नुकसान सरकार को हो रहा है।

10 फीसदी ज्यादा बढ़ेगी दर

नई शराब नीति को लेकर अफसरों ने आय बढ़ाने के जो सुझाव दिए हैं उसमें बताया गया है कि अगले साल शराब दुकानों की नीलामी 10 फीसदी ज्यादा में की जाए। इसके लिए उत्तर प्रदेश समेत तीन राज्यों की शराब नीति का अध्ययन मप्र शासन के आबकारी विभाग ने कर मसौदा तैयार किया है। दिसंबर में होने वाली बैठक में शराब नीति का प्रस्ताव रखा जाएगा, हरी झंडी मिलने के बाद नई शराब नीति 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। आबकारी अधिकारियों का कहना है कि यदि अहाते चालू होंगे तो शराब दुकान के सामने सडक़ पर लगने वाली भीड़ कम होगी जिससे आने जाने वाले को परेशान नहीं होना पड़ेगा पिछली सरकार ने अहाते बंद करा दिए थे।

### यूपी मॉडल पर आधारित नई शराब नीति

मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शराब नीति का प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व आबकारी विभाग के अधिकारियों की टीम ने यूपी के शराब मॉडल का अध्ययन किया। इसमें सामने आया कि यूपी में लॉटरी सिस्टम से शराब दुकानों का आवंटन न होता है। वहां शराब दुकानों की संख्या करीब 30,0177 है, जो मप्र के मुकाबले नौ गुना ज्यादा है। नई शराब नीति में उप्र की शराब नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। मप्र में शराब दुकानों की कुल संख्या 3605 है। मप्र में ई-टेंडर के जरिए शराब दुकाने नीलाम होती है। देश में कर्नाटक के बाद मप्र में शराब की कीमत सबसे ज्यादा है। अधिकारियों का कहना है कि यदि राज्य सरकार शराब के यूपी के शराब नीति के मॉडल को अपनाती है, तो मप्र में शराब दुकानों की संख्या बेतहाशा बढ़ जाएगी। जबकि मप्र सरकार की नीति शराब दुकानों की संख्या में वृद्धि नहीं करने की रही है। प्रस्ताव में महाराष्ट्र और तमिलनाडु की शराब नीति के चुनिदा बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। महाराष्ट्र में शराब के विक्रेता स्थाई है। वहां हर साल शराब दुकानों की बिक्री की एक निश्चित राशि बढ़ा दी जाती है। तमिलनाडु में शराब दुकानों का संचालन सरकार स्वयं करती है।

# मप्र में जन विश्वास बिल लागू करने की तैयारी

भोपाल। मप्र में उद्योग-धंधों को फियरलेस बनाने के लिए जन विश्वास बिल लागू करने की तैयारी की जा रही है। इस बिल के लागू किए जाने से कारोबारी आसानी से व्यवसाय कर पाएंगे। गौरतलब है कि 2023 में जन विश्वास बिल को मंजूरी दी गई थी। इस विधेयक ने कई अपराधों में जेल की सजा को खत्म कर दिया है। व्यापार में बदलाव के लिहाज से इस बिल को काफी अहम माना जा रहा है। मप्र में सरकार इस बिल को लागू करने की तैयारी कर रही है। दरअसल, प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ाने और नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल के डर को दूर करने जन विश्वास बिल लागू करने की तैयारी है। कई मामलों में जेल की सजा खत्म या कम हो जाएगी। पेनल्टी बढ़ जाएगी। शासन के निर्देश पर विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, नगरीय विकास, राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य आदि से संबंधित कानूनों के प्रावधानों में संशोधन किया जा रहा है। आसान शब्दों में कहे तो, यदि कोई व्यक्ति अनजाने में कोई कृत्य करता है और उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हो जाते हैं और लोगों को जेल की सजा तक होती थी, उन्हें अब अपराध नहीं माना जाएगा और उनमें मिलने वाली सजा कम या खत्म कर दी जाएगी। पहले जिन गड़बड़ी को अपराध की श्रेणी रखा गया था वो अब जुर्माने तक सीमित हो जाएंगे।

### नियम तोडऩे पर जेल का डर होगा कम

जन विश्वास बिल लागू होने से कई मामलों में जेल की सजा खत्म या कम हो जाएगी। पेनल्टी बढ़ जाएगी। बिल में साफतौर पर कहा गया कि देश के लोग सरकार और अलग-अलग संस्थानों पर भरोसा करें, यही लोकतंत्र का आधार है। इस खबर में हम आपको बताएंगे कि जन विश्वास बिल क्या है और इसके तहत किन कानूनों में अपराध के प्रावधान को हटाया गया या कम किया गया है। साथ ही, बताएंगे कि इसके पीछे क्या कारण है। शासन के निर्देश पर विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, नगरीय विकास, राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य आदि से संबंधित कानूनों के प्रावधानों में संशोधन किया जा रहा है। अधिनियमों में फाइन या जुर्माने की जगह पेनल्टी या दंड शब्द लिखा जा रहा है। पेनल्टी जहां बहुत कम है वहां बढ़ाई जाएगी। फिलहाल विभागीय स्तर पर मंथन चल रहा है कि कहां पेनल्टी बढ़ाई जानी है और कहां जेल की सजा हटाकर महज पेनल्टी का प्रावधान किया जाना है। यह भी तय किया जाएगा कि सजा की डिग्री और प्रकृति अपराध की गंभीरता से कम न हो। ज्ञात रहे कि संसद में जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2023 में पारित हो चुका है। 19 मंत्रालयों से संबंधित 42 कानूनों के 183 प्रावधानों में बदलाव किया जा रहा है। कई अपराधों को जुर्माने तक सीमित कर दिया जाएगा तो कई मामलों में सजा खत्म कर दी जाएगी। राज्य सरकार भी अपने कानूनों के प्रावधानों में बदलाव कर रही है। जल्द ही विधानसभा में मंजूरी के लिए पेश किया जा सकता है।

### बढ़ेगा जुर्माना और अर्थदंड

जन विश्वास बिल लागू होने से जेल की जगह जुर्माना और अर्थदंड बढ़ेगा। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने विभाग के अधिनियमों में फाइन की जगह पेनल्टी शब्द जोडऩे के निर्देश दिए थे। विभागीय अधिकारियों ने 40 स्थानों पर बदलाव कर दिया है। बताया गया है कि फाइन केवल कोर्ट ही सभी पक्षों की सुनवाई के बाद लगा सकता है, जबकि पेनल्टी विभिन्न सरकारी एजेंसियां वसूल सकती हैं। पेनल्टी बढ़ाने के संबंध में अभी विभागीय अधिकारी विचार कर रहे हैं। उद्योग, एमएसएमई आदि विभागों में भी पीएस राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं। बिल के तहत कुछ कानूनी प्रावधानों में कारावास की सजा की अवधि कम की जाएगी। कारावास को हटाकर सिर्फ जुर्माना रखा जाएगा या जुर्माना बढ़ाया जाएगा। कुछ प्रावधानों में कारावास और जुर्माने को दंड में बदला जाएगा। जन विश्वास बिल का मुख्य उद्देश्य उद्योग और व्यापार प्रणाली में सहजता लाना यानी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना है। व्यापार करने के लिए कई विभागों से लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन आदि लेना होता है। कानूनों, नियमों का पालन करना होता है। उल्लंघन पर भारी जुर्माना लगता है। कई मामलों में जेल भी हो जाती है। देश में 1536 कानून हैं। इसमें 70 हजार प्रावधान हैं। कई नियम एमएसएमई सेक्टर के विकास में बाधा बनते हैं। अभी अगर कोई फैक्ट्री संचालक अनजाने में गलत जगह डिस्चार्ज करता है तो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 7 और 9 के तहत पांच साल जेल, एक लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। बदलाव के बाद जेल का प्रावधान हटाने और जुर्माना राशि 15 लाख करने का प्रावधान है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों को छह माह तक जेल और एक लाख तक जुमनि का प्रावधान है।

# चौकीदार-अंशकालीन कर्मचारियों का आंदोलन 17 को

भोपाल। आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश ने पंचायत के चौकीदार एवं स्कूल-हॉस्टल में कार्यरत रसोईयों की मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान कर दिया है। ये कर्मचारी वेतनवृद्धि, अन्य सुविधा की मांग लेकर 17 दिसंबर को भोपाल में अपने-अपने विभाग के मंत्री के बंगले के बाहर मुख्य गेट के सामने बैठेंगे। कर्मचारी तब तक बैठे रहेंगे जब तक मंत्री से मुलाकात नहीं हो जाती है।

मोर्चा के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा बताते हैं कि पंचायतों में काम कर रहे चौकीदारों को 3 हजार और स्कूल व हॉस्टल सहित अन्य संस्थाओं में काम कर रहे अंशकालीन कर्मचारियों को 5 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है। इस राशि से किसी भी परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकता है। यही कारण है कि कर्मचारियों को सरकार के खिलाफ सडक़ पर उतरना पड़ रहा है। शर्मा बताते हैं कि पंचायत के चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर और सफाई कर्मचारी चौकीदार संघ के अध्यक्ष राजभान रावत के नेतृत्व और ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह के मार्गदर्शन श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के बंगले के बाहर बैठेंगे और मंत्री से मिलकर न्यूनतम वेतन दिलाने की मांग करेंगे। ऐसे ही स्कूल-हॉस्टल में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के बंगले पर पहुंचेंगे और न्यूनतम वेतन और विभाग में चतुर्थ श्रेणी के खाली पदों पर नियुक्त करने की मांग करेंगे।

# वन मंत्री बनने कई मंत्रियों ने शुरू की लॉबिंग

## विजयपुर उपचुनाव में हार के बाद रामनिवास रावत का वन मंत्री पद से इस्तीफा मंजूर

### -विजय शाह-संपतिया उइके मजबूत दावेदार, नागर सिंह का नाम भी दौड़ में

भोपाल। विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में हारके बाद वन मंत्री राम निवास रावत का इस्तीफा मंजूर हो गया है। इसी के साथ प्रदेश में अगल वन मंत्री के लिए कयासों का दौर शुरू हो गया है। इस पद के लिए पीएचई मंत्री संपतिया उइके और विजय शाह की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। वहीं पूर्व वन मंत्री नागर सिंह चौहान भी दौड़ में शामिल हैं। वन मंत्री रह चुके कुंवर विजय शाह का दो दिन पहले एक वीडियो भी सामने आया था। इसमें जब शाह से पूछा गया कि रावत के इस्तीफे के बाद वन मंत्री का पद खाली है, क्या वे वन मंत्री बन सकते हैं। इस पर शाह बिना कोई जवाब दिए मुस्कुरा कर चल दिए थे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने पास कई महत्वपूर्ण विभाग रखे हैं। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग के अलावा गृह, जेल विभाग, औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास विभाग, विमानन, खनिज, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय विभाग शामिल हैं। विभागों के नए बंटवारे में सीएम अपने पास से भी कुछ विभाग दूसरे मंत्रियों को दे सकते हैं।



गौरतलब है कि नागर सिंह चौहान को हटाकर राम निवास रावत को वन मंत्री बनाया गया था। लेकिन वे उपचुनाव हार गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश दौरे से लौटने के बाद 2 दिसंबर को रावत के इस्तीफे को अनुशंसा के लिए राज्यपाल मंगूभाई पटेल के पास भेजा था। बुधवार देर शाम राजभवन की ओर से इस्तीफे की मंजूरी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। रावत का इस्तीफा मंजूर होते ही अब नए वन मंत्री की तलाश शुरू हो गई है। वन्य प्राणियों से जुड़े इस महकमे को पाने के लिए दूसरे मंत्री भी तैयार हैं। रावत कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हुए और वन मंत्री रहते हुए चुनाव लड़ा था। सूत्रों की माने तो ऐसे में सरकार उन्हें जल्द ही किसी नए पद की जिम्मेदारी दे सकती है। रावत का इस्तीफा मंजूर होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह महत्वपूर्ण महकमा किसे मिलेगा... ?

### नया चेहरा या किसी मंत्री को ही जिम्मेदारी?

मंत्रिमंडल में रावत के इस्तीफे के बाद मोहन कैबिनेट में अब कुल 32 मंत्री हैं। विधानसभा सदस्यों की संख्या के हिसाब से संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक अधिकतम 35 मंत्री (मुख्यमंत्री सहित) रह सकते हैं। इस हिसाब से 3 मंत्रियों की गुंजाइश है, लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार की फिलहाल कोई संभावना नहीं दिख रही है। ऐसी राजनीतिक परिस्थितियां भी नहीं हैं कि संगठन या सरकार के लिए विस्तार मजबूरी हो। इसकी संभावना ज्यादा है। किसी आदिवासी मंत्री को यह जिम्मेदारी मिल सकती है, क्योंकि रावत से पहले यह विभाग आदिवासी मंत्री नागर सिंह के पास ही था। नागर सिंह भी खुलकर दावेदारी कर चुके हैं। आदिवासी चेहरों में पीएचई मंत्री संपतिया उइके प्रबल दावेदार हैं। आदिवासियों से जुड़े मुद्दों के मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव फील्ड में उन्हें आगे करते रहे हैं। इससे सरकार महिला और आदिवासी दोनों वर्गों में मैसेज देगी। दूसरे दावेदार जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह हैं जो दिल्ली तक लॉबिंग कर चुके हैं। शिवराज सरकार में वन विभाग उनके पास रह चुका है।

### परिणाम आते ही दिया था इस्तीफा

वनमंत्री राम निवास रावत ने 23 नवंबर को विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद उसी शाम मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि तब से इस पर फैसला पेंडिंग था। मुख्यमंत्री 24 नवंबर को विदेश के लिए रवाना हो गए और तीस नवंबर को भोपाल लौटे। इसके बाद रावत की उनसे मुलाकात हुई और अब इस्तीफे को मंजूरी मिली है। रावत का इस्तीफा दो दिसंबर को मंजूर किया गया। इसका नोटिफिकेशन सामान्य प्रशासन विभाग ने 4 दिसंबर को जारी किया। सीएम डॉ मोहन यादव के जर्मनी और यूके से 30 नवंबर को भोपाल लौटने के बाद मंत्री रावत ने उनसे मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि सीएम से मुलाकात के बाद ही इस्तीफे को स्वीकार करने पर अंतिम फैसला हुआ है। सीएम यादव की अनुशंसा के बाद इस्तीफा राजभवन को भेजा गया।

# मप्र में जल्द फर्राटा भरेंगी सरकारी बसें

भोपाल। मप्र में बीते कई सालों से शासकीय बसों की परिवहन सेवा ठप है। बसों को फाइलों से निकालकर सडक़ पर उतारने की कवायद पिछले कई महीनों से चल रही है। लेकिन अब तक जनता को इसकी सुविधा का लाभ नहीं मिल सका है। इस बीच शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इसे लेकर बड़ी बात कह दी है, जिससे अब यह लग रहा है कि बहुत जल्द ये बसें सडक़ों पर फर्राटा भरते देखी जा सकेंगी। दरअसल, मप्र सरकार के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के समय में जो मप्र सडक़ परिवहन की बसों को बंद कर दिया गया था, अब मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जल्द मध्य प्रदेश में शासकीय बसे दौड़ेंगी।

# अपर कलेक्टर तो बन गए नहीं हुई पदस्थापना

## प्रदेश में प्रभारी अधिकारियों के सहारे चल रहा काम

भोपाल। मोहन सरकार प्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों की अपर कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के रिक्त पदों पर पदस्थापना नहीं कर पा रही है। प्रशासनिक पदों पर अफसरों की पोस्टिंग में देरी का खामियाजा मार्च में महाशिवरात्रि पर्व के दिन प्रमोट किए गए चालीस संयुक्त कलेक्टर भी भुगत रहे हैं।

संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर पद पर प्रमोट किए जाने के बाद भी ये अधिकारी नौ माह बाद भी जिलों में संयुक्त कलेक्टर के पद पर ही काम करने को मजबूर हैं। उधर, सरकार की इस नजरअंदाजी का नुकसान कलेक्टरों को उठाना पड़ रहा है और उन्हें प्रभार के सहारे काम पूरे कराने पड़ रहे हैं। जिलों में प्रशासनिक कार्यों के लिए कलेक्टर के प्रमुख सहायक के रूप में जिला पंचायत सीईओ और अपर कलेक्टर मुख्य भूमिका निभाते हैं, लेकिन हालात यह हैं कि करीब एक दर्जन जिलों में अपर कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के पद रिक्त हैं। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग इन पदों पर अफसरों की उपलब्धता के बाद भी पदस्थापना नहीं कर पा रहा है। ऐसे में कलेक्टरों को संयुक्त कलेक्टरों को प्रभार देने या फिर एक पद की जिम्मेदारी निभा रहे अफसर को दूसरे पद का अतिरिक्त प्रभार देकर काम कराना पड़ रहा है। इसका सीधा असर योजनाओं की मॉनिटरिंग और उसके क्रियान्वयन पर भी पड़ रहा है। इसकी जानकारी सरकार को है। इसके बाद भी पोस्टिंग नहीं की जा रही है।

### मार्च में प्रमोशन, पोस्टिंग अब तक नहीं

मार्च में महाशिवरात्रि के दिन आदेश निकालकर राज्य शासन ने करीब 40 संयुक्त कलेक्टरों को अपर कलेक्टर के पद पर प्रमोट किया था। इनमें से कुछ अधिकारियों को तो अपर कलेक्टर के पद पर जिलों में पदस्थ किया गया है, लेकिन पचास फीसदी अफसर पदस्थापना का इंतजार कर रहे हैं और जिलों में संयुक्त कलेक्टर के रूप में काम करने को मजबूर हैं।

# निर्मला सप्रे की सदस्यता रद्द करने की है मांग

भोपाल। मध्य प्रदेश की विधायक निर्मला सप्रे की सदस्या से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका स्वीकार कर ली है। दरअसल, उमंग सिंघार ने निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की है। इस मामले में 9 दिसंबर को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी पार्टी मुख्यमंत्री और भाजपा विधायकों की मौजूदगी में ज्वाइन की थी। इसके बाद से कांग्रेस इस्तीफे की मांग कर रही है, लेकिन उनकी तरफ से अब तक इस्तीफा नहीं दिया गया है।

कांग्रेस ने पिछले विधानसभा सत्र के दौरान निर्मला सप्रे और रामनिवास रावत के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष से सदस्यता रद्द करने के लिए शिकायत की थी। रामनिवास रावत ने तो इस्तीफा दे दिया था, लेकिन निर्मला सप्रे ने इस्तीफा नहीं दिया था। विधानसभा अध्यक्ष को की गई शिकायत में 3 महीने बीत जाने के बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ था।

अब नियमों के अनुसार 3 महीने में फैसला नहीं होने के बाद कांग्रेस के पास कोर्ट का रास्ता साफ हो गया था। जिसके बाद कांग्रेस ने कोर्ट का रुख किया है, जिसको लेकर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। निर्मला सप्रे भाजपा दफ्तर पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने भी कई बार पहुंच चुकी है, जब उनसे सदस्यता को लेकर सवाल पूछा जाता है तो वह वक्त आने पर फैसला लेने की बात कहती हैं।

# सबकी सहभागिता से ही टीबी मुक्त होगा देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टीबी (क्षय रोग) से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। लोगों की जिंदगी बचाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान में सहभागिता कर हम सब उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। देश को टी.बी. मुक्त करने के लिए, देश के 347 जिलों में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इनमें मध्यप्रदेश के 23 जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सीहोर, सिवनी, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी की सक्रिय सहभागिता से कोई भी प्रभावित व्यक्ति टीबी की जांच और इलाज से वंचित नहीं रहेगा। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, टी.बी. का इलाज होता है, टीबी से डरने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब सक्रियता के साथ इस अभियान में भागीदारी करें। हमारे आसपास कोई भी टी.बी. की बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति हो तो उसे इस अभियान का हिस्सा अवश्य बनाएं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लोगों का जीवन बचाने के लिए आरंभ, इस अभियान में प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति एक कार्यकर्ता है।

# जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम

एडिलेड। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ये मैच दिन-रात का है और इसलिए गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इस मैच से कप्तान रोहित शर्मा औ शुभमन गिल टीम में वापसी करेंगे। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे जबकि शुभमन चोटिल होने के कारण बाहर थे। भारतीय टीम ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 295 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह दूसरे टेस्ट में भी जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को और आगे ले जाना चाहेगी। पहले टेस्ट में के एल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शानदार साझेदारी बनायी थी। इसी के बाद से ही सवाल उठ रहे थे कि कप्तान रोहित की वापसी के बाद वह पारी की शुरुआत करेंगे या राहुल और यशस्वी को ही ये जिम्मेदारी देंगे। इस का जवाब रोहित ने दिया है और कहा है कि राहुल और यशस्वी ही पारी शुरु करेंगे और वह मध्यक्रम में जरुरत के अनुसार उतरेंगे। वहीं शुभमन किया जगह पर उतरेंगे ये भी देखना होगा।



भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से उत्साहित है, इसलिए वह गुलाबी गेंद वाले इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित मध्यक्रम में कहीं भी उतरें वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और शुभमन अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे। अंगूठे की चोट से उबर कर वापसी करने वाले शुभमन

पहले टेस्ट मैच में भारत की ओर से यशस्वी और विराट कोहली ने शतक लगाये थे। अब ये दोनो इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं भारतीय गेंदबाजी विभाग में बदलाव की संभावना नहीं है। एडिलेड की पिच से हालांकि स्पिनरों को मदद मिलती रही है और विकेट का जायजा लेने के बाद उसकी स्थिति को देखकर आर अश्विन या रविंद्र जडेजा में से किसी एक को टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह पक्की मानी जा रही है।

दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलिया की राह भी आसान नहीं है। ट्रेविस हेड को छोड़कर पहले टेस्ट में उसके अन्य बल्लेबाज विफल रहे थे। ऐसे में अब इस मैच में अगर उसे जीत दर्ज करनी है तो स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की चिंता गेंदबाजी को लेकर भी है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में स्कॉट बोलैंड को शामिल किया गया है।

**दोनो ही टीमें इसस प्रकार है -**

**ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग 11 -**

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

**भारतीय टीम -**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप। प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

## बुमराह, जेनसन और राउफ आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन और पाकिस्तान के हारिस राउफ को खेल के अलग-अलग प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवंबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित किया है।

बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है।



बुमराह ने इस मैच में पहली पारी में तीन जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट के साथ ही कुल आठ विकेट लिए।

वहीं जेनसन ने टी20 और टेस्ट में अपनी टीम को सफलताएं दिलायी हैं। सेंचुरियन में विकेट लेने के अलावा, जेनसन ने सिर्फ 17 गेंदों पर 54 रनों की तूफानी पारी भी खेली। टेस्ट में जेनसन ने श्रीलंका के खिलाफ 11 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी में 7-13 विकेट शामिल थे। इसके अलावा राउफ ने पाकिस्तान के लिए छह एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलते हुए अपने बेहतरीन फॉर्म में वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और सीरीज में बराबरी के लिए अहम पांच विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में राउफ ने दो और विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष 10 विकेट लेकर पांच की इकॉनमी रेट से पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद की। राउफ ने इसके बाद की टी20 सीरीज में भी अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरे मैच में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में भी तीन विकेट लिए।

## लियोन को मार्श के दूसरे टेस्ट में खेलने की उम्मीदें



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन को उम्मीद है कि ऑलराउंडर मिशेल मार्श अपने चोट से उबर जाएंगे और भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से गुलाबी गेंद से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में गेंदबाजी करेंगे। मार्श पहले टेस्ट में चोटिल हो गये थे, ऐसे में उनका दूसरा टेस्ट में खेलना तय नहीं है। इसी को देखते हुए टीम प्रबंधन ने मार्श के विकल्प के तौर पर ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल किया है। वहीं लियोन ने कहा, ' मुझे लगता है कि हम मिचेल को गेंदबाजी करते हुए देखेंगे। मुझे मार्श की फिटनेस को कोई चिंता नहीं है। उसने जब से टेस्ट टीम में वापसी की है तभी से उसका प्रदर्शन हमारे लिए काफी अच्छा रहा है। इस गेंदबाज ने कहा, 'मैं टीम में अपनी योजना को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हूं। अगर मुझे कुछ अतिरिक्त ओवर डालने का मौका मिलता है तो इससे मुझपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। मैं इस तरह के अवसरों का लाभ उठाना चाहता हूं।

टेस्ट में 500 से ज्यादा विकेट लेने वाले लियोन का एडिलेड ओवल मैदान पर रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। उन्होंने यहां 13 मैचों में 25.26 की औसत से 63 विकेट लिए है। इसमें से सात मैच दिन-रात्रि रहे हैं'। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पिनरों के लिए शानदार स्थल है। डेमियन यहां ऐसी पिच तैयार करते है जिसमें स्पिनरों के लिए भी काफी कुछ हो। यहां बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों के लिए काफी कुछ होता है। यह दुनिया की सबसे बेहतर पिचों में से एक है।

## रोहित ही करें पारी की शुरुआत, राहुल छठे नंबर पर उतरें - गावस्कर

एडीलेड। भारतीय किकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि यहां शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से वापसी कर रहे कप्तान रोहित शर्मा को पारी की शुरुआत ही करनी चाहिये। गावस्कर ने कहा कि इसका कारण ये है कि इस मैदान की बाउंड्री छोटी है और रोहित आक्रामक बल्लेबाज हैं। वहीं पहले टेस्ट में पारी शुरु करने वाले केएल राहुल को छठे नंबर पर उतरना चाहिये। वहीं पहले टेस्ट में रोहित के नहीं होने के कारण राहुल और गंभीर ने पारी शुरु की थी। ऐसे में उनकी गैरमौजूदगी में पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में यशस्वी के साथ राहुल को पारी की शुरुआत के लिए उतारा गया था। इने दोनों ने दूसरी पारी में रिकॉर्ड 201 रन की साझेदारी कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद से ही कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना था कि दूसरे टेस्ट में भी इसी जोड़ी को पारी की शुरुआत करनी चाहिये। गावस्कर ने कहा, ' रोहित पारी शुरु करते हैं। एडिलेड ओवल में स्क्वॉयर बाउंड्रीज बहुत छोटी है जो रोहित की आक्रामक बल्लेबाजी के अनुसार फायदेमंद रहेंगी। वहीं



राहुल को ध्रुव जुरेल की जगह छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाना चाहिए। शुभमन को देवदत्त पडिक्कल की जगह तीसरे नंबर पर उतारना चाहिए।' वहीं गेंदबाजी संयोजन को लेकर कहा, ' मैं यहां के हालात देखते हुए वॉशिंगटन सुंदर को शामिल करना चाहूंगा। नीतीश कुमार रेड्डी को अंतिम ग्यारह में बरकरार रखा जाना चाहिये क्योंकि यह गुलाबी गेंद का मैच है। वह आपके चौथे तेज गेंदबाज होंगे।' गावस्कर रोहित शर्मा की फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं। रोहित ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में विफल रहे थे। गावस्कर के अनुसार रोहित काफी अनुभवी हैं और जानते हैं कि किस प्रकार खेलना है।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी - वॉन

सिडनी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि पहले टेस्ट में हार का कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी होना रहा। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के इस मैच में उन्हें कभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता नहीं दिखी थी। उनकी बल्लेबाजी में पहले वाली चमक नहीं थी। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड ओवल में 6 दिसंबर को होने वाले दिन-रात के दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से असफल रहा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये केवल ट्रेविस हेड ही कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये।





वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने शतकीय पारियों खेली। जिसके कारण मेजबान टीम को विशाल लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक गये। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम एक बार आत्मविश्वास महसूस करने के बाद बेहद खतरनाक हो जाती है और यह पर्थ में दिखाई दिया क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज और खेलने का तरीका आक्रामक था।

वॉन ने कहा, भारतीय टीम एक बहुत ही खतरनाक टीम है, खासकर जब उन्हें आत्मविश्वास मिलना शुरू होता है और मुझे लगता है कि हमने पर्थ में यह देखा था। उनके पास वह ऊर्जा और वह आक्रामक स्वभाव है, और यही एक चीज है जिसने मुझे पर्थ में हैरान कर दिया। मुझे पता है कि भारत शीर्ष पर था, लेकिन भारत एक अधिक आक्रामक टीम की तरह लग रहा था। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम की तरह लग रहा था जो बस खेल रही थी।

उन्होंने कहा, मैंने कोई आक्रामकता नहीं देखी। यशस्वी के खिलाफ बाउंसर थ्योरी नहीं देखी। मैंने मैदान पर किसी तरह का टकराव नहीं देखा। वॉन ने कहा कि शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को रिटायर्ड बल्लेबाज डेविड वार्नर की कमी खली जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर टकराव, स्लेजिंग और मजाक के माध्यम से बहुत ऊर्जा और आक्रामकता दिखाई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी उनकी गेंदबाजी की तुलना में उन्हें अधिक निराश कर रही है क्योंकि पैट कमिंस की अगुआई वाली मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन की चौकड़ी अभी भी शीर्ष टीमों को आउट कर सकती है।

## मैं किसी भी क्रम पर खेलने तैयार हूं - राहुल

एडिलेड। अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि वह अब किसी भी क्रम पर खेलने के लिए तैयार हैं। राहुल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत के लिए भेजा था जिसमें वह सफल रहे। उन्होंने दोनो ही बार टीम को अच्छी शुरुआत दी। राहुल ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव के लिए वह मानसिक रुप से तैयार हो गये हैं। ऐसे में अब वह टीम के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने तैयार हैं।

राहुल से कहा, "मैं केवल टीम में रहना चाहता हूं, जिसका मतलब है कि जहां भी मौका मिले वहां टीम के लिए, बल्लेबाजी करने के लिए, तैयार रहूं।" राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में अपना टेस्ट करियर ठीक एक दशक पहले मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में शुरू किया था। उन्होंने बाद में हालांकि सलामी बल्लेबाज की भूमिका भी निभाई है। इस बीच टेस्ट और एकदिवसीय दोनों में उनका बल्लेबाजी क्रम लगातार बदलता रहा और इसने उन्हें मानसिक तौर पर प्रभावित भी किया पर अब वह उसके लिए तैयार हैं।

इस बल्लेबाज ने कहा, "मैंने कई स्थानों पर बल्लेबाजी की है। पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। यह चुनौती तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से थी कि शुरुआती 20-



25 गेंदों को कैसे सामना करना है।" इसके अलावा कितनी जल्दी आक्रामक रूख अपना सकता हूं या मुझे कितना सतर्क रहने की जरूरत है। ये ऐसी चीजें थी जो शुरू में ही मुझे परेशान करती थी। राहुल ने टेस्ट में आठ शतक जड़े हैं। जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में दो-दो शतक के अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी एक शतकीय पारी है। इस बल्लेबाज ने कहा, " अब मुझे टेस्ट और वनडे में बल्लेबाजी क्रम में लगभग सभी जगहों पर खेलने का अनुभव है। इससे मुझे अंदाजा हो गया है कि मैं अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ा सकता हूं।"

उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों को लेकर उनके दिमाग में कुछ बातें एकदम साफ है। जैसे कि मैं चाहे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहा हूं या मध्य क्रम में अगर मैं शुरुआत में 30-40 गेंदें खेलने में सफल रहा तो सब कुछ सामान्य बल्लेबाजी जैसा लगता है। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं। राहुल ने बताया कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में सलामी बल्लेबाजी की भूमिका निभाने की संभावना के बारे में पहले ही बता दिया गया था। उन्होंने पांच मैचों की इस टेस्ट श्रृंखला से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की श्रृंखला का दूसरा मैच खेला था।

## पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ

लंदन। खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला। इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है। इस युवा को आईपीएल में कोई खरीददार नहीं मिलने का कारण फिटनेस और अनुशासनहीनता को माना जा रहा है पीटरसन ने पृथ्वी से कहा है कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफल होना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना होगा।



पृथ्वी ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था पर अब 25 साल की उम्र में वह असफल खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जिसे कोई नहीं लेना चाहता है। आईपीएल में उनकी अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर भी खरीदने बोली नहीं लगायी

इसका कारण पूर्व क्रिकेटरों के अनुसार मैदान के बाहर की उनकी नकारात्मक छवि है। पीटरसन ने 'सोशल मीडिया में लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में इस क्रिकेटर को अधिक वजन के कारण ही मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई पर वहां भी अब तक विफल रहे हैं।

## विराट और बुमराह ही नहीं पूरी भारतीय टीम हमारे निशाने पर रहेगी - लियोन

एडिलेड (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि शुक्रवार से भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट में उनकी टीम के निशाने पर केवल स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह ही नहीं बल्कि पूरी टीम रहेगी। भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट को भारतीय टीम ने 295 रन से जीता और उसमें विराट और बुमराह की अहम भूमिका रही थी। लियोन ने गुलाबी गेंद से होने वाले इस दिन-रात्रि टेस्ट से पहले कहा, 'मैं भारतीय टीम को देखता हूं तो उसमें कई सितारे हैं हालांकि क्रिकेट एक टीम गेम है और इसमें जीत के लिए सभी को बेहतर प्रदर्शन करना पड़ता है। लियोन ने कहा, ' विराट और बुमराह के अलावा भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ी भी बेहद प्रतिभाशाली हैं। वे एक बेहतरीन क्रिकेट टीम हैं। हम केवल किसी एक खिलाड़ी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं'। उन्होंने कहा, 'मैदान पर उतरने वाले हर भारतीय क्रिकेटर के लिए हमारे मन में सम्मान होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि हम प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम अपने तरीके का क्रिकेट खेलना और एक बेहतरीन टीम के खिलाफ कड़ी प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारतीय टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है।

लियोन ने कहा कि अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन तक को पहले टेस्ट में जगह नहीं मिल पायी थी। उनकी जगह ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। लियोन के अनुसार इससे पता चलता है कि उनकी टीम में किस स्तर के खिलाड़ी है।

## भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को हराकर जूनियर एशिया कप जीता

मस्कट। अराइजीत सिंह हुंदल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने यहां हुए पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल को जीत लिया है। भारतीय हॉकी टीम ने खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2004, 2008, 2015 और 2023 में भी यह खिताब जीता था। अराइजीत ने चौथे ही मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम मिनट में एक मैदानी गोल कर भारत को अच्छी खासी बढ़त दिला दी। वहीं एक अन्य गोल दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में किया। दूसरी ओर पाक की ओर से सूफियान खान ने 30वें और 39वें मिनट में दो 2 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर गोल किये जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में एक मैदानी गोल किया।

## ऑस्ट्रेलियाई ने पहले ही एकदिवसीय में भारतीय टीम को हराया

एडीलेड। मेगन शट की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहले ही एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम पहले एकदिवसीय में केवल 100 रनों पर ही सिमट गई। मेगान ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिला छोटा सा लक्ष्य मेजबान टीम ने केवल 16.2 ओवर में ही पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। 101 रनों का लक्ष्य मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल ने 46 और फोएब लिचफील्ड ने 35 रन बनाये। इनके आउट होने के बाद जॉर्जिया वॉल ने टीम को जीत दिलायी। वहीं भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 3 और प्रिया मिश्रा ने 2 विकेट लिए।

पहले एकदिवसीय मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो सही नहीं रहा। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छ नहीं रही और अनुभवी सलामी बल्लेबा स्मृति मंधाना केवल 8 रन बनाकर आउट हो गयी। इस प्रकार केवल 9 रनों पर ही भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट खो दिया। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरने लगे। 62 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद जेमिमाह रोड्रिग्स 23 और ऋचा घोष ने पारी को 89 रन तक पहुंचाया। जेमिमाह के आउट होने के बाद टीम ने अपने अंतिम 6 विकेट केवल 11 रन के अंदर खो दिये। इस तरह पूरी भारतीय टीम 34.2 ओवर में 100 रन पर ही आउट हो गयी। . जेमिमाह के अलावा हरलीन देओल ने 19 और हरमनप्रीत कौर ने 17 रन बनाए।



वहीं इनके अलावा ऋचा घोष ने 14 रन बनाये। बाकि बल्लेबाज दो अंकों तक नहीं पहुंच पायीं।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगान ने तीन जबकि एनाबेल सदरलैंड, किम गार्थ, एश्ले गार्डनर और अलाना किंग ने एक-एक विकेट लिए।

# आयुष्मान कॉर्ड बनाने में प्रगति आवश्यक - कलेक्टर मीना

## मृतक व पलायित नागरिकों की सूची जल्द अपडेट कर प्रस्तुत करना होगा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार को जिले की समस्त नगर पालिका सीएमओ, इंजिनियर एवं सब-इंजिनियर के साथ नगरीय निकायों में चल रहे विकास कार्यो की बैठक ली गई। जिसमे उन्होंने मुख्य रूप नगरीय निकायों में निवासरत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में विशेष जोर देते हुए निकायस्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने बालाघाट सीएमओ से कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयू वर्ग के जो नागरिक पलायन कर गये है उनकी पुर्ण जानकारी ले कर टारगेट को अनिवार्य रूप से पुरा करें । वहीं वारासिवनी सीएमओ को पलायन व मृतक व्यक्तियों की सूची अपडेट कर जानकारी प्रस्तूत करने के निर्देश दिए। सीएमओ बैहर से 70 वर्ष की आयू पूर्ण कर पलायन कर गये है वे किस कारण से पलायन कर गये है। उनके मोबाईल नम्बर और उनका पता क्या है, सर्वे कर पूर्ण जानकारी लेने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ से कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी



लाना अत्यंत आवश्यक है। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करे। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान स्वच्छता की दृष्टि से निकायों में सुलभ सौंचालय के साफ सफाई की सभी सीएमओ को आदेशित किया। साथ ही दीनदयाल रसोई योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना के तहत भूखेलोगो को कम दाम में स्वदिष्ट भोजन की अच्छी व्यवस्था हो। नगरीय निकाय में राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में दिये गये टारगेट को आवश्यक रूप से पुरा करें । बैठक में संयुक्त कलेक्टर केसी ठाकुर, नगरीय निकायों के सीएमओं, इंजीनियर व सब-इंजीनियर उपस्थित रहे।

### जिले में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था में ध्यान देना होगा

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाईन में पेयजल सप्लाई की शिकायत की समीक्षा करते हुए नगर में पानी सप्लाई की व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगरवासियो को पेयजल की समूचित व्यवस्था मिलती रहे। पेयजल को लेकर कोई समस्या ना हो। शिकायतकर्ता के समस्या का समाधान कराकर शिकायत जल्द ही बंद करे।

### स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े में इस तरह हुई प्रगति

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े में किये गए कार्य की समीक्षा की। समीक्षा में कहा कि नगरीय निकाय में स्वनिधि योजना का प्रचार करा कर लोगो को 10 हजार रूपये का ऋष्ण दिलवाकर योजना से हितग्राही को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्ट्रीट वेंडर योजना अंतर्गत स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े के तहत 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक जिले के नगरीय निकायों में प्रथम चरण यानी 10 हजार में कुल 510 के लक्ष्य में 353 की राशि वितरित की जा चुकी है। जिसमे प्रथम चरण में 174, द्वितीय चरण में 136 और तृतीय चरण में 43 हितग्राहियों को योजना की राशि का वितरण किया जा चुका है। ज्ञात हो कि स्वनिधि भी स्वाभिमान भी योजना के तहत प्रथम चरण में 10 हजार, द्वितीय चरण में 20 हजार एवं तृतीय चरण में 50 हजार रुपये की राशि वितरित की जाती है।

### 14206 के लक्ष्य में 4373 बने आयुष्मान कार्ड

जिले के नगरीय निकायों में अब तक कुल 14206 के लक्ष्य में 4373 के ही आयुष्मान कार्ड बनाये गए है। जिसमे कटंगी अंतर्गत 1108 के लक्ष्य में 234, बालाघाट में 7118 में 1638, वारासिवनी 2179 में 838, बैहर 977 में 403, लांजी 911 में 374 और मलाजखंड नगरीय निकाय अंतर्गत 1913 के निर्धारित लक्ष्य में केवल 886 नागरिकों के ही आयुष्मान कॉर्ड निर्मित किये गए है।

## सकारात्मक मर्दानगी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यकारी अधिकारी श्रीमति दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा में जेंडर आधारित हिंसा और जेंडर संवेदीकरण के लिए निरंतर संवाद किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सकारात्मक मर्दानगी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में किया गया। जिसके अंतर्गत सकारात्मक पुरूषत्व विषय पर प्रकाश डालते




हुए महिलाओं एवं नारियों के सशक्तिकरण, मातृ संता के बाद पितृसत्ता में आयी समाज कल्याण की भावना जैसे भावों को छात्रों के बीच में रखा गया। वहीं महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए विचार प्रस्तुत किये गये। इस दौरान महाविद्यालय की छात्रा कु. रागिनी गराडे, छात्र मोहन कनोजिया, कु. नमिता, आनंद राणा, विकास साहू के द्वारा सकारात्मक पुरूषत्व के बारे में भाषण दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कातुलकर नोडल अधिकारी उषा सिंह, डॉ. प्रशांत डहाटे एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## गौवंश का अवैध परिवहन करते वाहन हुआ जब्त, वाहन चालक फरार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। थाना प्रभारी कटंगी द्वारा 16 जून 24 को कलेक्टर मृणाल मीना को गौवंश के अवैध परिवहन के मामले में अवगत कराया गया। जिसमे अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन क्रमांक एमएच-32-एजे-8786 में गौवंश का अवैध परिवहन करना पाया गया। जिसके विरुद्ध मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,6,9 गौवंश प्रति, अधिनियम 11(1) घ, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वाहन को अधिहरण करने के पश्चात कार्यवाही न्यायालय कलेक्ट्रेड में प्रचलित है। चूंकि वाहन चालक/मालिक अज्ञात है, इसलिए नोटिस तामील कराया जाना संभव नही हो पा रहा है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर अभिवादन करने कार्यकर्ता मुंबई रवाना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट के जिलाध्यक्ष एस एल रंगारे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बोधिसत्व डॉ बाबा साहब आम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को चैत्य भूमि दादर मुंबई में मनाया जाना है। आज गुरूवार को संस्था के मप्र राज्य के अध्यक्ष चरनदास ढेंगरे, प्रदेश कार्यालय सचिव राजकपूर कामड़े एवं अन्य साथी मुंबई के लिए रवाना हुए।विदित हो कि 06 दिसंबर को चैत्य भूमि में अभिवादन सभा एवं 7 दिसंबर को संस्था की वार्षिक आमसभा एवं राष्ट्रीय बैठक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भीमराव य. आंबेडकर साहेब की अध्यक्षता में सभी आयोजन संपन्न होंगे।

## कलेक्टर ने कृषि विभाग की ली समीक्षा बैठक

### बीज निरीक्षक रहे अलर्ट, व्यवसायी का लाइसेंस निरस्त होने पर दोबारा नही मिलेगा लायसेंस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा बुधवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम रबी क्षेत्राच्छादन एवं बीज उर्वरक भण्डारण वितरण की जानकारी ली गयी। इस दौरान कृषि उपसंचालक राजेश खोबरागढ़े ने बताया कि वर्तमान में विभाग में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। साथ ही यूरिया भी वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में भंडारित है। साथ ही यह भी बताया कि 1 रेक यूरिया एवं 1 रेक डीएपी/एनपीके की मांग कर दी गयी है, जो जल्द ही जिले को प्राप्त हो जायेगी। बैठक में श्री खोबरागढ़े ने बताया कि परसवाडा एसएडीओ एमडी परते स्वास्थ्य के कारण लंबे समय के लिए छुट्टी पर है, जिनके स्थान पर श्रीमती मालती धुमकेतु (कृवि अधि) को परसवाडा एसएडीओ का प्रभार दिया गया है।



कलेक्टर श्री मीना द्वारा सभी खाद बीज उर्वरक निरीक्षक को एलर्ट रहने तथा शासन से दिये गये लक्ष्य से ज्यादा एवं समय पर पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। जिस भी व्यवसायी का खाद बीज कीटनाशक का सैम्पल लैब में जांच उपरांत अमानक स्थिति में पाया जाता है तो उस कंपनी को प्रतिबंधित कर संबंधित व्यवसायी पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। वहीं कोई भी व्यवसायी खाद/बीज/कीटनाशक नियत दर से अधिक दर पर विक्रय ना करें इसकी समय-समय पर निगरानी एवं जांच करते रहे। बैठक में निर्देर्शित किया गया कि जो भी व्यवसायी का लाईसेंस निरस्त किया जाता है उसे दोबारा लाईसेंस ना दिया जाए। लाईसेंस देने से पूर्व इसकी जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक दुकानदारों से बीज, कीटनाशक के सेम्पल लेने के लिये निर्देशित किया गया। जिले में विकासखण्डवार कितनी खाद, बीज, कीटनाशक की दुकाने है जानकारी चाही गयी। श्री खोबरागढ़े द्वारा बताया गया कि खरीफ सीजन में 16 सेम्पल अमानक पाये गये थे सभी के विक्रय प्रतिबंधित कर कार्यवाही की गयी है। शासन द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनांतर्गत स्प्रिंकलर एवं पाईपलाईन सेट का उपयोग कृषकों को बताते हुए ज्यादा से ज्यादा कृषकों को योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिये गये। उप संचालक कृषि द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की जानकारी विस्तारपूर्वक बतायी गयी। बैठक में जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, कृषि उपसंचालक राजेश कुमार खोबरागढ़े, कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, बीज निगम से पुरूषोत्तरम बिसेन एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहायक शिक्षक लखनलाल यादव के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभिनी बिदाई

किरनापुर ।शासकीय प्राथमिक शाला छोटा पाला (किरनापुर) में पदस्थ प्रभारी प्रधानपाठक के पद पर रहते हुए अपने अर्धवार्षिकी सेवा आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 30/11/2024 को सेवानिवृत्त हुए । इस अवसर पर शाला परिवार की ओर सहायक शिक्षक लखन लाल यादव को सेवा निवृत्त होने पर आज 5 दिसंबर को विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी एवं स्नेहिल विदाई दी गई इस विदाई समारोह कार्यक्रम में लखन लाल यादव जी का परिवार भी शामिल हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जी एस टेकाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर प्रमुख अतिथि रहे मुकेश सिंह चौहान जनपद सदस्य पाला कार्यक्रम की



अध्यक्षता कर रहे ग्राम सरपंच पाला श्रीमती लता उमराव चौधरी सहित विशेष अतिथि में शामिल हुए सीएल टेकाम बीआरसी किरनापुर ,आई एस ठाकरे प्रभारी प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर, एनसी परिहार प्राचार्य हाई स्कूल पाला ,एस एम सी अध्यक्ष स्नेहा लिल्हारे शासकीय प्राथमिक शाला पाला, सहायक शिक्षक घमेंद्र पुरी गोस्वामी ,सेवानिवृत शिक्षक बनोटे सर ,सेवानिवृत शिक्षक भूपेंद्र अजीत, शिक्षक धर्मेंद्र वराड़े , शिक्षक अब्दुल मुकीम कुरैशी, शिक्षक पीतम लाल पांचे , शिक्षक प्रकाश वैद्य , सचिन राणा उप सरपंच, स्कूली बच्चों सहित ग्राम के अनेक नागरिक व महिलाएं भी शामिल हुए।

## किसानों की हुई बैठक, आज नगर में निकलेगी रैली

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। भाजपा के संकल्प पत्र (मोदी की गारंटी) के मुताबिक धान का 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य और गत वर्ष की खरीदी का प्रति क्विंटल 917 रुपए बकाया बोनस प्रदान करने की मांग को लेकर बालाघाट जिले में किसान धरना प्रदर्शन कर रहे है. 02 दिसंबर से शुरू धरना प्रदर्शन चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रहा. चौथे दिन चिकमारा केप धान उपार्जन केंद्र में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने कटंगी-तिरोड़ी और रामपायली ब्रांच की समितियों के किसानों की आपातकालीन बैठक बुलाई ताकि आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की जा सकें. परंतु बैठक में अपेक्षाकृत कम संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया. जिस पर जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने नाराजगी जाहिर की और साफ कर दिया अगर किसानों का धरना प्रदर्शन को प्रत्यक्ष समर्थन नहीं मिला तो प्रदर्शन को समाप्त कर दिया जाएगा. यह लड़ाई उनकी अकेले या किसान संगठन के पदाधिकारियों की नहीं है बल्कि समूचे किसानों की है इसलिए इस लड़ाई में सभी किसानों को प्रत्यक्ष समर्थन देना होगा. उन्होंने आज बैठक के दौरान क्षेत्र के किसानों से आह्वान किया कि अब किसान अपने घर पर बैठकर अप्रत्यक्ष समर्थन देने की बजाए



प्रत्यक्ष रूप से सामने आए और धरना प्रदर्शन को समर्थन करें तभी सरकार किसानों की सुनवाई करेंगी। बैठक के दौरान उत्तेजित किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के आवास का घेराव करने पर जोर दिया लेकिन राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने विधायक निवास का घेराव करने से साफ इंकार कर दिया. जिलाध्यक्ष ने कहा कि इतनी कम संख्या में किसान मिलकर अगर कोई ऐसा कदम उठाए जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो धरना प्रदर्शन समाप्त हो जाएगा और किसानों पर पुलिसिया कार्रवाई कर दी जाएगी. इसलिए संगठन ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा. जिससे किसानों का अहित हो. उन्होंने यह भी कहा कि जब तक बड़ी संख्या में किसान अपने घरों से निकलकर धरना प्रदर्शन को समर्थन नहीं करेगा तब तक किसी भी प्रकार का घेराव नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि संगठन शुक्रवार को कटंगी में रैली निकालेगा. रैली में किसानों का संख्याबल तय करेंगा कि धरना प्रदर्शन को आगे बढ़ाना है या फिर स्थगित करना है. बता दें कि 02 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो चुकी है. लेकिन किसान उपार्जन केंद्रों में अपनी उपज लेकर नहीं जा रहे है. यानि किसान, किसान संगठनों के धरना प्रदर्शन को अप्रत्यक्ष समर्थन दे रहे है परंतु संगठन किसानों से प्रत्यक्ष सहयोग की मांग कर रहे है. बैठक के दौरान किसान संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों से कहा कि वह पार्टी की राजनीति से ऊपर उठकर अपने हितों के लिए सामने आए. वह सरकार से कोई मांग नहीं कर रहे है बल्कि सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा करने के लिए बोल रहे है। किसानों के धरना प्रदर्शन को कटंगी ब्लॉक सरपंच संघ ने अपना समर्थन दिया है. ब्लॉक अध्यक्ष उमेश पटले गुरुवार को किसान संगठन के द्वारा बुलाई बैठक में तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ शामिल हुए. उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है. किसानों ने 31 सौ रुपए का समर्थन मूल्य के चक्कर में भाजपा को वोट दिया और जिससे भाजपा ने प्रदेश से लेकर केंद्र में सरकार बनाई. उन्होंने कहा कि यह किसानों की लड़ाई है. यह भाजपा कांग्रेस की लड़ाई नहीं है. हम किसानों ने ही सत्ता सरकार बनाई है अगर हम सरकार बना सकते है तो बिगाड़ भी सकते है. उमेश पटले ने किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए सभी सरपंचों से कहा है कि वह अपने-अपने गांवों के किसानों को जागरूक करे और धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी किसानों के साथ धरने में शामिल हो।

## प्रियंका वाजपेयी ने जिले का नाम रोशन किया



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट इंग्लिश हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कु. प्रियंका वाजपेयी (2016 Pass out Batch) ने Judicial Services Examination 2024 मे 8th Rank Qualify कर जिले व स्कूल का नाम रोशन किया । दिनांक 05 दिसम्बर 2024 को बालाघाट इंग्लिश हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सेक्रेटरी व कोषाध्यक्ष श्री विश्वजीत मण्डल और जाइंट सेक्रेटरी अनीश दीवान ने कु. प्रियंका वाजपेयी को सम्मानित किया। प्राचार्य जयकुमार पिल्लई, उप प्राचार्या श्रीमती दामिनी माहुले संस्था की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कल्पना वैष्णव व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कु. प्रियंका वाजपेयी को बधाईयाँ व आर्शीवाद दिया।

### व्यक्तिगत लाभ के लिए सड़क का निर्माण करवाने का मामला-

## नांदी सरपंच-सचिव की जनपद कार्यालय में की शिकायत

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। ग्राम पंचायत का सर्वोच्च प्रतिनिधि यानी सरपंच जिसकी जिम्मेदारी अपने गांव का विकास और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना और इसके साथ ही ग्रामीणों की भलाई के लिए आवश्यक बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है. इन जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बजाए ग्राम पंचायत सरपंच सरकारी पैसों से अपने व्यक्तिगत स्वार्थ साध रहा है. ऐसा आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत नांदी के उपसरपंच और पंचों ने गुरुवार को 03 बजे जनपद पंचायत कटंगी कार्यालय पहुंचकर सरपंच चैनलाल तुरकर और सचिव राजेश भटपाई की लिखित शिकायत की है. मामला गांव में बन रही एक सीसी सड़क का है. जिसका बिना ग्राम पंचायत में प्रस्ताव लिए ही



निर्माण किया जा रहा था. 40 मीटर की यह सीसी सड़क सोसायटी के पास से सरपंच के घर तक बन रही थी. गुरूवार को सड़क का भूमि पूजन के लिए उपसरपंच और पंचों को आमंत्रित किया गया तब उन्हें सड़क निर्माण की जानकारी मिली. जिसका उपसरपंच और पंचों की तरफ से जमकर विरोध किया गया. उपसरपंच और पंचों ने शिकायत में बताया कि पंचायत में सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं लिया गया. जबकि गांव के अन्य वार्ड में नाली और सड़क निर्माण की जरूरत है. जहां निर्माण करने की बजाए सरपंच अपने घर तक सड़क का निर्माण कर रहा है। उपसरपंच रहीम खान, पंच भूमेश्वरी लेखचंद शरणागत, यशोदा सचिन मर्सकोले, कमलेश वासनिक, खुश्याल भूरे ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की. शिकायतकर्ताओं ने कहा कि यह सरकारी पैसों का दुरुपयोग और सरपंच-सचिव की मनमानी है।

## बहुजन समाज पार्टी की विचार संगोष्ठी व कार्यकर्ता सम्मलेन आज

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। बहुजन समाज पार्टी जिला बालाघाट द्वारा 6 दिसंबर 2024 को डॉ बाबा साहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन माता सावित्री फूले भवन बालाघाट में दोपहर 12 बजे से किया गया है । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय खेमराज हरिनखेडे जी जिला प्रभारी होंगे । कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला प्रभारी दीपक मेश्राम जी मुकेश कुमार जी भी उपस्थित रहेंगे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में अजब शास्त्री, उदय सिंह पंचेश्वर , दुर्गेश बिसेन, राजपाल उकेजी, रंजीत जगनाके होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. महेंद्र जिला अध्यक्ष बसपा बालाघाट मध्य प्रदेश करेंगे। कार्यक्रम के पूर्व विभिन्न मांगों को लेकर मोटरसाइकिल रैली का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन 5 बजे एसडीएम महोदय को दिया जाएगा ।

## बोरी में 47वाँ शक्ति समारोह का आयोजन 12 को

### गोंडी महासभा द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के किए जाएंगे आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। गोंडी महासभा संभाग मुख्य प्रचारक बाबा नाथेश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशक्ति के पुनीत आगमन पर बोरी दरबार के प्रांगण में 47 वॉ शक्ति समारोह का आयोजन12 दिसंबर दिन गुरूवार को ग्राम बोरी में किया गया है।जिसके तहत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।जहा 47वाँ शक्ति समारोह की शुरुवात दोपहर 12 बजे नागपुर के योगेश उइके द्वारा ध्वजारोहण के साथ कि जाएगी। जिसके उपरांत पूजा पाठ होंगी।जिसके उपरांत दिन रात के कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमेभक्ति संगीत कार्यक्रम - गीता बाई धामड़े (छोटी कुम्हारी), शारदा मण्डल बोरी, संचालक नरबद पांचे, राजकुमार मेश्राम, मनोज भजन मंडल बनियाटोला, द्वारा पेश किया जाएगा।वही सार संगीत -किरण पांचे, दयाल पांचे, दुर्गा मण्डल बोरी द्वारा होगा। वही रात्रि 9 बजे से भजन साहित्य - खेमू रनगिरे बगदरा, और अनिता परिहार देवरी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बालाघाट, जिला सिवनी ,जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ ,भोपाल ,हरियाणा सहित अन्य राज्यों से पदाधिकारी शामिल होंगे। तो वही मुख्य अतिथि परसवाड़ा विधायक मधु भगत, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल और कटंगी विधायक गौरव पारधी की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां 12 दिसंबर को आयोजित इस समारोह में उपस्थित रहने की अपील गोंडवाना महासभा अध्यक्ष पुलिस अधिकारी नागपुर देवकी बाई उईके,उपाध्यक्ष जिला सिवनी बरघाट शिक्षक रूखमणी काकोड़िया, संचालक कटंगी मानेगांव सोनूला गौतम और व्यवस्थापक बोरी निवासी सावित्री टांगसे द्वारा की गई है।

## नहलेसरा में शुरू हुआ स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। बीते कई वर्षो से भवन विहीन स्वास्थ्य केंद्र के इमारत के निर्माण की मांग को लेकर संघर्षरत जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन के प्रयासों ने आखिरकार रंग लाया है. उनके अथक प्रयासों से विकासखंड कटंगी के नहलेसरा उप स्वास्थ्य केंद्र को जिस इमारत की स्वीकृति मिली थी अब उस इमारत का गुरुवार से फिर एक बार निर्माण शुरू हो गया है. दरअसल, नहलेसरा में उप स्वास्थ्य केंद्र की इमारत के लिए पर्याप्त भूमि नहीं के कारण नहलेसरा और खमरिया पंचायत ने आपसी समन्वय स्थापित किया और ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खमरिया की हद में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पर सहमति बनी. मगर ऐसी जनचर्चा है कि अहंकार और राजनीतिक दंद्व के चलते सत्ताधारी दल के नेता ने खमरिया की सीमा में हो रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर रोक लगवा दी थी. जिस कारण ठेकेदार करीब 03 माह से ठेकेदार इमारत का निर्माण नहीं कर पा रहा था. वहीं निर्माण कार्य में रोक लगते ही ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दे रहा था और ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस बीच ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को निर्माण कार्य बंद होने की जानकारी दी. पूरा मामला संज्ञान में आते ही जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की स्वास्थ्य, महिला, और बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी से निर्माण कार्य किन कारणों से बंद है इसकी जानकारी ली और बैठक में एक प्रस्ताव लिया कि समय-सीमा में स्वास्थ्य केंद्र की इमारत का निर्माण नहीं करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए. इस पूरी कार्रवाई के बाद गुरुवार से ठेकेदार ने पुनः इमारत का निर्माण शुरू करवा दिया है. जिला पंचायत सदस्य ने जब किन कारणों से कार्य बंद था इसकी जानकारी ली गई थी तो उन्होंने कोई ठोस कारण नहीं बताया सिर्फ बैठक में हुई कार्रवाई से अवगत करवाया. इधर, निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों ने शाम 04 बजे जिला पंचायत सदस्य का आभार जताया है। विदित हो कि उप स्वास्थ्य केंद्र नहलेसरा के लिए करीब 14 वर्ष पहले ही इमारत का निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन तब पर्याप्त भूमि नहीं मिलने के कारण इमारत नहीं बन पाई. जिसके बाद जिला पंचायत सदस्य लगातार इमारत के निर्माण की मांग करती थी. आखिरकार उनकी और ग्रामीणों की की मांग पर इमारत को स्वीकृति मिली. इस बार फिर भूमि के अभाव में निर्माण पर संकट के बादल मंडरा रहे थे. ऐसे में नहलेसर और खमरिया के बीच की भूमि पर निर्माण प्रारंभ किया गया है जिससे नहलेसरा, कोड़मी, लोहमारा और खमरिया के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. बता दें कि नहलेसरा उप स्वास्थ्य केंद्र की इमारत नहीं होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आंगनवाड़ी में बैठकर ग्रामीणों को उपचार और आश्वयक सलाह प्रदान करती है. जहां पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण दवाइयां तक नहीं रखी जा सकती है. नया भवन बनने से इन तरह की समस्याओं का निराकरण होगा और केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर पांव पसार रहा सामाजिक बहिष्कार

## ग्रामीणों ने 05 लोगो का किया हुक्का पानी बंद, दुकान से सामान खरीदने, व बात करने पर लगाई रोक, जुर्माना का किया ऐलान, वारासिवनी के ग्राम एकोड़ी का मामला

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। मानव समाज आज 21वी सदी में जी रहा है। आज के इस दौर में मानव जाति जहां एक ओर चांद पर घर बसाने का दावा कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर आज भी हमारा समाज छोटी मोटी बातों में आकर सामाजिक बहिष्कार जैसे तुगलकी फरमान सुनाने से पीछे नही हट रहा है। जहां सबसे ज्यादा सामाजिक बहिष्कार ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रहा है। जहां लोग छोटी-छोटी बातों पर,किसी के भी बहकावे में आकर किसी का भी हुक्का पानी बंद कर, उसका समाज से बहिष्कार कर देते है। समाज से बहिष्कृत किए जाने का एक ऐसा ही ताजा मामला वारासिवनी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम एकोड़ी में सामने आया है। जहां वार्ड नं 2 में निवास करने वाले जय प्रकाश गनवीर ने कुछ ग्रामीणों पर उनके साथ जाति सूचक गाली गलौज कर, मारपीट करने और उनका व उनके अन्य चार साथियों का सामाजिक बहिष्कार किए जाने का आरोप लगाया है।जहां गांव में बैठक बुलाकर सामाजिक बहिष्कार का फरमान सुनाने वालो ग्रामीणो पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग फरयादी द्वारा की गई है।जिन्होंने अपनी इसी मांग को लेकर गुरुवार को एसपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जांच कर उन्हें इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है।



### एफआईआर दर्ज होने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

उक्त मांग को लेकर अपने परिजनों व संगठन पदाधिकारी के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत एकोड़ी वार्ड नंबर 2 के ग्रामीण फरयादी जयप्रकाश गनवीर ने बताया कि उन्हें मकान निर्माण करने के लिए शासन द्वारा भू स्वामी अधिकार पत्र जारी किया गया है। जिसका पट्टा मिलने पर वे उक्त स्थान में अपने मकान का निर्माण कार्य कर रहे हैं। लेकिन किसी ग्रामीण व उनके अन्य साथियों ने मकान निर्माण पर रोक लगा दी है साथ ही 23 नवंबर को गांव में एक बैठक का आयोजन कर उन्हें सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौज कर जातिगत रूप से अपमानित करने का काम किया गया है।जहा गाली देने से मना करने पर उन्होंने उनके साथ मारपीट भी की है। जिसपर उन्होंने वारासिवनी थाने में 23 नवंबर को ही संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा सम्बधितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है लेकिन संबंधितों पर अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। आवेदक द्वारा बताया गया कि कुछ ग्रामीण उनके पट्टे वाली भूमि को अपनी भूमि बता रहे हैं जबकि तहसीलदार पटवारी ने उनकी भूमि का नाप झौक कर हमारे पट्टे की भूमि अलग करके दिया है। बावजूद इसके भी कुछ ग्रामीणों द्वारा मकान निर्माण को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। वही मकान निर्माण में रोक लगाई गई है। आज गुरुवार को भी एक बैठक का आयोजन कर उनका और उनके चार साथियों का समाज से हुक्का पानी बंद कर दिया गया है। जिसकी शिकायत लेकर वे एसपी कार्यालय आए हैं।

### 5 लोगों का कर दिया हुक्का पानी बंद - गनवीर

फरियादी जयप्रकाश गनवीर ने आगे बताया कि इसी विवाद को लेकर गुरुवार को भी गांव में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें उन्हें और उनके पक्ष में गवाही देने वाले प्रकाश गणवीर, हितेश पथिये,अमन गजबीए, और सुजीत मेश्राम का हुक्का पानी बंद करने का फरमान सुनाया है। जिसमें ग्रामीणों को हमसे बात न करने, किराना दुकान से सामान ना देने का फरमान सुनाते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 5000 रु का जुर्माना लगाने की भी बात कही है। वही हम 5 ग्रामीणों का हुक्का पानी बंद कर दिया गया है। अब हमें गांव में कोई भी समान नहीं दे रहा है। जिसके चलते वे एसपी कार्यालय आए हैं। उन्होंने उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दर्ज एफआईआर के आधार पर वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें इंसाफ दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### इनका कहना है

ग्राम में एक बैठक का आयोजन किया गया था यह बैठक किसानों के विषय को लेकर रखी गई थी कि किसान अपनी उपज समिति लेकर जाए या नहीं जायें। जो 3100 को लेकर सरकार ने वादा किया था इस पर सभी किसानों के द्वारा चर्चा की गई इसके बाद बैठक खत्म हो गई। वर्तमान में सभी पढ़े लिखे हैं कानून से बड़ा कोई नहीं है इसके पहले एक पानी टंकी का विषय आया था तो इस शिकायतकर्ता के द्वारा पांच व्यक्तियों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। यह जो बैठक कर गांव से बहिष्कार करने जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं यह सभी आरोप निराधार है।

**मनोज हरिनखेंडे**
**एकोडी निवासी**

# ट्रेन की चपेट में आने से 36वीं बटालियन के जवान की मौत

## नगर के भटेरा चौकी शिव मंदिर रेलवे ट्रैक का मामला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । गुरुवार की सुबह नगर के भटेरा चौकी शिव मंदिर परिसर स्थित रेलवे ट्रैक पर उस वक्त हंगामा मच गया जब गोंदिया-कटंगी ट्रेन की चपेट में आने से 36 वी बटालियन के एक बर्खास्त जवान की मौत हो गई। मृतक का नाम थाना तिरोड़ी वार्ड नं 1 निवासी 43 वर्षीय विनोद पिता शिवचरण खरोले बताया गया है।जिसकी जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की, वही मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जहां कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। वहीं अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परिजनों के बयान दर्ज कर जाफौ 174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वही इस पूरे मामले की जांच कोतवाली पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।



### करीब 7 माह पहले एसपी ने किया था नौकरी से बर्खास्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरोड़ी वार्ड नं 1 निवासी विनोद खरोले कनकी स्थित 36 वी बटालियन में पदस्थ था। जिनकी पत्नी आशा खरोले बिरसा ब्लॉक में शिक्षिका है। बताया जा रहा है कि विनोद खरोले की एक बेटी है जो कक्षा आठवीं की छात्रा है वह भी अपनी मां शिक्षिका आशा के साथ रहती है।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार विनोद खरोले का ससुराल भटेरा चौकी शिव मंदिर के पास ही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पिछले कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी।वही शराब का आदि होने व किसी कारणवश पुलिस अधीक्षक ने उन्हें करीब 06- 07 माह पूर्व नौकरी से बर्खास्त किया था। इसके बाद से ही वह ससुराल में रह रहा था।वही आसपास एरिया में घूमते रहता था।जिसकी गोंदिया कटंगी ट्रेन की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह मौत हो गई।

### रेलवे पटरी पर सर रख सोया हुआ था विनोद

हालांकि जवान की मौत कैसे हुई फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि सुबह गोंदिया से कटंगी जाने के लिए ट्रेन बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची थी।जहां से यह ट्रेन करीब 5.55 बजे कटंगी के लिए रवाना हुई थी। बताया जा रहा है की विनोद ससुराल के समीप भटेरा शिव मंदिर के पीछे रेलवे ट्रेक पर सर रखकर सोया हुआ था। बालाघाट रेलवे स्टेशन से छूटने के बाद यह ट्रेन भटेरा रेलवे क्रासिंग के आगे बढ़ी ही थी, कि भटेरा चौकी से करीब 300 मीटर दूरी पर बूढ़ी शिव मंदिर के पीछे रेलवे ट्रैक पर सर रखकर सोया विनोद, ट्रेन की चपेट में आ गया।जहा विनोद का सर धड़ से अलग हो गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को दी मामले की सूचना

उधर हादसे के तुरंत बाद ट्रेन के ड्राइवर ने घटनास्थल पर ट्रेन रोक दी। वही इस पूरे मामले की जानकारी से बालाघाट रेलवे स्टेशन प्रबंधक को अवगत कराया। जहां मामले की सूचना मिलने पर स्टेशन प्रबंधक ने मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी।उधर स्टेशन मास्टर से मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर ,मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।जहां कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।वही कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### हादसा या आत्महत्या स्पष्ट नहीं

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हादसा है या आत्महत्या। लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा जवान के आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई आ रही है।

### मामले की जांच जारी है- पंचेश्वर

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान कोतवाली थाना एएसआई दिनेश पंचेश्वर ने बताया कि मृतक विनोद खरोले वार्ड नंबर 1 तिरोड़ी का रहने वाला था। जो वर्तमान में बूढ़ी में निवास कर रहा था। 6-7 महीने पहले वह 36 वी बटालियन में कार्यरत थे।शराब का आदी होने के चलते एसपी बालाघाट ने उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।जिसके बाद से ही वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। आज गुरुवार को रेलवे ट्रैक पोल नंबर1045/12 के पास, ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।कोतवाली पुलिस द्वारा मामले को जांच में लिया गया है। जिसकी जाँच जारी हैं।

# साईं इंटरनेट कैफे के संचालक दुर्गा सहारे ने अपने घर में लगाई फांसी

## जिला अस्पताल आते समय हुई मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । यातायात पुलिस थाना के सामने साईं इंटरनेट कैफे के नाम से संचालित दुकान के संचालक दुर्गा प्रसाद पिता मायाराम सहारे 46वर्ष ने अपने शांति नगर स्थित मकान में फांसी लगा ली। जिसकी जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। यह घटना 5 दिसंबर को दोपहर में हुई। इस व्यक्ति ने किस वजह से फांसी लगाई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव जिला अस्पताल की फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है। जिसका पोस्टमार्टम 6 दिसंबर को किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 4 शांति नगर में दुर्गा प्रसाद सहारे अपने परिवार के साथ रहते हैं जिनके परिवार में पत्नी संध्या सहारे और बच्चे हैं। जिनकी काली पुतली चौक समीप यातायात पुलिस थाना के सामने साईं इंटरनेट कैफे के नाम से दुकान है। जिसका संचालन दुर्गा प्रसाद सहारे अपनी पत्नी संध्या सहारे के साथ करते थे। 5 दिसंबर को दुर्गा प्रसाद सहारे अपने घर में थे और उनकी पत्नी संध्या सहारे इंटरनेट कैफे में थी। दोपहर 3 बजे करीब मोहल्ले के लोगों ने दुर्गा प्रसाद सहारे के मकान के सामने का दरवाजा अंदर से बंद देखें । शंका होने पर मोहल्ले की महिला धनवंती उइके, सुनीता हटेवार सहित अन्य लोगों ने मकान की वेंटीलेशन से अंदर देखें । दुर्गा प्रसाद सहारे फांसी पर लटके हुई थे। खबर मिलते ही मोहल्ले पड़ोस के लोग जमा हो गए और संध्या सहारे को फोन करके बताएं। संध्या सहारे तुरंत अपने घर पहुंची मोहल्ले वालों ने दरवाजा तोड़े और अंदर जाकर देखें दुर्गा प्रसाद सहारे नीचे गिरे पड़े हुए थे उनके गले में गमछा बांध हुआ था और जो बेहोश की हालत में थे। तुरंत मोहल्ले के एक चिकित्सक को बुलाकर चैक करवाये उन्होंने दुर्गा प्रसाद सहारे को तुरंत ही जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। 4.30 बजे करीब दुर्गा प्रसाद सहारे को जिला अस्पताल लाया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए। संभवत दुर्गा प्रसाद सहारे की घर में ही मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस ने मौके की कार्रवाई करने के बाद दुर्गा प्रसाद सहारे के शव को जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है। जिसका पोस्टमार्टम 6 दिसंबर को किया जाएगा । दुर्गा प्रसाद सहारे ने किस वजह से फांसी लगाई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है ।



# ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवारी युवा घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । कोतवाली क्षेत्र में आने वाले बैहर रोड देवटोला के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया । यह युवक सुभाष पिता शंकर नेवारे 21 वर्ष भरवेली निवासी बताया गया है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष नेवारे भरवेली माइंस में प्राइवेट में काम करता था। 5 दिसंबर की शाम 5.30 बजे करीब सुभाष मोटरसाइकिल में भरवेली से बालाघाट आ रहा था तभी देव टोला स्थित ओजस स्कूल के सामने बालाघाट की ओर से जा रहे मिनी ट्रक ने सुभाष की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस वाहन की ठोकर से सुभाष मोटर साइकिल सहित गिर गया और घायल बेहोश हो गया था। खबर मिलते ही सुभाष के परिचित मौके पर पहुंचे और घायल सुभाष को वहा से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले ने घायल बेहोश सुभाष के साथी ध्रुव मानकर का बयान लेकर अस्पताल तहरीरअग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।



# कीटनाशक के प्रभाव में आने से युवक अस्वस्थ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहगांव धपेरा में खेत में कीटनाशक की दवा छिड़काव करते समय एक युवक कीटनाशक के प्रभाव में आने से अस्वस्थ हो गया। युवक तुकेश पिता मुकेश बरैया 22 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुकेश बरैया अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है और वह दो भाई एक बहन है। बड़े भाई कमलेश और बहन की शादी हो चुकी है। 4 दिसंबर की शाम 5 बजे तुकेश बरैया अपने खेत में लगी तुवल की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने खेत गया था। तुवल की फसल में पंप से कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय अचानक तुकेश बरैया को चक्कर आने लगा। इसके बाद शाम 6 बजे तुकेश बरैया घर पहुंच कर पलंग में सो गया था ।जिसे उसके बड़े भाई कमलेश बरैया ने पूछा तब उसने फसल में कीटनाशक का छिड़काव करते समय चक्कर आने के संबंध में बताया। इसके बाद तूकेश बरैया को उसके बड़े भाई कमलेश बरैया ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट